राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com

# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 135, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली गुरुवार 30 नवंबर 2023, मूल्य : 2 /-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334




## मुख्य अपडेट

चीफ सेक्रेटरी बने रहेंगे नरेश कुमार, सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र के फैसले पर लगाई मुहर

.... पेज 03

ये डबल इंजन की सरकार है, ये कहती नहीं करके दिखाती है: सीएम योगी

.... पेज 05

अगर टेस्ट टीम में चुना जाता है तो वह आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखेंगे : मिचेल मार्श

.... पेज 07

विरोध प्रदर्शन




नई दिल्ली के सिविक सेंटर में स्थायी समिति और वार्ड समिति के गठन की मांग को लेकर तख्तियां लेकर भाजपा पार्षदों ने विरोध प्रदर्शन किया।

# चीन में फैली फेफड़े फुलाने वाली बीमारी, भारत में अलर्ट

## बच्चों पर इसका असर सबसे ज्यादा; राजस्थान-हरियाणा सहित 6 राज्यों में एडवाइजरी जारी

नई दिल्ली। चीन में फेफड़े फुलाने वाली रहस्यमयी बीमारी को लेकर केंद्र सरकार ने राजस्थान, कर्नाटक, गुजरात, उत्तराखंड, हरियाणा और तमिलनाडु को अलर्ट जारी किया है। इसके बाद राज्य सरकारों ने हेल्थ डिपार्टमेंट को सांस से जुड़ी बीमारी के मरीजों के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया है।

राज्य सरकारों ने लोगों के लिए भी एडवाइजरी जारी की है। इसमें लोगों को भीड़-भाड़ वाली जगहों पर मास्क का इस्तेमाल करने की सलाह दी गई है। पीडियाट्रिक यूनिट्स में बच्चों के इलाज के लिए पूरी व्यवस्था करने को कहा गया है।

चीन में रहस्यमयी बीमारी का असर सबसे ज्यादा बच्चों पर हो रहा है। तेज बुखार के साथ फेफड़े फुला देने वाली इस बीमारी की वजह से हर रोज करीब 7 हजार बच्चे अस्पताल पहुंच रहे हैं। एक्सपर्ट का कहना है कि कोरोना की तरह ये बीमारी भी संक्रामक है।



केंद्र सरकार ने 24 नवंबर को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को एडवाइजरी जारी की थी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने बताया कि भारत में चीन की रहस्यमयी बीमारी का एक भी मामला अभी सामने नहीं आया है। सरकार इस पर बारीकी से निगरानी कर रही है।

### कोरोना की जानकारी देने प्लेटफॉर्म ने अलर्ट जारी किया

प्रो-मेड नाम के एक सर्विलांस प्लेटफॉर्म ने 15 नवंबर को चीन में रहस्यमयी बीमारी को लेकर दुनियाभर में अलर्ट जारी किया था। प्रो-मेड ने कोरोना को लेकर भी दिसंबर 2019 में एक अलर्ट जारी किया था। ये प्लेटफॉर्म इंसानों और जानवरों में फैलने वाली बीमारियों की जानकारी रखता है।

हालांकि, प्लेटफॉर्म ने ये नहीं बताया कि ये बीमारी सिर्फ बच्चों तक सीमित है या युवाओं और बुजुर्गों को भी अपनी चपेट में ले रही है। इस बीमारी ने कब फैलना शुरू किया, ये भी पता नहीं चल पाया है।

### नए वायरस से बीमारी फैलने की बात से चीन का इनकार

23 नवंबर को चीनी मीडिया ने स्कूलों में रहस्यमय बीमारी फैलने की जानकारी दी थी।

चीन ने बताया कि पीड़ित बच्चों में फेफड़ों में जलन, तेज बुखार, खांसी और जुकाम जैसे लक्षण दिखाई दे रहे हैं। बीमारी को फैलने से रोकने के लिए स्कूलों में छुट्टी कर दी गई।

चीन के नेशनल हेल्थ कमीशन ने कहा कि पिछले साल दिसंबर में कोरोना के कारण लगाई गई पाबंदियां हटा ली गई थीं। इसके कारण फिर से बीमारी फैल रही है। हालांकि, चीन सरकार ने इन दावों को खारिज किया।

चीन की हेल्थ अथॉरिटी का कहना है कि ये सामान्य निमोनिया बीमारी है। नई बीमारी या दूसरे बैक्टीरिया या वायरस का संक्रमण नहीं है। इस वक्त चीन में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। कोरोना की पाबंदियां हटने के बाद ये सीजन की पहली ठंड है। सर्दियों में वायरल बीमारियों के फैलने का खतरा ज्यादा रहता है।

# हेट स्पीच पर कार्रवाई करो, नहीं तो मामलों की बाढ़ आ जाएगी

## भारत जैसे बड़े देश में समस्याएं तो होंगी ही

**एजेंसी**

नई दिल्ली। हेट स्पीच को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर से बेहद सख्त टिप्पणी की है। कोर्ट ने बुधवार को कहा कि सभी प्रकार के नफरत भरे भाषणों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। फरवरी में नफरत फैलाने वाले भाषणों पर अंकुश लगाने के लिए एक तंत्र बनाने की मांग करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करने के लिए शीर्ष अदालत सहमत हो गई है। नफरत भरे भाषणों के कई उदाहरणों का हवाला देते हुए व्यक्तियों और समूहों द्वारा दायर आवेदनों पर सुनवाई करते हुए, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा, हम नफरत फैलाने वाले भाषणों से होने वाली समस्या की पूरे देश भर में निगरानी नहीं कर सकते। भारत जैसे बड़े देश में समस्याएं तो होंगी ही। लेकिन सवाल यह पूछा जाना चाहिए कि क्या हमारे पास इससे निपटने के लिए कोई प्रशासनिक तंत्र है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति एस. वी. एन भट्टी की पीठ ने कहा कि नफरत फैलाने वाले भाषण को अदालत ने परिभाषित किया है और सवाल कार्यान्वयन और यह समझने का है कि इसे कैसे लागू किया जाए। मामले को अगले साल फरवरी में सुनवाई के लिए स्थगित करते हुए, पीठ ने कहा, समाज को पता होना चाहिए कि अगर किसी कानून का उल्लंघन किया जाता है, तो उसके बाद कार्रवाई होगी।



# मोदी गुरुवार को महिला किसान ड्रोन केंद्र का करेंगे शुभारंभ

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को सुबह 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से बातचीत करेंगे और प्रधानमंत्री महिला किसान ड्रोन केंद्र का शुभारंभ करेंगे। मोदी इसी कार्यक्रम में जनऔषधि केंद्रों की संख्या ढाईगुना करने के कार्यक्रम का देवघर से शुभारंभ भी करेंगे।

प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार यह केन्द्र महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को ड्रोन प्रदान करेगा। इस योजना के तहत अगले तीन वर्षों के दौरान महिला स्वयं सहायता समूहों को 15,000 ड्रोन उपलब्ध कराए जाएंगे। ताकि वे इस तकनीक का उपयोग आजीविका सहायता के लिए कर सकें। महिलाओं को ड्रोन उड़ाने और उपयोग करने के लिए आवश्यक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस कार्यक्रम के प्रस्ताव को मंगलवार को बाकायदा मंजूरी दी। सरकार का मानना है कि यह योजना कृषि क्षेत्र में प्रौद्योगिकी के उपयोग को प्रोत्साहित करेगी।

## पन्नू के मामले में जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई करेगा भारत

नयी दिल्ली। भारत ने न्यूयॉर्क स्थित खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या के प्रयास को लेकर अमेरिका द्वारा दी गई जानकारी की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय समिति गठित की है और भारत सरकार उसकी रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई करेगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने आज यहां मीडिया के एक सवाल के जवाब में कहा, हम पहले ही कह चुके हैं कि द्विपक्षीय सुरक्षा सहयोग पर अमेरिका के साथ चर्चा के दौरान, अमेरिकी पक्ष ने संगठित अपराधियों, बंदूक चलाने वालों, आतंकवादियों और अन्य लोगों के बीच सांठगांठ से संबंधित कुछ इनपुट साझा किए थे।

# पैगंबर के अपमान का आरोप, एनआईटी श्रीनगर बंद

## एकेडेमिक एक्टिविटी नहीं होंगी, पोस्ट करने वाले छात्र को छुट्टी पर भेजा

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में एक स्टूडेंट्स के सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर बुधवार को नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी श्रीनगर बंद कर दिया गया है। छात्र पर अपने पोस्ट में पैगंबर मोहम्मद का अपमान करने का आरोप है।

एनआईटी के अन्य छात्रों ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर संस्थान में मंगलवार को प्रदर्शन शुरू कर दिया था। इसके बाद एनआईटी श्रीनगर के प्रभारी रजिस्ट्रार अतीकुर्रहमान ने संस्थान में अगले आदेश तक सभी एकेडेमिक एक्टिविटीज बंद करने का नोटिस जारी कर दिया।



छात्रों ने शहर के निगीन इलाके में स्थित संस्थान के दोनों गेटों को बंद कर दिया और परिसर के अंदर नारे लगाए। मामले को लेकर बुधवार को एनआईटी के अलावा श्रीनगर के अमर सिंह कॉलेज और डाउन टाउन इलाके में स्थित इस्लामिया कॉलेज के छात्रों ने भी प्रदर्शन किया। आरोपी छात्र को संस्थान ने छुट्टी पर भेज दिया है।

### पुलिस ने कहा- वीडियो यूट्यूब से लिया गया

कश्मीर पुलिस के आईजी वीके विर्दी ने मंगलवार को कहा- पुलिस को एनआईटी परिसर में छात्रों द्वारा विरोध प्रदर्शन के बारे में सूचना मिली थी। जांच में पता चला कि एक छात्र ने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट की थी। हालांकि वीडियो छात्र का नहीं था, बल्कि यूट्यूब से लिया गया था। विर्दी ने कहा कि पोस्ट की सामग्री ने लोगों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। पुलिस को एनआईटी रजिस्ट्रार से एक लिखित शिकायत मिली है।

### पुलिस ने केस दर्ज किया

इधर, श्रीनगर की निगीन पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एक अधिकारी ने बताया कि इस मामले में सेक्शन 153 और सेक्शन 295 के तहत केस दर्ज किया गया है। इसमें सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए सांप्रदायिक तनाव और वैमन्यस्यता फैलाने का आरोप है।

# 69 हजार शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थी सड़क पर उतरे

## विधानसभा की तरफ आगे बढ़ने पर पुलिस ने जबरन हटाया, इको गार्डन पर ले जाकर छोड़ा

▸ विधानसभा का घेराव करने जा रहे अभ्यर्थियो को पुलिस ने हुसैनगंज में रोका तो सभी सड़क पर लेट गए

लखनऊ। विधानसभा कूच कर रहे 69000 शिक्षक भर्ती अभ्यर्थियों और पुलिस के बीच हुई नोकझोंक में कई घायल हो गए। 9 घायलों का उपचार लोकबंधु अस्पताल में कराया गया। विधानसभा का घेराव करने जा रहे अभ्यर्थियो को पुलिस ने हुसैनगंज में रोका तो सभी सड़क पर लेट गए। पुलिस ने सड़क से जबरन उठाया और गाड़ी में बैठा लिया। धक्कामुक्की और सड़क पर लेटे अभ्यर्थियों को खींचे जाने के कारण कई को चोटे आईं। बुधवार सुबह तकरीबन नौ बजे चारबाग से सैकड़ों अभ्यर्थी विधान सभा की तरफ कूच कर गए। जानकारी होने पर पुलिस ने हुसैनगंज चौराहे के पास बेरीकेडिंग लगाकर अभ्यर्थियों को रोक दिया। अभ्यर्थियों को इको गार्डन भेजने के लिए पुलिस बल को काफी मशक्कत करनी पड़ी। धक्का मुक्की, पुलिस द्वारा अभ्यर्थियों को घसीटे जाने से कई अभ्यर्थियों को चोटे आयीं। जिनमें महिला अभ्यर्थी भी शामिल थी। नौ चोटिल अभ्यर्थियों को अस्पताल भी ले जाया गया है।सभी नियुक्त दो या मुक्ति दो नारे लिखी तख्तियां लिए हुए थे। हुसैनगंज में विकासदीप बिल्डिंग के पास से पुलिस से तीखी झड़प हुई। पुलिस बल को देखते ही अभ्यर्थी नारे लगाने लगे। पुलिस ने अभ्यर्थियों को हटने के लिए कहा लेकिन कोई नहीं हटा। इसके बाद पुसिस ने सड़क पर लेटे बेरोजगारों को घसीटना शुरू कर दिया।



## 81.35 करोड़ लोगों को पांच वर्ष तक निशुल्क अनाज को स्वीकृति

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 11.80 लाख करोड़ रुपए के प्रावधान से 81. 35 करोड़ लोगों को अगले पांच वर्ष तक निशुल्क अनाज देने की प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) को स्वीकृति दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंगलवार को यहां केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इससे आशय के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। इस योजना के विस्तार की घोषणा प्रधानमंत्री ने पिछले दिनों की थी। मूल रुप से यह योजना कोविड काल में आरंभ की गयी थी। नये रुप में यह योजना अगले वर्ष एक जनवरी से आरंभ होगी।

# बेगूसराय में स्कूल वैन में 2 बच्चियों से रेप

## नर्सरी में पढ़ती हैं दोनों, कहा- ड्राइवर अंकल ने गलत काम किया, वीडियो भी बनाया

बेगूसराय। बिहार के बेगूसराय जिले में ड्राइवर ने 5 साल की दो बच्चियों से स्कूल वैन में रेप किया। एक बच्ची ने पूरी घटना अपने परिवार को बताई। उसने बताया कि वैन के अंकल ने गलत काम किया। वीडियो भी बनाया है।

गुस्साए लोगों ने वैन को फूंक दिया। पुलिस ने आरोपी ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। बच्चियों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। दोनों बच्चियां प्राइवेट स्कूल में नर्सरी क्लास में पढ़ती हैं।

### 2 घंटे बाद घर लेकर पहुंचा

जिले के वीरपुर थाना इलाके में प्राइवेट स्कूल में दोनों बच्चियां पढ़ती थीं।



स्कूल नर्सरी से आठवीं तक है। मंगलवार की दोपहर 2 बजे स्कूल की छुट्टी हुई। ड्राइवर वैन में करीब 15 बच्चों को लेकर निकला।

दूसरे बच्चों को घर छोड़ने के बाद वैन में सिर्फ दोनों ही रह गई थीं। बच्ची के मुताबिक, ड्राइवर ने रास्ते में सुनसान जगह पर वैन रोकी। वैन के अंदर दोनों के साथ रेप किया। करीब चार बजे उसने दोनों बच्चियों को घर छोड़ा।

### बच्ची ने कहा- अंकल ने गलत काम किया

स्कूल से बच्चियों का घर 4 किलोमीटर पर है। दोनों का घर आसपास ही है। बच्चियां दोपहर ढाई बजे तक घर पहुंच जाती थीं, लेकिन मंगलवार को 4 बजे पहुंचीं। बच्चियों के कपड़ों पर खून लगा था। परिवार वालों ने इसकी वजह पूछी तो एक बच्ची ने पूरी घटना की जानकारी दी। उसने कहा कि वैन के अंकल ने गलत काम किया है। उन्होंने वीडियो भी बनाने की बात कही। इसके बाद घर वालों ने ड्राइवर को ढूंढना शुरू किया। शाम 5 बजे गांव वालों की मदद से ड्राइवर सिकंदर राय को पकड़ लिया।

# मणिपुर के सबसे पुराने विद्रोही गुट 'यूएनएलएफ' ने हिंसा छोड़ी

## केंद्र से शांति समझौता किया, 16 दिन पहले बैन को 5 साल बढ़ाया था

**नई दिल्ली**। मणिपुर के सबसे पुराने विद्रोही आर्म्ड ग्रुप यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट ने बुधवार को दिल्ली में शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह ग्रुप हिंसा छोड़कर मुख्यधारा में शामिल होने पर सहमत हो गया है। यूएनएलएफ ने यह फैसला केंद्र सरकार की ओर से ग्रुप पर कई साल पहले लगे बैन को पांच साल बढ़ाने के बाद लिया।

दरअसल, केंद्र सरकार ने 13 नवंबर 2023 को मणिपुर के एनएलएफ सहित कुल पांच उग्रवादी ग्रुप्स पर लगे बैन को पांच साल बढ़ा दिया था। साथ ही पांच अन्य उग्रवादी ग्रुप्स पर भी पांच साल का बैन लगाया था।



यह बैन इनकी राष्ट्र विरोधी गतिविधियों और सुरक्षा बलों पर घातक हमले करने के कारण लगाया गया। ये ग्रुप मणिपुर में एक्टिव हैं। यह बैन 13 नवंबर 2023 से ही लागू हो गया था। गृह मंत्रालय ने यूएपीए के तहत एक ट्रिब्यूनल बनाया है, इसमें गुवाहटी हाईकोर्ट के जस्टिस संजय कुमार मेधी शामिल हैं।

सड़क हादसा

## 4 लोगो की हालत गंभीर; हरियाणा के पलवल से बारात मथुरा आई थी

# टैंपो ट्रैवलर की ट्रक से टक्कर, हादसे में चार लोगो की हुई मौत

मथुरा। मथुरा में आगरा-दिल्ली नेशनल हाईवे पर मंगलवार देर रात टैंपो ट्रैवलर आगे चल रहे ट्रक में घुस गया। हादसे में दूल्हे के रिश्ते में बाबा, चाचा, फूफा और चचेरे भाई समेत चार लोगों की मौत हो गई। जबकि अन्य चार की हालत गंभीर है। हादसा इतना भयानक था कि ट्रैवलर के आगे का हिस्सा पूरी तरह से डैमेज हो गया। आधी गाड़ी के चिथड़े उड़ गए। हरियाणा के पलवल से बारात मथुरा आई थी। शादी से लौटने के दौरान ये हादसा हुआ है। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। घायलों को पलवल और मथुरा के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। घटना थाना कोसी कलां क्षेत्र की है। सभी मृतक और घायल पलवल के रहने वाले हैं। हरियाणा के रहने वाले कल्लू के दो बेटों कृष्ण और कैलाश की शादी तीन महीने पहले मथुरा के गिरिराज के बेटी से तय हुआ था। मंगलवार को 80 किमी की दूरी तय करके बारात मथुरा के उमराया गांव पहुंची। दोनों पक्ष हंसी खुशी द्वारा पूजा का कार्यक्रम हुआ। जयमाल के दौरान लोगों ने दुल्हन को आशीर्वाद दिए। इसके बाद खाना खाने का कार्यक्रम शुरू हुआ। सभी बाराती खाना खाने लगे।



शादी समारोह में पहुंचे दूल्हे के फूफा रोहताश भी शामिल होने अपनी गाड़ी से दिल्ली से आए थे। वह खुद दिल्ली ट्रैवल एजेसी में काम करते है। खाना खाने के बाद रोहताश घर जाने की बात दूल्हे के पिता से कही। उनके परमिशन पर रोहताश बारात से निकलने लगे। तभी बारात में शामिल होने गए 15 लोग भी उन्हीं की गाड़ी से लौटने लगे। बारात स्थल से तकरीबन दो किलोमीटर जाने पर हादसा हो गया। इसमें दूल्हे के रिश्ते में बाबा श्याम लाल, दूल्हे के चाचा दलवीर, दूल्हे के फूफा चुन्नी लाल, दूल्हे के चचेरे भाई ध्रव की मौत हो गई। जबकि मोहित, रोहतास, रोहन और नवीन घायलों का इलाज चल रहा है।

### एसपी बोले- ट्रक की तलाश तेज

एसपी देहात त्रिगुण विषेन ने बताया, देर रात कोसी क्षेत्र में टैंपो ट्रैवलर और ट्रक की भिड़ंत हो गई। हादसे में 8 लोग घायल हो गए। जिसमें चार की इलाज के दौरान मौत हो गई। ट्रक की तलाश की जा रही है। मृतकों का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

## शार्ट न्यूज

### पुलिस ने एनआईटी छात्र के सोशल मीडिया पोस्ट का लिया संज्ञान, प्राथमिकी दर्ज

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एनआईटी) के एक गैर-स्थानीय छात्र की ओर से कथित रूप से निंदनीय सोशल मीडिया पोस्ट के खिलाफ विरोध प्रदर्शन एनआईटी और अन्य कॉलेजों में फैलने के बीच जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बुधवार को संज्ञान लेते हुए इस मामले प्राथमिकी दर्ज कर ली। नगीन थाना में धारा 295 ए (जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण कार्य, किसी भी वर्ग की धार्मिक भावनाओं को उनके धर्म या धार्मिक विश्वासों का अपमान करके अपमानित करने का इरादा), 153 ए (धर्म, जाति,जन्म स्थान, निवास, भाषा, आदि, और सद्भाव के रखरखाव के लिए प्रतिकूल कार्य करने के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना) तथा भारतीय दंड संहिता की धारा 153 (दंगा भड़काने के इरादे से जानबूझकर उकसाना) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने लोगों से अफवाह या गलत सूचना फैलाने से बचने की अपील की। पुलिस प्रवक्ता ने कहा,उन्हें असामाजिक तत्वों के झूठे प्रचार का शिकार नहीं बनना चाहिए। जो लोग उत्तेजक कृत्य/उकसाने में शामिल पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने कहा कि एनआईटी अधिकारियों से सूचना प्राप्त होने पर मामला दर्ज किया गया।

### सीमावर्ती इलाकों से ढाई किग्रा हेरोइन बरामद

जालंधर। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पिछले 24 घंटों दौरान पंजाब के अमृतसर, तरनतारन और गुरदासपुर जिले से दो किलो पांच सौ ग्राम हेरोइन बरामद की है। बीएसएफ के जनसंपर्क अधिकारी ने बुधवार को बताया कि बुधवार सुबह प्रतिबंधित वस्तुओं की एक खेप की उपस्थिति के बारे में विशेष जानकारी पर, बीएसएफ और पंजाब पुलिस द्वारा अमृतसर के रानियां गांव में एक संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया गया था। उन्होंने बताया कि तलाशी के दौरान, सैनिकों ने चिपकने वाली टेप में लिपटे हुये दो पैकेट बरामद किये, जिनमें एक किलोग्राम हेरोइन बरामद हुई। जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि एक सूचना के आधार पर बीएसएफ और पंजाब पुलिस द्वारा जिला तरनतारन के गांव महदीपुर के बाहरी इलाके में एक संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया गया था। तलाशी के दौरान, सैनिकों ने ग्राम-मेहदीपुर के पास एक खेत से सफेद चिपकने वाली टेप में लपेटा हुआ एक किलोग्राम हेरोइन का एक पैकेट बरामद किया। इसे पहले बीएसएफ ने मंगलवार की रात जिला गुरदासपुर के गांव मछराल से आधा किग्रा हेरोइन बरामद की थी।

### पूर्व विधायक बीके चौहान का निधन

शिमला। हिमाचल के चंबा से भारतीय जनता पार्टी के पूर्व विधायक बी के चौहान का बुधवार तड़के दिल्ली में निधन हो गया। वह 76 वर्ष के थे। चौहान लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उन्होंने दिल्ली में अंतिम सांस ली। दिल्ली से बीके चौहान की पार्थिव शरीर को चंबा उनके पैतृक गांव लाया जाएगा। पूर्व विधायक के निधन से पूरे चंबा जिले में शोक की लहर है। चौहान भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व चंबा सदर से दो बार विधायक रह चुके थे। गौरतलब है कि चौहान ने चंबा विधानसभा सीट से तीन बार भाजपा की टिकट पर और एक बार निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ा है। जिसमें एक बार चौहान को हार मिली लेकिन दो बार भाजपा टिकट पर चुनाव लड़ते हुए वह विजयी रहे। चौहान भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी भी थे। चौहान का अंतिम संस्कार गुरुवार को पैतृक गांव कुंडी में होगा। बिहार कैडर के रिटायर्ड आईएएस अधिकारी चौहान ने सरकारी सेवा के बाद वर्ष 2003 में सक्रिय राजनीति में पर्दापण किया था। उन्होंने वर्ष 2003 में भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़ा था।

### कोटा मंडल से गुजरने वाली छह जोड़ी गाड़ियों में अतिरिक्त कोच लगेंगे

कोटा। रेल प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा के लिए कोटा मंडल होकर गुजरने वाली छह जोड़ी एक्सप्रेस ट्रेनों में अस्थाई रूप से अतिरिक्त कोच लगाए जाने का निर्णय किया हैं। अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि गाडी संख्या 12495/12496, बीकानेर -कोलकाता -बीकानेर रेलसेवा में बीकानेर से 7 से 28 दिसम्बर तक एवं कोलकाता से 8 से 29 दिसम्बर तक 1 थर्ड एसी श्रेणी डिब्बे की अस्थाई बढोतरी की जा रही है। गाडी संख्या 20471/20472, बीकानेर-पुरी-बीकानेर रेलसेवा में बीकानेर से 3 से 31 दिसम्बर तक एवं पुरी से 6 दिसम्बर से 3 जनवरी तक 1 थर्ड एसी श्रेणी डिब्बे की अस्थाई बढोतरी की जा रही है। इसी तरह गाडी संख्या 19608/19607, मदार-कोलकाता-मदार एक्सप्रेस में मदार से 4 दिसम्बर से 25 दिसम्बर तक एवं कोलकाता से 7 से 28 दिसम्बर तक 1 थर्ड एसी श्रेणी डिब्बे की अस्थाई बढोतरी की गई है। गाडी संख्या 19666/19665, उदयपुर सिटी-खजुराहो-उदयपुर सिटी रेलसेवा में उदयपुर सिटी से एक से 31 दिसम्बर तक एवं खजुराहो से 3 दिसम्बर से 2 जनवरी तक एक साधारण श्रेणी डिब्बे की अस्थाई बढोतरी की जा रही है।

### दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल की सजा

भीलवाड़ा। राजस्थान के भीलवाडा में विशिष्ट न्यायाधीश (पोक्सो न्यायालय ने एक नाबालिग बालिका अपहरण कर दुष्कर्म करने के आरोपी को आज 20 वर्ष का कारावास सुनाया। अदालत सूत्रों के अनुसार, एक व्यक्ति ने पांच अक्टूबर 2020 को गुलाबपुरा थाने में रिपोर्ट दी कि वह बिजय नगर गया हुआ था। घर पर नाबालिग पुत्री थी। साढ़े दस बजे बड़ी बेटी ने फोन कर परिवादी को बताया कि नाबालिग छोटी को घेवरचंद गुर्जर बाइक पर बैठाकर ले गया। इस सूचना पर परिवादी ने घेवरचंद को फोन किया तो उसका फोन बंद आया। काफी तलाश करने के बाद भी परिवादी को उसकी नाबालिग बेटी का पता नहीं चला। इस रिपोर्ट पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरु की। इस बीच, परिवादी खुद ही अपनी बेटी को बिजय नगर से ढूंढ लाया और पुलिस के समक्ष पेश किया। पुलिस ने नाबालिग को दस्तयाब किया। बाल कल्याण समिति के आदेश से पुलिस ने नाबालिग को उसके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया।

### समस्तीपुर मंडल में बेटिकट यात्रियों के विरुद्ध अभियान में 438 लोग पकड़े गए

समस्तीपुर। बिहार में पूर्व मध्य रेल के समस्तीपुर रेल मंडल में बेटिकट यात्रियों के खिलाफ चलाये गए विशेष अभियान में एक दिन में छह हजार 438 लोगों को पकड़ा गया जो चालू वित्त वर्ष मे पूर्व मध्य रेल के पांचों रेल मंडल में एक रिकॉर्ड है। मंडल रेल प्रबंधक विनय श्रीवास्तव ने बुधवार को यहां बताया कि पकड़े गए बेटिकट यात्रियों से जुमार्ना एवं किराये के रूप मे 50 लाख 8 हजार रुपये वसूल की गई है। उन्होंने बताया कि छठ पर्व पर यात्रियों की भीड़ को देखते हुए मंडल मे आज औचक चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें कुल 6 हजार 438 बेटिकट यात्रियों को पकड़ा गया। श्री श्रीवास्तव ने बताया कि यह अभियान वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक चन्द्रशेखर प्रसाद के नेतृत्व मे बनी विशेष टीमों द्वारा विभिन्न रेल खंडो,स्टेशनों एवं ट्रेनों मे चलाई गई थी। जिसमे दो सौ से अधिक टिकट जाँचकर्मी और रेलवे सुरक्षा बल शामिल थे।

### खूंटी : दो लोगों की हत्या कर शव दफन करनेवाले चार अपराधी गिरफ्तार

खूंटी। झारखंड के खूंटी जिले में मुरहू थाना क्षेत्र के कोकोर कोचा पहाड़ के जंगल में दो लोगों की हत्या कर शव को दफन करने के मामले में पुलिस ने आज चार अपराधियों को गिरफ़्तार कर लिया। खूंटी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार ने बुधवार को बताया कि मंगलवार को सूचना मिली कि कोकोर कोचा पहाड़ के जंगल में दो लोगों की हत्या कर शव को दफन कर दिया गया। प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी की उपस्थिति में शवों को जमीन से बाहर निकाला गया। मृतकों की पहचान मुरहू थाना क्षेत्र का पांडा बोदरा और बन्दगाव थाना क्षेत्र का सेवेयन हापदगड़ा के रूप में की गई। कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए और कांड के उद्भेदन एवं गिरफ्तारी के लिए उनके नेतृत्व में विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार अपराधियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अपराधियों में सनिका पूर्ति, लेंगा पूर्ति, एसी थेमस और एसी सिंगराय शामिल है।

# आम्रपाली समूह में फंसी रकम में से प्राधिकरण को 575 करोड़ मिले

## प्राधिकरण ने आम्रपाली का 25 एकड़ का औद्योगिक भूखंड नीलामी में लिया

ग्रेटर नोएडा। ग्रेनो प्राधिकरण ने आम्रपाली समूह को आवंटित की गई 25 एकड़ औद्योगिक भूखंड को एनबीसीसी की नीलामी में बोली लगाकर 111 करोड़ 151 रुपये में वापस ले लिया है। अब प्राधिकरण इस भूखंड पर औद्योगिक स्कीम लाएगा और करीब 125 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाएगा। इसके अलावा प्राधिकरण ने एनबीसीसी से अपील करके एफएआर के रूप में भी कुछ राशि लेने की मांग की है। जिस पर एनबीसीसी ने हामी भर दी है। इससे प्राधिकरण को 450 करोड़ रुपये एफएआर और 125 करोड़ औद्योगिक भूखंड से वापस मिल सकेंगे।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने आम्रपाली समूह को ग्रुप हाउसिंग परियोजनाओं, आईटी पार्क और औद्योगिक भूखंड के लिए 317 एकड़ जमीन आवंटित की थी। इसकी रकम प्राधिकरण को मिलती, इससे पहले ही आम्रपाली दिवालिया प्रक्रिया में चला गया। इससे प्राधिकरण के हजारों करोड़ रुपये फंस गए। अब आम्रपाली




समूह सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त कोर्ट रिसीवर की निगरानी में परियोजनाओं को पूरा करा रहा है। आम्रपाली समूह का कासना स्थित 25 एकड़ का एक औद्योगिक भूखंड एनबीसीसी नीलाम कर रहा था। इस भूखंड पर नीलामी के दौरान 111 करोड़ रुपये तक बोली लगाई गई थी।

मगर प्राधिकरण ने एनबीसीसी से अपील करके उक्त जमीन को किसी अन्य को न बेचकर प्राधिकरण को देने ही अपील की। इस पर ग्रेनो प्राधिकरण की ओर से भूखंड को 111 करोड़ की नीलामी में 151 रुपये और जोड़कर उसे खरीद लिया।

**ग्रेनो प्राधिकरण पर है 3500 करोड़ का कर्ज**

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की मोटी रकम बिल्डरों के पास फंसी हुई है। अभी हाल ही में करीब 1005 करोड़ रुपये प्राधिकरण ने बैंकों के जमा किए हैं। मगर अभी भी करीब 3500 करोड़ रुपये के करीब प्राधिकरण पर नोएडा प्राधिकरण और एनसीआर प्लानिंग बोर्ड का बकाया है। इसके लिए करीब 60 करोड़ रुपये हर माह बतौर ब्याज के रूप में देना पड़ा रहा है। प्राधिकरण की मंशा है कि यदि यह कर्ज उतर जाए तो जितनी रकम ब्याज में जाती है उसे हर माह विकास पर खर्च किया जा सकता है।

इससे प्राधिकरण को 25 एकड़ का औद्योगिक भूखंड अपनी पुरानी दरों पर मिल गया है और जल्द ही इस पर औद्योगिक भूखंड की योजना लाएगा। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि प्री कास्ट कंपनी के लिए इकोटेक सेक्टर-6 में 13 दिसंबर 2020 को यह भूखंड आवंटित किया था। इस पर प्राधिकरण का करीब 28 करोड़ रुपये बकाया हैं और यह पैसा भी एनबीसीसी देगा।

वहीं, आम्रपाली समूह को आवासीय परियोजनाओं के लिए जमीन आवंटित करते समय 2.75 एफएआर दिया गया था। मगर अब इन परियोजनाओं में एफएआर 3.5 प्रयोग किया जा रहा है। ऐसे में प्राधिकरण अधिकारियों ने एनबीसीसी से अपील की है कि उनको भी कुछ राशि मिल जाए तो प्राधिकरण का कर्ज कम करने में आसानी होगी।

इस पर एनबीसीसी .75 एफएआर के लिए प्राधिकरण को 450 करोड़ रुपये देने को राजी हो गया है। इससे प्राधिकरण को आम्रपाली के फंसी परियोजना से करीब 757 करोड़ रुपये मिल गए हैं। इसके बाद अब प्राधिकरण दूसरे फंसे प्रोजेक्टों से भी इसी तरह अपनी रकम निकालना चाहता है।

# आस्था की प्रतीक 'चूड़धार चोटी' पर पहली बार हेलीकॉप्टर लैंडिंग





**शिमला।** दक्षिण हिमाचल सहित पड़ोसी राज्य उत्तराखंड में लाखों श्रद्धालुओं की आस्था के प्रतीक 'भगवान शिरगुल जी महाराज' की तपोस्थली चूड़धार चोटी पर पहली बार हेलीकॉप्टर की लैंडिंग हुई है। कुछ वर्ष पहले हेलीकॉप्टर से श्रद्धालुओं को रेस्क्यू किया गया था, लेकिन लैंडिंग नहीं हुई थी। शिमला प्रशासन की कोशिश पर ये ट्रायल सफल रहा है।

शिमला हेलीपोर्ट से उड़ान भरने के बाद हेलीकॉप्टर चूड़धार चोटी के कालाबाग में करीब 12-15 मिनट में लैंड हो गया।

कांग्रेस के संगठन मंत्री रजनीश खिमटा ने एक निजी कंपनी का चौपर हायर किया था। शिमला से चूड़धार की उड़ान में उपायुक्त आदित्य नेगी, चौपाल के एसडीएम नारायण सिंह चौहान, कांग्रेस के संगठन महामंत्री रजनीश खिमटा व डीएफओ भी शामिल थे। छह सीटर चौपर का ट्रायल सफल हुआ है।

ट्रायल के सफल होने के बाद प्रशासन जल्द ही श्रद्धालुओं के लिए भी चौपर सुविधा उपलब्ध करवाने की तैयारी में जुट सकता है। इसके लिए दो बिंदुओं पर कार्य हो रहा है। पहला प्रयास ये है कि छह-छह सीटर दो चौपर को लैंड करने की व्यवस्था हो। दूसरी कोशिश ये है कि बड़े हेलीकॉप्टर को उतारा जा सके। चूड़धार चोटी तक पहुंचने के लिए दो मुख्य पैदल रास्ते हैं।

सिरमौर के नौहराधार से करीब 16 किलोमीटर की पैदल चढ़ाई से चूड़धार पहुंचा जा सकता है। वहीं, दूसरी तरफ चौपाल के सराहं से भी 8-10 किलोमीटर की पैदल चढ़ाई है। सराहं से पुलबाहल तक सड़क के निर्माण से पैदल दूरी काफी घट भी गई है।

तकरीबन 11 से 12 हजार फीट की ऊंचाई पर भगवान शिरगुल के प्राचीन मंदिर को जीर्णोद्धार के बाद नया स्वरूप प्रदान करने का कार्य भी पूरा हो चुका है। इसी बीच चौपाल के एसडीएम नारायण सिंह चौहान ने शिमला से चूड़धार के टेक ऑफ व लैंडिंग के सफल ट्रायल की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि उपायुक्त शिमला भी चोटी पर पहुंचे थे।

# विजीलेंस ब्यूरो द्वारा रिश्वत लेने के आरोप में पटवारी गिरफ्तार

एजेंसी

**चंडीगढ़।** पंजाब विजीलेंस ब्यूरो ने बुधवार को राजस्व हलका शामचुरासी, ज़िला होशियारपुर में तैनात राजस्व पटवारी नरजीत सिंह को 25 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों काबू किया है।

इस सम्बन्ध में विजीलेंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि उक्त राजस्व कर्मचारी के विरुद्ध यह केस होशियारपुर जिले के गाँव कडियाना निवासी बलदेव सिंह की शिकायत पर दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता ने विजीलेंस ब्यूरो से सम्पर्क कर दोष लगाया है कि उक्त पटवारी उसकी ज़मीन का पड़ोसी के साथ तबादला करने और उसका इंतकाल दर्ज करने के बदले तीस हजार रुपए रिश्वत माँग रहा है परन्तु बातचीत के दौरान सौदा 25 हजार रुपए में तय हुआ है।

प्रवक्ता ने बताया कि जालंधर रेंज की विजीलेंस यूनिट ने शिकायत में लगाये गये दोषों की पड़ताल करते हुये जाल बिछाया जिसके अंतर्गत दोषी पटवारी को दो सरकारी गवाहों की हाजिरी में शिकायतकर्ता से 25 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों काबू कर लिया और रिश्वत की राशि भी बरामद कर ली।

इस सम्बन्ध में राजस्व विभाग के उपरोक्त दोषी कर्मचारी के ख़िलाफ़ विजीलेंस ब्यूरो के थाना जालंधर रेंज में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है। उसे कल अदालत में पेश करके रिमांड की माँग की जायेगी। उन्होंने बताया कि इस मामले में आगे की जांच जारी है।

# ग्रेटर नोएडा में इंडिया एक्सपो सेंटर में बैठक

## सीपीएचआई एण्ड पीमेक इंडिया 2023 के 16वें संस्करण की हुई शुरुआत, देश विदेश से पहुंचे लोग

गौतम बुद्ध नगर। फार्मास्युटिकल मैनुफैक्चरिंग को नया आयाम देते हुए ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर में सीपीएचआई एण्ड पीमेक इंडिया 2023 की शुरुआत हुई। भारतीय फार्मा सेक्टर को गति प्रदान करने वाला 16वां संस्करण अब तक सबसे बड़ा संस्करण है, जो फार्मास्युटिकल उद्योग में क्रान्तिकारी बदलाव लाने के लिए तैयार है। इस संस्करण में हिस्सा लेने वाले हितधारक फार्मा से जुड़े सभी पहलुओं जैसे मशीनरी, पैकेजिंग, एनालिटिकल इन्स्ट्रुमेन्ट्स, लैबोरेटरी तकनीकों, उपकरणों, सहायक अवयवों, इन्ग्रीडिएन्ट्स आदि पर विचार-विमर्श करेंगे।

इस दौरान बड़ी बड़ी फार्मा इंडस्ट्री से जुड़े हुए देसी और विदेशी लोग इसमें शामिल हुए। इस सेक्टर में मौजूद



अवसरों पर विचार व्यक्त करते हुए योगेश मुद्रास, प्रबंध निदेशक, इन्फोर्मा मार्केट्स इन इंडिया ने कहा, "भारत के फार्मास्युटिकल उद्योग में अपार क्षमता है। यह विश्वस्तरीय निर्यात में 20 फीसदी योगदान देते हुए वित्तीय वर्ष 2022-23 में 25.3 बिलियन डॉलर (2.1 लाख करोड़ रु) के आंकड़े तक पहुंच गया है। डोमेस्टिक एवं इंटरनेशनल प्लेयर्स की ओर से आर एण्ड डी में निवेश इनोवेशन को बढ़ावा दे रहा है।

### विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा

सरकार द्वारा आर एण्ड डी में 5000 करोड़ रुपये के निवेश के साथ भारत विश्वस्तरीय हेल्थकेयर के विकास में मुख्य लीडर के रूप में उभरा है।

इंडिया फार्मा वीक के दौरान सीपीएचआई और पीमेक इंडिया एक्सपो अन्य सहायक आयोजनों के साथ ऐसा विश्वस्तरीय मंच उपलब कराएंगे जो फार्मास्युटिकल उद्योग में आपसी सहयोग एवं कनेक्शन को प्रोत्साहित करेगा।

इस साल का संस्करण सबसे बड़ा है जो भारत को फार्मा सुपरपावर के रूप में विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### मंच पर अधिक मजबूती से स्थापित करते हैं

सीआईएस देशों में कई चुनौतियों के बावजूद भारत का फार्मास्युटिकल उद्योग सकारात्मक बना हुआ है। डोमेस्टिक मार्केट भी 10 फीसदी विकास के आंकड़े को पार कर गया है। ऐसे में मुझे विश्वास है कि 2030 तक डोमेस्टिक और एक्सपोर्ट मार्केट में 10 फीसदी विकास के साथ यह 130 बिलियन के आंकड़े तक पहुंच जाएगा।

# अंतरराज्यीय हथियार तस्करी गिरोह का भंडाफोड़, 10 पिस्तौलों सहित एक गिरफ्तार

**अमृतसर।** अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने गैंगस्टर जग्गू भगवानपुरिया द्वारा समर्थित एक अंतरराज्यीय हथियार तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए शहर के मकबूलपुरा इलाके से एक तस्कर को गिरफ्तर उसके पास से 10 पिस्तौल बरामद किये हैं।

पुलिस आयुक्त गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बुधवार को कहा कि गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान जसप्रीत सिंह उर्फ जस्सी (19), निवासी शहीद उधम सिंह नगर, अमृतसर के रूप में हुई है। गिरफ्तार आरोपी पर अमृतसर शहर के विभिन्न पुलिस स्टेशनों में स्नैचिंग से संबंधित तीन आपराधिक मामले दर्ज हैं।

पुलिस टीम ने उसके कब्जे से दस .32 बोर पिस्तौल, एक बैकपैक और एक



मोटरसाइकिल भी बरामद की है।

सीपी गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने कहा कि राज्य में आपराधिक तत्वों को आपूर्ति करने के लिये मध्य प्रदेश से अवैध हथियारों की तस्करी कियं जाने की खुफिया सूचना मिली थी, जिस पर एडीसीपी सिटी-3 अभिमन्यु राणा की देखरेख में मकबूलपुरा पुलिस स्टेशन की पुलिस टीम ने एक विशेष अभियान चलाया और आरोपी को मकबूलपुरा से पकड़ लिया। उन्होंने कहा, पूछताछ के दौरान गिरफ्तार आरोपी ने खुलासा किया कि उसे मध्य प्रदेश से हथियार खरीदने के लिए अपने विदेश स्थित साथी से हवाला के जरिये पैसे मिले थे।

उन्होंने कहा कि पुलिस टीमें पूरे नेटवर्क का पता लगाने, पूरे नेटवर्क की पहचान करने , खरीद और आपूर्ति श्रृंखला के नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिये हरसंभव प्रयास कर रही हैं।

प्रारंभिक जांच में यह भी पता चला है कि गिरोह अपने प्रतिद्वंद्वी गिरोह के सदस्यों को निशाना बनाकर अपराध करने की साजिश रच रहा था। मकबूलपुरा पुलिस स्टेशन, अमृतसर में आर्म्स एक्ट की धारा 25(8) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# घूस कांड में जेल में बंद राजस्व उप निरीक्षक को नहीं मिली जमानत

नैनीताल। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने रिश्वत लेने के आरोप में जेल में बंद किच्छा तहसील के पूर्व राजस्व उप निरीक्षक धनेश कुमार शर्मा को झटका देते हुए बुधवार को उनके जमानत प्रार्थना पत्र को खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति रवीन्द्र मैठाणी की पीठ में आरोपी के प्रार्थना पत्र पर सुनवाई हुई। पूर्व उप निरीक्षक पर कृषि भूमि की पैमाइश के बदले में पांच हजार रूपये घूस लेने का आरोप है। सतर्कता (विजिलेंस) प्रतिष्ठान हल्द्वानी की टीम ने इसी साल 19 जनवरी को आरोपी को घूस लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। आरोप है कि उसने किच्छा तहसील में भूमि की पैमाइश के लिये घूस की मांग की थी।

# डिजिटल डिवाइड का समाधान होना ही चाहिए : सिद्दारमैया

एजेंसी

**बेंगलुरू ।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने बुधवार को कहा कि डिजिटल विभाजन एक वास्तविकता है और इसे संबोधित किया जाना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रौद्योगिकी का लाभ हर नागरिक तक पहुंच सके, भले ही उनकी पृष्ठभूमि कुछ भी हो।

सिद्दारमैया ने 2023 बेंगलुरु टैक समिट के उद्घाटन के अवसर पर संबोधित करते हुए कहा, हमारा लक्ष्य शासन में सूचित निर्णय लेने के लिए डेटा और एनालिटिक्स की शक्ति का उपयोग करके लक्षित पहलों के माध्यम से इस अंतर को पाटना है।

द बियॉन्ड बेंगलुरु उस दिशा में एक अनूठी पहल है, जिसका प्राथमिक ध्यान बेंगलुरु से परे के क्षेत्रों में पारिस्थितिकी तंत्र को विकसित करने और बढ़ाने और डिजिटल विभाजन को पाटने पर है। राज्य सरकार इस तकनीकी प्रक्षेप पथ को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है, और नवाचार की अगली लहर का समर्थन करने के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे में निवेश करने के लिए भी प्रतिबद्ध है।

सिद्दारमैया ने कहा कि सरकार उद्योग और शिक्षा जगत के बीच सहयोग को बढ़ावा देने और ऐसी नीतियां बनाने के लिए प्रतिबद्ध है जो कर्नाटक राज्य को वैश्विक तकनीकी मंच पर नई ऊंचाइयों तक ले जाएं। आईटी क्षेत्र की सफलता के पीछे कर्नाटक एक प्रेरक शक्ति रहा है, जिसने देश के निर्यात में लगभग 85 अरब अमेरिकी डॉलर का योगदान दिया है।

# एनआईए ने मेंगलुरु विस्फोट मामले में दो के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया

बेंगलुरु। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पिछले साल नवंबर में कर्नाटक के मेंगलुरु में हुए इस्लामिक स्टेट (आईएस) प्रायोजित प्रेशर कुकर विस्फोट मामले में दो आरोपियों के खिलाफ बुधवार को आरोपपत्र दायर किया। एनआईए ने विस्फोट के मामले में इस साल जुलाई में शारिक और सह-आरोपी सैयद शारिक को गिरफ्तार किया था। एजेंसी ने आज गिरफ्तार दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा चलाते हुए आरोपपत्र दाखिल किया। एनआईए की जांच के मुताबिक शारिक और सैयद ने एक ऑनलाइन हैंडलर के साथ मिलकर खलीफा स्थापित करने की साजिश के तहत विस्फोट की योजना बनाई थी। साजिश के तहत शारिक ने प्रेशर कुकर आईईडी तैयार किया था और सैयद यासीन ने विस्फोटक के लिए सामग्री उपलब्ध करायी थी। इस मामले गिरफ्तार किए गए 10 लोगों में से शारिक और सैयद यासीन सहित नौ पर 30 जून 2023 को भोले-भाले मुस्लिम युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और उनकी भर्ती करने, धन जुटाने और आईएस की भारत विरोधी गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए विस्फोट कराने के आरोप में आरोप पत्र दायर किया गया था। उल्लेखनीय है कि 19 नवंबर, 2022 को आरोपियों में से एक मोहम्मद शारिक हिंदू समुदाय के बीच आतंक का खौफ पैदा करने की मंशा से एक ऑटोरिक्शा में प्रेशर कुकर आईईडी ले जा रहा था उसने मंगलुरु के कादरी मंजूनाथ मंदिर में आईईडी लगाने की योजना बनाई थी, लेकिन रास्ते में यह कम तीव्रता वाला बम दुर्घटनावश फट गया।

# तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिये मतदान की तैयारियां मुकम्मल

**हैदराबाद।** तेलंगाना विधानसभा चुनाव में 35600 से अधिक मतदान केन्द्रों पर कर्मचारियों और मतदान सामग्री पहुंचाने सहित सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं।

मतदान गुरुवार को सुबह सात बजे शुरू होगा और इसके लिये दो लाख से अधिक चुनाव कर्मी तैनात किये गये हैं। इस चुनाव में 3.26 करोड़ से अधिक मतदाता इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन के माध्यम से वोट डालकर 2290 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला कर सकेंगे।

करेंगे।




चुनाव आयोग ने सुचारु रूप से मतदान प्रक्रिया संपन्न कराने के लिये सुरक्षा के व्यापक इंतजाम करने के साथ-साथ बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं के लिये मतदान केन्द्रों पर विशेष सुविधायें भी करवाई हैं। सभी 119 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान सुबह सात बजे शुरू होगा और 13 नक्सल प्रभावित विधानसभा क्षेत्रों को छोड़कर शाम पांच बजे तक चलेगा। सिरपुर, चेन्नूर, बेलामपल्ली, मंचरियाला, आसिफाबाद, मन्तानी, भूपालपल्ली, मुलुगू, पिनापका, इलान्डू, कोठागुडेम, अश्वरावपेटा और भद्राचलम नक्सल प्रभावित विधानसभा क्षेत्र हैं, इन क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं के लिये प्रवेश केवल चार बजे तक मिलेगा।

तीन करोड़ 26 लाख से अधिक मतदाताओं में 1.62 करोड़ से अधिक पुरुष, 1.63 करोड़ से अधिक महिला और 2676 ट्रांसजेंडर मतदाता हैं।

राज्य की एल बी नगर विधानसभा सीट पर सर्वाधिक 48 उम्मीदवार हैं जबकि नारायणपेट सीट पर सबसे कम सात प्रत्याशी हैं।

चुनाव अधिकारियों ने 35655 मतदान केन्द्रों पर 2.08 लाख मतदान कर्मियों की तैनाती के लिये व्यापक इंतजाम किये हैं। सभी मतदान केन्द्रों पर चुनाव सामग्री उपलब्ध करा दी गयी है। निर्बाध और सुचारु मतदान के लिये सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये गये हैं। मतदान केन्द्रों पर अर्द्धसैनिक बल सहित 45000 से अधिक सुरक्षा कर्मी तैनात किये गये हैं। इसके अलावा 35500 होमगार्ड भी मतदान केन्द्रों पर तैनात किये जायेंगे।

लगभग 1800 सचल दस्ते तैनात किये गये हैं जो चुनाव के दौरान कोई भी अनियमितता होने की शिकायत होने पर उसकी तत्काल जांच करेंगे। राज्य में मतदान संपन्न होने तक शराब की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

लंबा और थकाऊ चुनाव अभियान गुरुवार की शाम पांच बजे थम गया था। कानून लागू करने वाली एजेंसियों ने आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू से लेकर 28 नवंबर तक सोना, शराब मुफ्त बांटी जाने वाली अन्य चीजों सहित 737 करोड़ से अधिक रुपये का सामान जब्त किया है।

नई दिल्ली
गुरुवार 30 नवंबर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### एमसीडी स्कूलों की बदलेगी तस्वीर, दिल्ली नगर निगम में 6589 पदों पर भर्ती

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम में बड़े पैमाने पर भर्ती होने जा रही है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भर्ती की जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि आज दिल्ली के लोगों के लिए एक और खुशखबरी है। हमने दिल्ली नगर निगम में 6589 नई नौकरियों का प्रस्ताव पारित किया है। मुख्यमंत्री ने एक्स पर पोस्ट साझा कर बताया कि दिल्ली नगर निगम के तहत 2949 सिक्योरिटी गार्ड और 3640 सफाई कर्मियों की भर्ती होगी। इन सभी को दिल्ली नगर निगम के स्कूलों में साफ सफाई और सिक्योरिटी गार्ड के तौर पर भर्ती किया जाएगा। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने बताया कि दिल्ली सरकार की तरह हम नगर निगम में भी शिक्षा को प्राथमिकता के आधार पर लेकर काम कर रहे हैं। इन नई नौकरियों से हमारे बहुत से युवाओं को रोजगार भी मिलेगा। हमारा मकसद आने वाली पीढ़ी को तैयार करना है, उन्हें बेहतर माहौल देना है। शिक्षा के क्षेत्र में हम किसी भी स्तर पर कोई कमी नहीं होने देंगे।

### धर्मातरण के लिए उकसाने वाले पर मुकदमा

गाजियाबाद। गाजियाबाद में तांत्रिक के खिलाफ एक और मुकदमा दर्ज हुआ है। इस बार तांत्रिक के पिता की भी मिलीभगत सामने आई है। पीड़ित ने आरोप लगाया है की बीमारी ठीक करने के बहाने धर्मातरण के लिए उकसाता था। पैसे ठगने का भी आरोप सामने आया। गाजियाबाद के नंदग्राम एसीपी रवि कुमार सिंह ने बताया कि तांत्रिक सरफराज और उसके पिता के खिलाफ थाना नंदग्राम मुकदमा दर्ज हुआ है। पीड़ित ने आरोप लगाया की पीड़ित तांत्रिक के ही गांव का रहने वाला है। पीड़ित ने पुलिस को दी शिकायत के मुताबिक उसकी पत्नी बीमार थी। जिसका 7 वर्ष तक इलाज तांत्रिक सरफराज ने किया। पुलिस के मुताबिक पीड़ित ने बताया कि इस दौरान तांत्रिक ने कहा कि अगर तुम धर्म बदल लो तो तुम्हारी पत्नी जल्दी ठीक हो जाएगी। इसके चलते पीड़ित को घर में लगी सभी देवी देवताओं की मूर्ति हटाने को भी कहा। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि इसी दौरान उससे 50 हजार रुपए भी ठगे गए। पीड़ित के मुताबिक जो भी दूसरे धर्म के लोग तांत्रिक को दिखाने आते थे वह सब को धर्मातरण के लिए उकसाता था।

### भांजे ने दोस्त के साथ-मिलकर किया था मामा का कत्ल

गाजियाबाद। गाजियाबाद पुलिस ने मंगलवार को मिले अज्ञात शव के मामले में खुलासा किया है। हत्या के मामले में दो नाबालिकों को गिरफ्तार किया गया है। जिसमें से एक मृतक का भांजा है गाजियाबाद के इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में गौर ग्रीन पार्क में मंगलवार की सुबह एक शव मिला था। मृतक के शरीर पर गर्दन और पेट पर चाकू से चोट के निशान थे। पुलिस के सामने सबसे बड़ा सवाल अज्ञात शव की पहचान करना और हत्यारोपी को ढूंढना था। इंदिरापुरम थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान पश्चिम बंगाल के जिला वीर भूमि निवासी आरजू शेख के रूप में हुई थी। इस मामले में दो नाबालिक आरोपी पकड़े गए हैं। जिसमें से एक मृतक का भांजा है। दूसरा आरोपी भांजे का दोस्त है। आरजू शराब पीने का आदी था। आरजू की बहन ने आरजू की नौकरी बीवीएस सोसाइटी में गार्ड के रूप में लगाई थी। शराब पीने के चलते 26 नवंबर को वहां से निकाल दिया गया था। शराब के पैसों के लिए आरजू अपने परिवार में झगड़ा करता था। एक बार ऐसे ही झगड़े में आरजू ने अपनी मां का हाथ भी तोड़ दिया था। इसको लेकर उसका 14 साल का भांजा गुस्से में रहता था।

### एन्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की छापेमारी

गाजियाबाद। गाजियाबाद में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने छापेमारी कर एक करोड़ रुपए की फेंसीडील कफ सिरप बरामद की है। इस सिरप में कोडीन की मात्रा होती है। जो नशे के काम आती है। इस सिरप को गद्दों की आड़ में छुपा कर बिहार और पश्चिम बंगाल ले जाया जा रहा था। इसकी तस्करी कर रहे तीन तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार किया हैं। एएनटीएफ के डिप्टी एसपी राजेश कुमार सिंह ने बताया, पकड़े गए तस्करों ने बताया है कि यह इस दवाई को मेरठ से लोड करके पश्चिम बंगाल वाया बिहार पहुंचते हैं। इसके लिए उन्हें डेढ़ लाख रुपए प्रति चक्कर मिलता है। पकड़े गए आरोपियों में सरफराज, युसुफ खान और तुफैल चौधरी हैं। इनके कब्जे से 15 हजार कोडिंग युक्त फेंसीडील कफ सिरप बरामद किया है। जिनकी कीमत एक करोड़ रुपए है। एएनटीएफ के इंस्पेक्टर सौरव विक्रम सिंह ने बताया कि यह लोग भगवानपुर रुड़की से फोम के गद्दे ट्रक में भरवाते थे। गद्दों का ई-बिल बनवाते थे। ट्रक के आगे के हिस्से में सिरप रखकर पीछे गद्दा रख दिया करते थे। जिसकी आड़ में आसानी से इस दवाई की तस्करी करते थे।

### गाजियाबाद में पूर्व एसओ और दरोगा सस्पेंड

गाजियाबाद। गाजियाबाद में मधुबन बापूधाम थाने के पूर्व एसओ नीरज तोमर और सब इंस्पेक्टर कुशल कुमार को सस्पेंड कर दिया गया है। दोनों पर आरोप है कि उन्होंने धर्मातरण की शिकायत को फ्रॉड की धाराओं में दर्ज किया। जब दूसरे थाने की पुलिस ने मौलवी को गिरफ्तार कर धर्मातरण का पर्दाफाश किया, तब पुलिस की मिलीभगत की पोल खुली। इस मामले में दोनों पुलिसकर्मियों पर विभागीय जांच भी आरंभ कर दी गई है। दरअसल, 24 नवंबर 2023 को थाना नंदग्राम पुलिस ने मौलवी सरफराज को गिरफ्तार किया। मौलवी के खिलाफ एक दिन पहले ही महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी। महिला का आरोप है कि बीमारी से मुक्ति दिलाने के नाम पर मौलवी ने उन पर धर्मातरण का दबाव डाला। घर से हिन्दू देवी-देवताओं की मूर्तियों को हटवा दिया। इसके बाद मौलवी ने महिला और उनके बच्चों का धर्म परिवर्तन करा दिया। नंदग्राम थाना पुलिस की कार्रवाई से पहले इस महिला ने एक नवंबर 2022 को थाना मधुबन बापूधाम में ठीक यही शिकायत की थी। लेकिन पुलिस ने यहां खेल कर दिया और मुकदमे को सिर्फ धोखाधड़ी व तंत्र-मंत्र करने की धाराओं में दर्ज किया।

### एयरगन से महिला टीचर को लगी गोली

गाजियाबाद। गाजियाबाद की हाईराइज सोसाइटी में मंगलवार रात एयरगन की गोली लगने से महिला टीचर घायल हो गई। ये हादसा उस वक्त हुआ, जब टीचर सोसाइटी में टहल रही थीं। एयरगन किसने चलाई, ये पता नहीं चल सका है। इस सोसाइटी में ये इस प्रकार की तीसरी घटना है। पुरानी दोनों घटनाओं में भी आरोपियों का पता नहीं चल पाया था। राजनगर एक्सटेंशन इलाके में फॉर्च्यून रेजिडेंसी सोसाइटी है। यहां टीचर रूचि तोमर रहती हैं। रूचि ने बताया, मैं मंगलवार रात करीब 19 बजे सोसाइटी के अंदर ही टहल रही थी। इस दौरान अचानक मेरे पेट में कोई चीज तेजी से आकर लगी और खून बहने लगा। आवाज सुनकर सोसाइटी के लोग इकट्ठा हो गए। उन्होंने मुझे नजदीकि अस्पताल में एडमिट कराया। डॉक्टरों के अनुसार, ये एयरगन से चलाई गोली का निशान था। नंदग्राम एसीपी रवि कुमार सिंह ने बताया, एयरगन चलाने वाले की तलाश की जा रही है। सोसाइटी के लोगों ने बताया कि इस तरह की पहले भी दो घटनाएं हो चुकी हैं।

# वायु प्रदूषण में सुधार, ग्रेप-तीन की पाबंदियां हटीं

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि पिछले दो-तीन दिनों से मौसम में बदलाव से प्रदूषण में गिरावट दर्ज होने के मद्देनज़र ग्रेप-तीन से सबंधित पाबंदियों को हटा दिया गया है।



गोपाल राय ने कहा कि मौसम विभाग का अनुमान है कि आने वाले दिनों में अगर हवा की गति कम होगी तो प्रदूषण का स्तर बढ़ सकता है इसलिए स्थिति ज्यादा न बिगड़े, दिल्ली में ग्रेप-1 तथा ग्रेप-2 के नियम अभी लागू रहेंगे। उन्होंने कहा कि ग्रेप-3 के तहत बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4 डीजल एलएमवी (4 पहिया वाहन) के संचालन पर प्रतिबंध हटा लिया गया है। इसके अलावा निर्माण और विध्वंस पर लगे प्रतिबंध को भी हटा लिया गया है।

उन्होंने कहा कि हॉट स्पाट पर सभी नियमों का कड़ाई से पालन जारी रखने का आदेश दिया गया है। टीमों को लगातार निगरानी करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने आगे कहा कि अभी प्रदूषण की स्थिति को देखते हुए ग्रैप-1 और ग्रैप-2 के नियम लागू रहेंगे और दिल्ली में सभी संबंधित एजेंसियों द्वारा लगातार निगरानी और समीक्षा की जाएगी ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि एक्यूआई स्तर आगे बढ़कर 'गंभीर' श्रेणी में न आएं।

पर्यावरण मंत्री ने कहा कि प्रतिदिन चिन्हित सड़कों पर पानी का छिड़काव करने और लगातार मैकेनिकल स्वीपिंग मशीन का उपयोग करने का निर्देश दिया गया है। पानी के छिड़काव के लिए 375 वाटर स्प्रिंक्लिंग मशीन लगायी गयी है , 82 मैकनिकल स्वीपिंग मशीन काम कर रही है।

### चीफ सेक्रेटरी बने रहेंगे नरेश कुमार, सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र के फैसले पर लगाई मुहर

नयी दिल्ली। (पीएमए) सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के मुख्य सचिव नरेश कुमार को केंद्र सरकार की ओर से दिए गए सेवा विस्तार पर हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया है। चीफ सेक्रेटरी के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को तगड़ा झटका दिया है। बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के मुख्य सचिव नरेश कुमार को केंद्र सरकार की ओर से दिए गए सेवा विस्तार पर हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया है। केजरीवाल सरकार ने कुछ दिनों पहले चीफ सेक्रेटरी के कार्य प्रणाली के खिलाफ केंद्र को पत्र लिखकर अपना विरोध दर्ज कराया था। इसके बावजूद केंद्र सरकार ने नरेश कुमार का कार्यकाल को 6 महीने के लिए बढ़ा दिया। बता दें कि कुमार 30 नवंबर को अपने पद से रिटायर होने वाले हैं।

## साहित्य अकादमी का पुस्तक मेला 'पुस्तकाय' एक दिसंबर से

नयी दिल्ली। संस्कृति राज्य मंत्री अर्जुन मेघवाल एक दिसंबर को साहित्य अकादमी का वार्षिक पुस्तक मेला 'पुस्तकायन' का उदघाटन करेंगे जिसमें 40 से अधिक प्रकाशक और 50 साहित्यकार – कलाकार भाग ले रहे हैं।

साहित्य अकादमी के सचिव के. श्रीनिवासराव ने बुधवार के यहां बताया कि पुस्तकायन पुस्तक मेले का द्वितीय संस्करण अपने परिसर में एक दिसंबर से नौ दिसंबर तक होगा। मेले का उद्घाटन संस्कृति राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल करेंगे।

वह साहित्य अकादमी पुस्तकालय में बच्चों के लिए नवनिर्मित 'चिल्ड्रन्स कॉर्नर' का भी उद्घाटन करेंगे। उन्होंने बताया कि मेले में 40 से अधिक महत्त्वपूर्ण प्रकाशक शामिल हो रहे हैं। पुस्तक संस्कृति और पढ़ने की रुचि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस पुस्तक मेले में अनेक साहित्यिक कार्यक्रमों के साथ ही कलाकारों के सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

नौ दिनों तक चलने वाले इस मेले में विभिन्न भारतीय भाषाओं के लगभग 50 लेखक और कलाकार शामिल हो रहे हैं।

मेले के दौरान आयोजित साहित्यिक कार्यक्रमों में मुशायरा, कवि सम्मिलन, युवा साहिती, बहुभाषी रचना-पाठ, समूह चर्चा एवं अपने प्रिय लेखक से मिलिए जैसे अनेक कार्यक्रम रखे गए हैं। मेले में बच्चों के लिए भी कार्टून कार्यशाला और उनके प्रिय बाल लेखकों से मिलने के कार्यक्रम रखे गए हैं।

### गौतम बुद्ध नगर में डकैती डालने वाला गिरोह पकड़ा

गौतम बुद्ध नगर। नोएडा की थाना सेक्टर 113 पुलिस ने नोएडा एनसीआर में घरों, कंपनियो, दुकानों में अवैध असलहा के साथ चोरी और डकैती करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस दौरान इस गिरोह के सात बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इन लोगों के कब्जे से भारी मात्रा में चोरी किया गया माल भी बरामद किया गया है। इनसे चोरी का करीब 25 लाख रुपए का सामान बरामद हुआ है। दरसअल, 1 नवम्बर को थाने पर सूचना दी थी कि वह आवश्यक कार्य से घर से बाहर गये हुए थे, घर बंद होने के कारण अज्ञात चोरो द्वारा उनके घर से कीमती सामान व उनकी कार होण्डा सिटी कार चोरी कर ली गयी है। इस सूचना के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया और टीमों का गठन करके इन चोरों की तलाश शुरू कर दी। मंगलवार रात गोपनीय सूचना के आधार पर पर्थला गोल चक्कर के पास ग्रीन बेल्ट में छिपकर संगठित गैंग तैयार कर डकैती की योजना बनाते हुए 7 चोरों को गिरफ्तार कर लिया गया। नोएडा के एडिशनल डीसीपी शक्ति अवस्थी ने बताया कि मोनू उर्फ मोहसीन का एक संगठित गैंग है। पूछताछ के दौरान बताया कि गैंग का मुख्य सरगना मोनू मोहसीन है। गैंग के सदस्य मौ हनीफ उर्फ बंगाली , रूपेश कुमार, नदीम, सत्यम रॉय व आशीष कबाडी की फेरी के दौरान पौस कालोनिया बजारों आदि में चोरी व डकैती की घटनाओं के लिये रैंकी कर बंद मकान, कंपनी व दुकानो आदि को चिन्हित कर गैंग के सरगना मोनू उर्फ मोहसीनको सूचित करते हैं। जबकि गैंग सदस्य योगेश गुप्ता उर्फ सोनू टैक्सी चलाने का काम करता है।

## साहित्य की अद्भुत विधा है 'नाटक' : संजय कुमार गर्ग

**नई दिल्ली।** हिन्दी अकादमी, दिल्ली द्वारा दो दिवसीय (29-30 नवंबर, 2023) ''नाट्य समारोह'' का आयोजन एलटीजी सभागार में किया जा रहा है। नाट्य समारोह का उद्घाटन करते हुए सचिव संजय कुमार गर्ग ने कहा कि नाटक साहित्य की अद्भुत विधा है जो समाज से और उसकी गतिविधियों से सीधा संवाद स्थापित करती है। अभिनय के माध्यम से समाज एवं व्यक्ति के चरित्रों का प्रदर्शन ही नाटक है। इसी कड़ी में बुधवार, 29 नवंबर को सायं 4.00 बजे से सुश्री माधुरी सुबोध द्वारा रचित नाटक मन वृंदावन तथा सायं 6.00 बजे से भगवती चरण वर्मा द्वारा रचित ऐतिहासिक नाटक चित्रलेखा का नाट्य मंचन किया गया।



प्रथम नाटक नीलेश दीपक द्वारा निर्देशित मन वृंदावन में मीराबाई के जीवन प्रसंगों, विविध घटनाक्रमों को सहेजकर नाट्य स्वरूप प्रदान किया गया। गीत-संगीत, नृत्य एवं अभिनय से सजी नाट्य प्रस्तुति बहुत मनोरंजक एवं मनोरम रही। सायं 6.00 बजे से मंचित नाटक कैलाश चंद द्वारा निर्देशित चित्रलेखा की कथा पाप और पुण्य की समस्या पर आधारित है। पाप क्या है? उसका निवास कहाँ है? इन प्रश्नों के उत्तर खोजने के लिए महाप्रभु रत्नाकर के दो शिष्यों श्वेतांक और विशालदेव सामंत बीजगुप्त और योगी कुमारगिरी की शरण में जाते हैं और उनके निष्कर्षों पर महाप्रभु रत्नांबर की टिप्पणी है, संसार में पाप कुछ भी नहीं है, यह केवल मनुष्य की दृष्टिकोण के दृष्टिकोण की विषमता का दूसरा नाम है।

उपरोक्त नाटकों में कलाकारों के अभिनय ने सभाागार में उपस्थित दर्शकों को मोहित कर दिया। नाट्य समारोह के दूसरे दिन वृहस्पतिवार को डॉ. शंकर शेष का लिखा व गौरव ग्रोवर निर्देशित नाटक एक् और द्रोणाचार्य व सुश्री शम्पा मण्डल का लिखा व निर्देशित नाटक %अस्तित्व% का मंचन किया जायेगा। कार्यक्रम के अंत में हिन्दी अकादमी के उपसचिव ऋषिकुमार शर्मा ने निर्देशकों, कलाकारों और दर्शकों को धन्यवाद करते हुए कहा कि नाटक हमें स्वयं से रूबरू करवाते हैं। और जितने भी नाटक रचे गए हैं वो हमारे जीवन से कहीं न कहीं स्पर्श करते हैं।

# 200 करोड़ ठगी मामला : हाईकोर्ट ने ईडी मकोका मामले में अवतार सिंह को जमानत दी

**नई दिल्ली।** हाईकोर्ट ने आरोपी अवतार सिंह कोचर को मनी लॉन्ड्रिंग के साथ-साथ मकोका मामले में भी जमानत दे दी। वह कथित तौर पर सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी है। वह पिछले दो साल से हिरासत में है।




न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने हिरासत की अवधि, उनकी उम्र और उनकी चिकित्सा स्थितियों पर विचार करने के बाद अवतार सिंह कोचर को जमानत दी है। अदालत ने अभियुक्तों की इस दलील पर भी विचार किया कि मुकदमा निकट भविष्य में समाप्त नहीं होने वाला है।

हाईकोर्ट ने जमानत देते हुए कहा कि आरोपी को प्रत्येक मामले में पांच लाख रुपये का निजी बॉन्ड और इतनी ही राशि के दो जमानत बॉन्ड भरने का निर्देश दिया है। अदालत ने आरोपी को देश छोड़ने से पहले अदालत से पूर्व अनुमति लेने, किसी भी गवाह को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करने का प्रयास न करने के साथ ईओडब्ल्यू कार्यालय में अपनी उपस्थिति दर्ज को कहा है।

69 वर्षीय कोचर आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) द्वारा दर्ज मकोका मामले में आरोपी है। अदिति सिंह की शिकायत पर दिल्ली पुलिस ने मामला दर्ज किया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि उनसे 200 करोड़ रुपये की रकम वसूली गई है। दिल्ली पुलिस ने सुकेश चंद्रशेखर और अन्य आरोपी व्यक्तियों को गिरफ्तार किया था। दिल्ली पुलिस पहले ही चार्जशीट दाखिल कर चुकी है।

इसके बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भी पीएमएलए के तहत शिकायत दर्ज कर मामले की जांच की। ईडी द्वारा दायर आरोप पत्र पर संज्ञान लेने के बाद, नई दिल्ली की एक विशेष अदालत ने बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज और अन्य आरोपी व्यक्तियों को समन जारी किया।

### दनकौर में इंटर कॉलेज का गेट काटकर चोरी

**जेवर।** दनकौर के दौला रजपुरा गांव में एक इंटर कॉलेज से मंगलवार देर रात लाखों रुपये की चोरी होने का मामला सामने आया है। बुधवार की सुबह स्टाफ के लोगों के पहुंचने के बाद घटना की जानकारी हुई। आरोप है कि गैस कटर से गेट काटकर घटना को अंजाम दिया गया है। स्कूल के प्रबंधक ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ पुलिस से मामले की शिकायत की है। पुलिस मामले की जांचकर आगे की कानूनी कार्रवाई करने की बात कह रही है। गांव के बाहरी छोर पर इंटर कॉलेज स्थित है। जहां मंगलवार के दिन रात अज्ञात बदमाश ने दीवार कूदकर अंदर घुस गए। जहां उन्होंने गैस कटर से ऑफिस के मुख्य गेट को काटकर उसके अंदर रखे करीब 30 हजार चुरा लिए। साथ ही वहां पर रखे लैपटॉप समेत करीब 2 लाख रुपये के समान को भी चुरा ले गए। स्कूल के प्रबंधक अरुण शर्मा ने बताया कि इस दौरान आरोपी कॉलेज परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे की वायर और उसकी डीवीआर को भी चुरा कर ले गए। उनका कहना है कि आरोपी वाहन में सामान को भरकर ले गए हैं। क्योंकि कॉलेज के नजदीक वाहन के टायर के निशान भी पाए गए हैं। उन्होंने बताया कि मंगलवार की देर शाम तक स्कूल के रखवाली करने वाला गार्ड वहीं था। तब तक कुछ नहीं हुआ था। उसके बाद जब वह अपने घर आ गया। तभी यह घटना हुई है। उन्होंने बताया कि अज्ञात आरोपियों ने इस घटना को अंजाम दिया गया है। जिससे उनके करीब ढाई लाख रुपये का सामान चोरी किया गया है।

## ग्रेटर नोएडा में कमर्शियल प्लॉट आवंटन स्कीम लायी योगी सरकार

ग्रेटर नोएडा। उत्तर प्रदेश की औद्योगिक व आर्थिक उन्नति के साथ ही उन्नत नागरिक सुविधाओं युक्त प्रदेश बनाने की दिशा में प्रयास कर रही योगी सरकार ने ग्रेटर नोएडा के विकास पर विशेष तौर पर बल दे रही है। ग्रेटर नोएडा क्षेत्र फिलहाल देश समेत दुनिया के सबसे उत्तम निवेश गंतव्य के तौर पर उभर कर आ रहा है और जेवर एयरपोर्ट समेत यहां तमाम अवसंरचनाओं का तेजी से हो रहा विकास इसका मुख्य कारण है। विकास की इसी गति को नागरिक सुविधाओं से जोड़ते हुए योगी सरकार ने ग्रेटर नोएडा में कमर्शियल प्लॉट आवंटन स्कीम के जरिए आर्थिक व व्यापारिक गतिविधियों के संचालन का मार्ग प्रशस्त कर दिया है। सीएम योगी की मंशा अनुरूप, ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण इस स्कीम के जरिए प्लॉट आवंटन के आवेदन मांगे हैं जिसे ई-ऑक्शन प्रक्रिया के जरिए पूर्ण किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि कमर्शियल प्लॉट स्कीम के तहत 2313.47 से लेकर 12000 स्क्वेयर मीटर तक के प्लॉट्स के आवंटन का मार्ग प्रशस्त होगा जिससे इस क्षेत्र में विकास व नागरिक सुविधाओं के स्तर में वृद्धि होगी। उल्लेखनीय है कि इस प्लॉट आवंटन स्कीम में रजिस्टर करने के लिए अंतिम तिथि 8 दिसंबर निर्धारित की गई है तथा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के ई-टेंडरिंग पोर्टल के जरिए प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी।

कमर्शियल प्लॉट आवंटन स्कीम (एफएआर-4.0) के जरिए ग्रेटर नोएडा स्थित 22 प्लॉट्स के आवंटन के लिए आवेदन मांगे गए हैं। इनमें सेक्टर डेल्टा-2 के 2313.47 स्क्वेयर मीटर के 5 प्लॉट्स, सेक्टर अल्फा-2 के लिए 2580 स्क्वेयर मीटर के 5 प्लॉट्स, सेक्टर अल्फा-2 में ही 11500 स्क्वेयर मीटर का प्लॉट, सेक्टर इकोटेक-12 में 12000 स्क्वेयर मीटर, टेक्नोजोन-8 में 10000 स्क्वेयर मीटर, सेक्टर 12 में 10400 स्क्वेयर मीटर के 6 प्लॉट्स, सेक्टर 10 में 10600 मीटर स्क्वेयर के 3 प्लॉट्स तथा सेक्टर 10 में 9250 स्क्वेयर मीटर का प्लॉट शामिल है।

# सीके बिरला अस्पताल गुरुग्राम ने दा विंची रोबोटिक सर्जिकल सिस्टम किया लॉन्च

**गुरुग्राम।** 50 सालों से अधिक की विरासत के साथ एक प्रतिष्ठित स्वास्थ्य सेवा प्रदाता सीके बिरला अस्पताल ने आज दा विंची सर्जिकल रोबोट प्रणाली की शुरूआत की है. जो सर्जिकल विज्ञान में नवीनतम प्रगति की शुरुआत है. यह अत्याधुनिक तकनीक सीके बिरला अस्पताल को गुरुग्राम में सबसे एडवांस मिनिमल इनवेसिव सर्जिकल प्रक्रियाएं प्रदान करने में अग्रणी बनाएगा.

सीके बिरला की उपस्थिति में रिबन काटकर इस तकनीक को लॉन्च किया गया. इस मौके पर श्रीमती अमिता बिरला, श्रीमती अवंती बिरला और सीनियर मैनेजमेंट भी शामिल रहा.

दा विंची सर्जिकल रोबोट सर्जनों को अत्यधिक सटीकता और अनुकूलन क्षमता के साथ जटिल प्रक्रियाओं को करने में सक्षम है. जिससे पारंपरिक सर्जिकल तरीकों की तुलना में रिकवरी तेजी से होती है.




उद्घाटन के दौरान श्रीमती अवंती बिरला ने कहा, कि मुझे सीके बिरला अस्पताल में कई महत्वपूर्ण विशिष्टताओं में दा विंची सर्जिकल रोबोटिक प्रणाली को जोड़ते हुए खुशी हो रही है. इस तकनीक को ऑन्कोलॉजी, यूरोलॉजी, मिनिमल एक्सेस, बेरिएट्रिक और जैसे विभागों में जोड़ा जाएगा. रोबोटिक सर्जरी, स्त्री रोग, सामान्य सर्जरी और थोरैसिक सर्जरी में इस तकनीक का उपयोग किया जाएगा. इसका लाभ उठाकर, सर्जन रोबोट-सहायता वाली न्यूनतम इनवेसिव प्रक्रियाओं का संचालन कर सकते हैं, जिससे रोगियों को लाभ मिलता है, उन्हें अस्पताल में कम रहना पड़ता है और रिकवरी भी तेज होती है.

सीके बिरला अस्पताल के मुख्य व्यवसाय अधिकारी श्री विपुल जैन ने कहा कि सीके बिरला अस्पताल में हमारा ध्यान पेशंट फर्स्ट पर रहता है. विश्व स्तरीय नैदानिक देखभाल प्रदान करने की हमारी निरंतर खोज में, हम सर्जरी के बाद अपने रोगियों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए सर्वोत्तम तकनीक में निवेश करते हैं. हम गुरुग्राम के लोगों के लिए यह एडवांस रोबोटिक सर्जरी लाकर रोमांचित हैं. भारत भर में कैंसर जैसी बीमारियों की बढ़ती घटनाओं के साथ, बड़ी संख्या में मरीज सीके बिड़ला अस्पताल, गुरुग्राम में एडवांस उपचार की मांग कर रहे हैं. यह इस क्षेत्र के लोगों के लिए विदेश जाए बिना ही अत्याधुनिक सर्जिकल तकनीक को सुलभ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है. सीके बिरला अस्पताल प्रौद्योगिकी उन्नयन, सुरक्षा, न्यूनतम आक्रामक प्रक्रियाओं और लागत-प्रभावशीलता पर जोर देकर सर्जिकल तकनीकों को आगे बढ़ाने के लिए समर्पित है. दा विंची सर्जिकल रोबोट के साथ, अस्पताल के सर्जन कंप्यूटर-गाइडेड, आवर्धित, 3डी विज़ुअलाइज़ेशन की सहायता से जटिल सर्जरी को कुशलतापूर्वक कर सकते हैं, और लगातार प्रभावशाली परिणाम दे सकते हैं.

# दिल्ली स्कूल ऑफ जर्नलिज्म में 'कूटनीति की जटिलताओं की खोज' पर व्याख्यान आयोजित

नई दिल्ली। दिल्ली स्कूल ऑफ जर्नलिज्म द्वारा 'कूटनीति की जटिलताओं की खोज' विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान में मुख्य वक्ता के तौर पर भारत में उरुग्वे दूतावास के राजदूत अल्बर्टो ए गुआनी उपस्थित रहे। व्याख्यान कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के निदेशक प्रो. जेपी दुबे द्वारा मुख्य वक्ता को अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत के साथ किया गया।

व्याख्यान के दौरान राजदूत एच.ई अल्बर्टो ने पत्रकारिता के विद्यार्थियों को कूटनीति और इसके जटिलता पर प्रकाश डालते हुए अपने पत्रकार और राजनयिक के तौर पर विभिन्न देशों के साथ कूटनीति के जटिल अनुभवों को साझा किया। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है और जिस प्रकार से वैश्विक पटल पर भारत विभिन्न देशों से संतुलित कूटनीतिक रिश्तों का पक्षधर रहा है, यह वाकई में अद्भुत है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने यह भी कहा कि भारत ने जिस तरह जी-20 में अपनी भागीदारी पेश की है, यह सराहनीय है।




उन्होंने कहा कि भारत और उरुग्वे के भू-राजनीतिक संबंध काफी गहरे हैं और इसके सफल 75 वर्ष हो चुके हैं। दोनों देश मानवीय मूल्यों और सामाजिक एवं आर्थिक समानता के संरक्षण में विश्वास रखते हैं।

अल्बर्टो ने अपने संबोधन में आगे कहा कि भारत की युवा शक्ति और मानव पूंजी इसकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने सामाजिक ऊंच- नीच और भेदभाव को वैश्विक समस्या का मुख्य कारण बताया। कार्यक्रम के समापन में उन्होंने कूटनीतिक और अंतरराष्ट्रीय संबंधों पर विद्यार्थियों द्वारा उठाए गए सवालों के जवाब भी दिये। कार्यक्रम का संचालन, संयोजिका डॉ दिमिता केतन मेहता द्वारा किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की समन्वयक डॉ प्रियंका सचदेवा व अन्य शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### दनकौर में तमंचे के बल पर युवक से लूट

जेवर। नोएडा में दनकौर कस्बा निवासी एक पेंटर से रास्ता पूछने के बहाने कार सवार दो बदमाशों ने तमंचे के बल पर 15 हजार रुपये लूट लिए। पीड़ित का कहना है कि वह यह रकम लेकर अपनी बहन के इलाज के लिए अस्पताल जा रहे थे। इस संबंध में पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मंगलवार को शिकायत की है। पीड़ित गुड्डू पेंटर का काम करते हैं। उन्होंने बताया कि उनकी बहन पिछले कई दिनों से बीमार थी। जिनका दनकौर के ही एक प्राइवेट अस्पताल में इलाज चल रहा है। जिसके इलाज के लिए किसी से वह 15 हजार रुपये की रकम उधार लेकर अस्पताल जा रहे थे। इस दौरान कस्बे के दीनदयाल चौराहे के नजदीक कार सवार दो लोगों ने उनसे पेट्रोल पंप का रास्ता पूछा। इस दौरान पीड़ित ने बताया कि वह भी पेट्रोल पंप की तरफ ही जा रहे थे। जिसके चलते आरोपियों ने पीड़ित को अपनी कार में ही बैठा लिया।

## संपादकीय

# खालिस्तान समर्थन : अभद्रता चिंता का स्रोत

आधुनिक युग में अंतरराष्ट्रीय राजनीति में हो रही विभिन्न घटनाओं ने भारतीय राजदूतों को अभद्रता की चिंता में डाल दिया है, जब कुछ देशों में खालिस्तान समर्थन का सिलसिला तेज हो रहा है। इस लेख में हम चर्चा करेंगे कि खालिस्तान समर्थन के नाम पर भारतीय राजदूतों के साथ अभद्रता का स्रोत कैसे बन रहा है और इससे हो रहे असरों पर कैसे ध्यान देना चाहिए।

कुछ देशों में विशेषता से पंजाब क्षेत्र में आबादी की एक भाग के बीच खालिस्तान के लिए समर्थन का माहौल है। यह एक अस्तित्व स्वीकृति का प्रतीक है, जिसे भारत सरकार ने कभी नहीं स्वीकारा है।

खालिस्तान समर्थन के नाम पर कुछ देशों के दूतावासों में अभद्रता की घटनाएं सामान्य हो रही हैं। भारतीय राजदूतों को वहां स्थित सरकारी दफ्तरों में अश्लील टिप्पणियों और असमायिक साक्षात्कारों का सामना करना पड़ रहा है। कुछ देशों ने खालिस्तान समर्थन के नाम पर भारत के खिलाफ राजनीतिक दबाव डालना शुरू किया है, जिससे दोनों देशों के बीच संबंधों में तनाव बढ़ रहा है। सोशल मीडिया ने खालिस्तान समर्थन को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यहां व्यक्तिगत रूप से अभद्रता और भाषा का उपयोग किया जा रहा है जिससे राजनीतिक विवादों को और तेजी से बढ़ावा मिल रहा है। कुछ देशों में अप्रबंधित सोशल मीडिया पर स्वच्छता का पूरा ध्यान नहीं हो रहा है, जिससे वहां के लोगों का खालिस्तान समर्थन बढ़ रहा है।

विभिन्न देशों में खालिस्तान समर्थन को एक राजनीतिक मुद्दा बनाया जा रहा है, जिसमें अभद्र भाषा का उपयोग किया जा रहा है ताकि आपसी विवादों को और तेजी से बढ़ावा मिले।

खालिस्तान समर्थन के मामले में भारत को विश्व समुदाय के साथ मिलकर काम करना चाहिए। भारत को अधिक से अधिक देशों को अपने दृष्टिकोण और सत्ता के संबंध में सूचित करना चाहिए।

सोशल मीडिया और अन्य संचार माध्यमों पर सूचना प्रबंधन की अच्छी राजनीतिक रणनीतियों की आवश्यकता है ताकि जनता को सही और तथ्यात्मक जानकारी मिले।

भारत को समर्थन प्राप्त करने के लिए सुष्ठ संवाद और विशेषज्ञता की आवश्यकता है ताकि दूसरे देश भी इस मुद्दे को सही समझ सकें और अभद्र समर्थन को रोक सकें।

भारतीय राजदूतों के साथ अभद्रता की बातें गंभीर हैं और यह साबित करती हैं कि खालिस्तान समर्थन के नाम पर कुछ लोग कैसे राजनीतिक मुद्दे को बिगाड़ने का प्रयास कर रहे हैं। इस समस्या का सामना करने के लिए सकारात्मक प्रयासों की आवश्यकता है ताकि संबंधों में स्थिरता बनी रहे और भारत की आत्मविश्वासयक भूमिका को मजबूत किया जा सके।

खालिस्तान समर्थन के नाम पर अभद्रता चिंता का स्रोत सीधी बातचीत, सुधार और सांस्कृतिक विशेषज्ञता की माध्यम से ही कम हो सकता है। भारत को अपनी दिप्ति और स्थायिता के साथ आगे बढ़कर इस मुद्दे को सुलझाना होगा।




# श्रमिकों की सुरक्षा को लेकर गंभीरता से चिंतन करने की जरूरत

सिलक्यारा सुरंग के धंसने की यह घटना निश्चित रूप से सुरंग बनाने के काम में लगे विशेषज्ञों और कंपनियों के लिए एक सबक है। मगर इस पूरे घटनाक्रम में अच्छी बात यह रही कि राहत और बचाव के काम में किसी तरह की कोई लापरवाही नहीं बरती गई।

उत्तरकाशी की सिलक्यारा सुरंग में फंसे श्रमिकों को बाहर निकालने में आखिरकार कामयाबी मिल ही गई। सत्रह दिनों से इकतालीस मजदूर उसमें फंसे थे। शुरू में लगा था कि यह कोई बड़ी समस्या नहीं है और जल्दी उन्हें बाहर निकाल लिया जाएगा। मगर जब राहत और बचाव का काम शुरू हुआ तब अंदाजा हुआ कि यह आसान काम नहीं है।

सुरंग में गिरे मलबे को हटाने में हर कदम पर परेशानियां खड़ी होने लगीं। आखिरकार सुरंग के अगल-बगल से खुदाई की कोशिश हुई। उसमें भी कामयाबी नहीं मिल पाई। यहां तक कि खुदाई के लिए जो अत्याधुनिक और शक्तिशाली आगर मशीन लगाई गई, वह भी टूट गई और उसके पुर्जे उसमें फंस गए। तब ऊपर से सीधी खुदाई करके श्रमिकों तक पहुंचने का रास्ता बनाया गया।

उसमें भी आखिरी छोर तक पहुंच कर परेशानियां खड़ी हो गई। आखिरकार हाथ से खुदाई करके रास्ता तैयार किया गया। उसमें एक चौड़ी पाइप डाली गई और उसके रास्ते ट्राली की मदद से उन्हें बाहर निकालने का उपाय किया गया। स्वाभाविक ही इस घटना पर पूरे देश की नजरें लगी रहीं और श्रमिकों के परिजनों और आम लोगों को इतने दिनों तक तरह-तरह की आशंकाएं घेरे रहीं। मगर अच्छी बात है कि राहत और बचाव में जुटे विशेषज्ञों ने हिम्मत नहीं हारी और सदा उम्मीद से भरे रहे।

सिलक्यारा सुरंग के धंसने की यह घटना निश्चित रूप से सुरंग बनाने के काम में लगे विशेषज्ञों और कंपनियों के लिए एक सबक है। मगर इस पूरे घटनाक्रम में अच्छी बात यह रही कि राहत और बचाव के काम में किसी तरह की कोई लापरवाही नहीं बरती गई। अड़चनें पेश आती रहीं, पर हर मुश्किल से पार पाने के उपाय तलाशे जाते रहे। दूसरे देशों के सुरंग विशेषज्ञों से भी सलाह लेने में देर नहीं की गई।

रेलवे से लेकर राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन तक जितने भी इस तरह के बचाव कार्य में विशेषज्ञता वाले विभाग हो सकते थे, सबकी मदद ली गई। केंद्र और राज्य सरकार लगातार इस पर नजर बनाए रहीं तथा बचाव कार्य में लगे लोगों का हौसला बढ़ाती रहीं। मगर इसमें सबसे सकारात्मक बात यह रही कि सुरंग में फंसे श्रमिकों ने हिम्मत नहीं हारी और वे उस अंधेरी तंग सुरंग में जीवन की उम्मीद से भरे अपने बाहर निकाले जाने का इंतजार करते रहे। कई दिन बाद जब उन तक कैमरा पहुंचाया जा सका और उन सभी मजदूरों के सुरक्षित होने की सूचना मिली तो बचाव दल का उत्साह और बढ़ गया।

इस पूरे राहत और बचाव कार्य में जितनी बड़ी कामयाबी विशेषज्ञों की रही उससे बड़ी कामयाबी श्रमिकों के हौसले की थी। इतने दिन किस तरह के भय और आशंकाओं के बीच उन्होंने सुरंग में अपने को जिंदा रखा, यह बड़े जीवट का उदाहरण है। इस विषम परिस्थिति में भी वे जीवन से निराश नहीं हुए। यों भी पहाड़ों पर ठंड रहती है, फिर दिवाली के बाद लगातार ठंड बढ़ती गई, उसमें उन्होंने किस तरह इतने दिन बिताए होंगे, सोच कर सिहरन होती है।

निस्संदेह यह श्रमिकों के हौसले की जीत है। मगर इस घटना के बाद जो एक बड़ा प्रश्नचिह्न विकास परियोजनाओं के सामने लग गया है, उस पर संजीदगी से सोचने का भी यह एक बड़ा मौका है। निश्चित रूप से सिलक्यारा सुरंग बनाने वाली कंपनी को इस तरह के काम का लंबा अनुभव है, मगर श्रमिकों की सुरक्षा को लेकर जरूरी उपाय जुटाने के मामले में उससे गंभीर लापरवाही हुई, इससे इनकार नहीं किया जा सकता।

# श्रमिक को सुरक्षित निकलने में कामयाब हुए फौलादी इरादे



**अशोक मधुप**

वरिष्ठ पत्रकार



दुनियां भर की दुआंए काम आ गईं। फौलादी इंसानी इरादों के आगे आखिर चट्टान हार गई।उत्तराखंड के उत्तरकाशी की सिल्क्यारा सुरंग में फंसे 41 श्रमिकों को आखिरकार 17 वें दिन बाहर निकाल लिया गया। उन्हें मेडिकल जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया। खुद उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह दोनों लगातार सुरंग के पास डटे रहे। पीएमओ के प्रधान सचिव पीके मिश्र भी मौके पर मौजूद रहे। सबसे पहले पांच श्रमिकों को बाहर निकाला गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरे घटनाक्रम पर नजर रखे थे।उन्होंने एक श्रमिक से खुद बात की।उत्तराखंड सरकार ने प्रत्येक श्रमिक को एक-एक लाख रूपया देने की घोषणा की।ये आपरेशन प्रदेश और केंद्र सरकार के संयुक्त प्रयास से कामयाब हुआ।सरकार की 17 एजेंसी के अलावा विदेशी विशेषज्ञ भी इसमें लगे रहे। यह बहुत ही अच्छा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस तरह के प्रत्येक मामले में खुद रूचि लेने लगते हैं।इस मामले में भी ऐसा ही हुआ।आपरेशन के उपकरण लाने के लिए सेना के हरक्युलिस विमान का प्रयोग हुआ। अमेरिका की ड्रिल करने वाली आगर मशीन तक लाकर लगाई गई। इस मामले में ऐसा नही हुआ कि अकेले एक ही एजेंसी बचाव में जुटी रही हो।पूरे देश का तंत्र इसमें लगा था। इस अभियन में सभी सुरक्षा एजेंसी की एकजुटता भी सामने आई। अन्यथा अन्य जगह सबकी अपनी -अपनी ढपली सबका अपना-अपना राग होता है।

यह पहला अभियान नही था।वर्ष 2010 में चिली में कॉपर-सोने की खदान में काम करने वाले 33 श्रमिकों को 69 दिनों के लंबे अंतराल के बाद खदान से सकुशल बाहर निकाला गया था। ये खदान में काम करते थे। खदान में रास्ता अचानक टूटा और सभी लोग 700 मीटर नीचे फंस गए।13 नवंबर 1989 को पश्चिम बंगाल के रानीगंज की महाबीर खदान में 71 मजदूर अपना काम करते खदान में बाढ़ आने से फंस गए थे। इनमें से छह की डूबने से मौत हो गई। सुंरग के बराबर दूसरी सुंरग खोदकर 65 मजदूरों को बचाया जा सका था। 23 जून 2018 को थाईलैंड में 12 बच्चे यहां एक लंबी गुफा में फंस गए थे। थाईलैंड सरकार ने विदेशों से मदद मांगी।100 तैराक दुनिया भर से बुलाए गए ।18 दिन बाद ये बच्चे सकुशल निकल आए।

उत्तरकाशी की सिल्क्यारा सुरंग घटना के बाद से मीडिया में आ रहा है कि हिमालय में सुंरग नही बननी चाहिए।इससे पहाड़ दरक रहे हैं। बड़े हादसे हो सकते हैं।जबकि विकास कार्य करते इस तरह का हादसा होता है।ऐसी बात होती हैं। ये भारत में नही पूरी दुनिया में होता है।हादसे होते हैं। होते रहेंगे किंतु इससे विकास का पहिंया तो नही रोका जा सकता। सड़के बनाना तो नही रूक सकता। ये सड़क चारधाम यात्रा को सुगम बनाने के साथ देश को सीमा से जोड़ने के लिए बनाई जा रही है। बार्डर तक सेना और उसके भारी उपकरणों की सरल आवाजाही के लिए बनाई जा रही है। ये तो देश की बडी जरूरत है।

पहाड़ों पर जब भी विकास होता है तभी कुछ अपने को विशेषज्ञ मानने वाले और पर्यावरणविद शोर मचाने लगतें हैं।इनका यही कहना रहता है कि इससे पहाड़ दरकेंगे।

वहां का पर्यावरण संतुलन बिगड़ेगा। टिहरी डैम बनते भी ऐसा ही हुआ था।उसके विरोध में लंबा आंदोलन चला था।इस परियोजना के विरोध में तो पर्यावरणाविद सुंदरलाल बहुगुणा ने तो 1995 में 45 दिन तक उपवास किया। इन सबके बावजूद टिहरी डैम बन गया। केदारनाथ आपदा के समय पहाड़ों से आए भारी जल को इसी डैम में लिया गया।इसी के कारण प्लेन में होने वाली भारी आपदा टल गई।अगर पानी टिहरी डैम में न लिया जाता तो नीचे प्लेन में भारी तबाही का सामना करना पड़ता।

पहाड़ों में विकास कार्य के दौरान ही हादसे नही होते। हादसे सभी जगह होतें हैं। कहीं बनते पुल गिर जाते हैं तो कही कार्य में लगी विशाल क्रेन श्रमिकों पर आ गिरती है। अभी 23 अगस्त को मिजोरम के सैरांग इलाके के पास एक निर्माणाधीन रेलवे पुल गिरने से 17 मजदूरों की मौत हो गई। 18 मई 2018 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी में वाराणसी कैंट से लहरतारा के बीच बन रहे पुल के गिरन से 18 श्रमिक मरे ।31 मार्च 2016 को कोलकत्ता का विवेकानन्द फ्लाईओवर गिरने से क्रॉसिंग से गुजर रहे 50 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई, जबकि 90 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे।

हादसे होते हैं। होते रहेंगे। इनकी वजह से विकास कार्य नही रोके जा सकते।हादसे होने का कारण श्रमिकों और यात्रियों की सुरक्षा में बरती गई लापरवाही होता है।इसमें भी ऐसा ही हुआ।सुरक्षा मानकों के परीक्षण के लिए बनी एजेंसी सही से जांच और कार्य नही करतीं।इन्ही के कारण हादसे जन्म लेते हैं।इस हादसे में भी ऐसा ही हुआ।

बताया जाता है कि इस सुरंग के बराबर में एक और सुरंग बननी थी।दोनों सुरंगों को बीच- बीच में आपस में जोड़ा जाना था।सुरंग निर्माता कंपनी और निर्माण के मानकों की जांच में लगी एजेंसियों के अधिकारियों की जिम्मेदारी तै होनी चाहिए।उनके विरूद्ध कठोर तक कार्रवाई हो।

एक बात और इस बचाव में रैट-होल खनिकों का भी बड़ा यागदान रहा। जबकि राष्ट्रीय हरित अधिकरण ( एनडीएमए)ने रैट-होल खनन पर रोक लगाई हुई है। अच्छा यह है कि रोक के बावजूद देश की पुरानी परंपरागत ये तकनीक अभी जिंदा है। ये महाभारतकालीन तकनीक है।इसी तकनीक से विदुर ने लाक्षागृह में सुरंग बनवाकर पांडवों को सुरक्षित निकलवा लिया था।ये ही तकनीक हादसे के शिकार श्रमिकों को बाहर निकालने में कामयाब हुई। राष्ट्रीय हरित अधिकरण के रोक के बावजूद इस तकनीक को जिंदा रखने के प्रयास होने चाहिए। जहां तक सुरंग के निर्माण की बात है।श्रमिकों के बचाने के अभियान में यह साफ हो गया कि यहां सामग्री अच्छी क्वालिटी की थी।इसी कारण अमेरिका की आगर मशीन भी गिरे मलबें में फंसे सुरंग के सरियों के आगे विवश हो गई।

इंसान कठिन से कठिन चुनौती को स्वीकार करने का शुरू से आदि है।आदिम अवस्था से आज तक उसकी यही जद्दोजहद उसे जिंदा रखे हुए है। इसी की बदौलत वह चांद पर पंहुचा तो कभी उसने माउंट एवरेस्ट का फतह किया। प्रकृति और इंसान का ये संघर्ष अनवरत चलने वाली प्रकिया है। कभी ये चुनौती हैजे के रूप में सामने आती है तो कभी कोरोना के। इनसे हारकर तो नही बैठा जा सकता। जलप्रलय, भूकंप से डरकर निकलना ही जिजिविषा है।यही इस मामले में सामने आई।

इस हादसे में फंसे श्रमिकों के बचाव से भारत की शाख दुनिया में बढ़ी है। पूरी दुनिया के चैनल और मीडिया इस बचाव कार्य को कवर कर रहा था।इन सबने इस बचाव में भारत की बचाव एजेंसियों की एकजुटता देखी और प्रशंसा की।

# हिंदी भाषा की पवित्रता, व्यापकता ही हिंदी को वैश्विक फ़लक प्रदान करती है

हिंदी भाषा न सिर्फ करोड़ों भारतीय के दिलों में बसी हुई भाषा है बल्कि विदेशों में भी करोड़ों लोगों के मध्य संवाद की भाषा के रूप में स्थापित हो चुकी है। हिंदी को भारतीय संघ की राजभाषा होने का गौरव प्राप्त है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहां भी है राष्ट्रीय व्यवहार में हिंदी को काम में लाना देश की उन्नति के लिए आवश्यक है हिंदी की सार्वभौमिक स्वीकार्यता के कारण ही भारतीय राजनेताओं ने हिंदी को राजभाषा का दर्जा देने का निर्णय लिया था। उल्लेखनीय है कि हिंदी भाषा विदेशों में जितनी फल फूल रही है बल्कि हिंदी बोलने वाले भारतवंशी कई देशों के राष्ट्र प्रमुख भी हैं जैसे ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, मॉरीशस के राष्ट्रपति पृथ्वीराज सिंह रूपन, पुर्तगाल के एंटोनियो कोष्टा प्रधानमंत्री, श्री इरफान गुयाना के राष्ट्रपति, सुरीनाम के राष्ट्रपति चंद्रिका प्रसाद संतोखी, और सेसिल के राष्ट्रपति रामखेलावन पदस्थ हैं। इन देशों में हिंदी के प्रचार-प्रसार के अलावा अंतर्राष्ट्रीय बाजार भी हिंदी के विस्तार का बड़ा माध्यम बना हुआ है। हिंदी मूलत: बड़ी विशाल एवं आसानी से बोली जाने वाली, लिखी जाने वाली भाषा है। भारत की भौगोलिक विशालता और विविधता के बावजूद हिंदी सर्व स्वीकार्य और देश की सर्व सम्मत भाषा है। यह अलग बात है कि अभी तक संवैधानिक रूप से इसे राष्ट्रभाषा का दर्जा प्राप्त नहीं हो पाया है। स्वतंत्रता आंदोलन के समय आंदोलनकारियों ने यह महसूस किया की एकमात्र हिंदी भाषा ही ऐसी भाषा है जो दक्षिण के कुछ क्षेत्र को छोड़कर पूरे देश की संपर्क भाषा है। भारत के संविधान में कुल 22 भाषाओं को मान्यता प्राप्त है। पर हिंदी भाषा ही एक ऐसी भाषा है जो भारत में विभिन्न भाषा भाषाई नागरिकों के मध्य विचार विनिमय और संपर्क के लिए एक बड़ा सहारा है।

हिंदी के विशाल स्वरूप को मद्दे नजर रख पूर्व राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद जी ने भी कहा हिंदी चिरकाल से ऐसी भाषा रही है जिसने मात्र विदेशी होने के कारण किसी शब्द का या भाषा का बहिष्कार नहीं किया यह शब्द हिंदी की पवित्रता और व्यापकता को इंगित करते हैं। वर्तमान परिस्थितियों एवं समय काल मैं पूरे विश्व में 45 करोड़ लोगों द्वारा बोले जाने वाली भाषा है। इसकी सरलता एवं सहजता विश्व के लोगों को अत्यंत प्रभावित भी करती है। हिंदी के विद्वानों,शिक्षाविदों, लेखकों, रचनाकारों और युवा लेखकों द्वारा हिंदी को वैश्विक पहचान दिलाने में अहम भूमिका भी निभाई है। कई नामचीन विद्वान लेखक जिन्होंने हिंदी को वैश्विक भाषाई शिखर पर पहुंचाया है। इसी अनुक्रम में 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने एकमतेन हिंदी को भारत की राजभाषा बनाने का निर्णय लिया और 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाने का निर्णय भी लिया गया था। और हिंदी दिवस मनाने का एकमात्र उद्देश्य राजकीय कार्यालयों इसके व्यापक प्रचार प्रसार एवं पत्राचार में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने की ही है।

हिंदी भाषा को पूरे विश्व में द्वितीय भाषा के रूप में माना जाता है। हिंदी नए वैश्विक स्तर पर अपने चलन के कारण अंग्रेजी भाषा को भी काफी पीछे छोड़ दिया है।




# विधानसभा चुनावो में दिखाया कांग्रेस ने दम



**रमेश सर्राफ धमोरा**



देश के पांच राज्यो के विधानसभा चुनावो में कांग्रेस ने अपनी ताकत का एहसास कराया है। कर्नाटक व हिमाचल प्रदेश विधानसभा के चुनाव में कांग्रेस ने भारी बहुमत से अपनी सरकार बनाकर भाजपा को जबरदस्त पटकनी दी थी। तभी से लगने लगा था कि कांग्रेस धीरे-धीरे अपनी स्थिति सुधार रही है। वहीं केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा का पराभव प्रारंभ हो चुका है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जब भारत जोड़ो यात्रा प्रारंभ की थी तो किसी को सपने में भी गुमान नहीं था कि उनकी यात्रा को आमजन का इतना जन समर्थन मिलेगा। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा ने कमजोर होती कांग्रेस में एक नई जान फूंकने का काम किया है।

पांच राज्यों में चल रहे विधानसभा चुनाव को लोकसभा चुनाव के ट्रेलर के रूप में देखा जा रहा है। इन राज्यों के नतीजे का असर अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव में देखने को मिलेगा। सबसे बड़ी बात 26 विपक्षी दलों द्वारा बनाए गए इंडिया गठबंधन अगले लोकसभा चुनाव में भाजपा को कितनी बड़ी चुनौती दे पाएगा इसका पता भी इन विधानसभा चुनाव के परिणामों से लग जाएगा। राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, मिजोरम में विधानसभा की कुल 679 सीटों के लिए हो रहे चुनाव में कांग्रेस प्राय सभी सीटों पर चुनाव लड़ रही है।

हिंदी भाषी बेल्ट माने जाने वाले राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ में तो कांग्रेस की भाजपा से सीधा मुकाबला है। पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने इन तीनों प्रदेशों में सरकार बनाई थी। मगर भाजपा ने षडयंत्र पूर्वक मध्यप्रदेश की सरकार को गिरकर शिवराज सिंह चैहान के नेतृत्व में अपनी सरकार बना ली थी। अब इन तीनों ही प्रदेशों में एक बार फिर कांग्रेस व भाजपा में सीधा मुकाबला हो रहा है। यहां मतदान हो चुका है। मतदान के प्रारंभिक रुझानों से लगता है कि कांग्रेस मजबूत बनकर उभर रही है।

राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व में कांग्रेस ने पिछले दो वर्षों में बहुत सी जनहितकारी योजनायें शुरू की थी। जिसका असर इन चुनाव में भी देखने को मिला है। चुनाव के दौरान राजस्थान में कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में प्रदेश की जनता से सात वायदे किए हैं तथा कहा है कि यदि फिर से कांग्रेस की सरकार बनती है तो वह इन वादों को लागू करेगी। यह सभी वायदे आमजन को खासा प्रभावित कर रहे हैं।

राजस्थाना में कांग्रेस ने कमजोर स्थिति वाले बहुत से विधायकों का टिकट काट कर नए लोगों को मौका दिया है। जिससे सरकार के प्रति व्याप्त नाराजगी समाप्त हुई है। राजस्थान विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस तरह से चुनावी चक्रव्यूह की रचना की थी जिसमें भाजपा के दिग्गज नेता भी उलझ कर रह गए। कई बड़े जाट नेताओं के भाजपा में जाने के बावजूद कांग्रेस पार्टी ने जाट समाज के लोगों को बढ़ चढ़कर टिकट दिया थां जिसके चलते जाट समाज के मतदाता कांग्रेस से ही जुड़े रहे हैं।

प्रदेश में सबसे बड़ी आबादी जाट समाज की है जो पारंपरिक रूप से कांग्रेस के समर्थक रहे हैं। इस बार भी जाटों का कांग्रेस से जुड़ाव कांग्रेस के लिए एक नई संजीवनी साबित हो रहा है। हालांकि भाजपा ने सात सांसदों को चुनाव मैदान में उतारा था। मगर सभी सांसद चुनावी चक्रव्यूह में फंसे हुए नजर आये। उनके चुनाव लड़ने से भाजपा को कोई फायदा होता नजर नहीं आ रहा है। उसके उलट कांग्रेस ने संगठन से जुड़े कई नए लोगों को अवसर देखकर पार्टी कार्यकर्ताओं में एक नए जोश का संचार किया है।

मध्य प्रदेश में कांग्रेस को भाजपा द्वारा करवाए गए दल-बदल का लाभ मिलता नजर आ रहा है। पिछले विधानसभा चुनाव में वहां कमलनाथ के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनी थी। मगर सवा साल बाद ही भाजपा ने ज्योतिरादित्य सिंधिया समर्थक विधायकों से दल-बदल करवाकर कमलनाथ सरकार को गिराकर भाजपा की सरकार बना ली थी। भाजपा ने वहां अपनी जोड़-तोड़ से सरकार तो बना ली थी। मगर कांग्रेस से भाजपा में आए सिंधिया समर्थक विधायकों व भाजपा के मूल कार्यकर्ताओं का टकराव कभी समाप्त नहीं हो पाया। यहां तक की टिकट वितरण में भी भाजपा दोनों गुटों को एक जगह करने में असफल रही।

इसी के चलते बड़ी संख्या में भाजपा के बागी मैदान में उतरकर भाजपा प्रत्याशियों को नुकसान पहुंचाया है। मध्य प्रदेश में लगातार शिवराज सिंह के मुख्यमंत्री बनने व उनके शासन में खुले आम भ्रष्टाचार होने के कारण वहां की जनता में सरकार के प्रति भारी नाराजगी व्याप्त थी। जिसका असर चुनाव में होना तय माना जा रहा है। शिवराज सिंह चैहान के मुख्यमंत्री रहते पहले व्यापम घोटाने का दाग लगा था जो धूल भी नहीं पाया था कि पिछले दिनो पटवारी भर्ती परीक्षा को लेकर भी शिवराज सिंह सरकार को खासी बदनामी झेलनी पड़ी थी।

लगातार चार बार मुख्यमंत्री रहने के कारण मध्य प्रदेश के लोगों में शिवराज सिंह चौहान की नकारात्मक छवि बन चुकी है। जिसका खामियाजा वहां भाजपा को उठाना पड़ेगा। मध्यप्रदेश में भी भाजपा ने बड़ी संख्या में केंद्रीय मंत्रियों व सांसदों को मैदान में उतार कर शिवराज सरकार के प्रति व्याप्त हो रही नाराजगी को कम करने का प्रयास किया था। मगर ऐसा हो नहीं पाया। मध्य प्रदेश की जनता शिवराज सरकार के कारनामों के कारण हर हाल में भाजपा सरकार को बदलना चाहती है।

छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कांग्रेस के पहले ऐसे नेता है जो पांच साल शासन करने के उपरांत भी प्रदेश की जनता में पहले की तरह लोकप्रिय बने हुए हैं। जमीन से जुड़े होने के कारण बघेल को आम आदमी की समस्याओं का पता है। अपने कार्यकाल में उन्होंने आम आदमी के भले से जुड़ी अनेकों योजनाएं जारी कर लोगों में अपनी सरकार के प्रति नकारात्मक भावना पैदा ही नहीं होने दी। जिसका लाभ उनको विधानसभा चुनाव में भी मिलता दिख रहा है। अंतिम वर्ष में उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी टीएस सिंह देव को उपमुख्यमंत्री बनाकर उनकी नाराजगी ही दूर नहीं की बल्कि कांग्रेस संगठन को भी मजबूत करने का काम किया है।

पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा के मुख्यमंत्री रमन सिंह के 15 साल के कार्यकाल से तंग आ चुकी जनता को भूपेश बघेल ने एक नया नेतृत्व देखकर प्रदेश के सभी वर्गों के विकास का वादा किया था। जिस पर उन्होंने खरा उतरने के लिए पूरा प्रयास किया है। छत्तीसगढ़ में भी कांग्रेस मजबूती के साथ चुनाव लड़ी है और फिर से सरकार बनाने को लेकर पूरी तरह आशान्वित नजर आ रही है।

तेलंगाना में कांग्रेस ने सबसे अधिक मजबूती दिखाई है। 2014 के बाद तेलंगाना में कांग्रेस बहुत कमजोर स्थिति में पहुंच गई थी। मगर इस बार बीआरएस पार्टी के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव को कड़ी टक्कर दे रही है। वहां तो स्थिति यहां तक पहुंच गई है कि भाजपा व मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव की पार्टी में गुप्त समझौता हुआ बताते है। जिसके चलते भाजपा कांग्रेस को हराने के लिए अंदरखान बीआरएस को चुनाव जितवाने का प्रयास कर रही है। इसी के चलते विधानसभा चुनाव प्रचार में भाजपा की तरफ से पहले जैसी आक्रामकता नजर नहीं आयी।

मिजोरम में कांग्रेस पूरी ताकत से सत्ता में आने का प्रयास कर रही है और कांग्रेस नेताओं के चुनाव प्रचार से लगता है कि वहां कांग्रेस अपनी खोई जमीन को फिर से पा लेगी। विधानसभा चुनाव के नतीजे आने में अभी समय है। मगर जिस तरह से मतदान हुआ है उसको देखकर लगता है कि आने वाला समय कांग्रेस के लिए शुभ संकेत लेकर आएगा।

## शार्ट न्यूज

### सिंहासन चौहान के 151 में गिरफ्तारी का झूठ उजागर, एफआईआर की मांग

**लखनऊ ।** (पीएमए) आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने उनकी पार्टी के बलिया जिला उपाध्यक्ष सिंहासन चौहान की 151 सीआ एमरपीसी में गिरफ्तारी से जुड़े तथ्यों को पूरी तरह असत्य और भ्रामक बताते हुए इस संबंध में एफआईआर की मांग की है. डीजीपी उत्तर प्रदेश को भेजी अपनी शिकायत में उन्होंने कहा कि गिरफ्तारी आदेश में थाने के दरोगा वीरेंद्र प्रताप दूबे द्वारा यह दावा किया गया कि सिंहासन चौहान अपने गांव शाहपुर टिटिहा में अपने प्रतिवादियों से विवाद कर रहे थे और पुलिस पर रात्रि 12.30 पर उन्हें गांव में गिरफ्तार कर थाने लाया गया. इसके विपरीत सच्चाई यह है कि सिंहासन चौहान सुबह से ही थाना भीमपुरा में थे, जहां शाम में उनके और उनकी पत्नी लीलावती देवी द्वारा थाने के सामने विरोध प्रदर्शन शुरू किया गया, जिसके बाद करीब 7: 00 बजे उन्हें थाने में ले जाया गया और वह पूरी रात थाने में ही रहे. सीओ रसड़ा द्वारा भी बलिया पुलिस के ट्विटर हैंडल से यह कहा गया था कि सिंहासन चौहान की गिरफ्तारी थाने पर हुई. अमिताभ ठाकुर ने इन समस्त साक्ष्यों को प्रेषित करते हुए फर्जी 151 रिपोर्ट के संबंध में एफआईआर दर्ज करने की मांग की है.

### तमंचा दिखाकर व्यापारी का स्कूटर छीना

अलीगढ़। अलीगढ़ में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। अलीगढ़ के देहलीगेट थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे एक व्यापारियों को अपराधियों ने तमंचा दिखाकर लूट लिया। व्यापारी गूलर रोड स्थित अपने घर से निकले थे। पीड़ित ने बताया कि घर से निकलते ही अगली गली में आरोपियों ने उसे घेर लिया और तमंचा दिखाकर स्कूटर देने को कहा। आरोपियों के हाथ में हथियार देखकर उसने चुपचाप अपनी स्कूटर उन्हें दे दी। जिसके बाद आरोपी फायर करते हुए वहां से भाग निकले। वहीं पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। सासनीगेट के लोधी विहार निवासी कुलदीप वार्ष्णेय महावीर गंज में परचून के थोक व्यापारी हैं। उन्होंने बताया कि महावीर गंज छगनी बजार में उनका पुराना मकान है। उनके साढू की बेटी की शादी थी और लेडीज संगीत में शामिल होने के लिए वह जा रहे थे। उनकी पत्नी और परिवार के अन्य लोग कार से पहले ही रवाना हो गए थे। वह अपनी दुकान का काम निपटाकर अकेले स्कूटर से कार्यक्रम में जाने के लिए निकले थे। वह घर से कुछ ही दूर पहुंचे थे कि गली में आरोपियों ने उन्हें रोक लिया। गूलर रोड पर उनके साथ यह घटना हो गई। उन्होंने बताया कि आरोपी हथियार लिए हुए थे, जिसके चलते उन्होंने अपना स्कूटर उन्हें दे दिया। स्कूटर में 7-8 हजार रुपए और जरूरी कागज रखे हुए थे।

### मेरठ घर में मिली टीचर की डेडबॉडी

मेरठ। मेरठ के शास्त्री नगर में मंगलवार देर रात टीचर की डेड बॉडी उसके घर के अंदर मिली है। मौके पर पहुंची पुलिस ने गेट तोड़कर घर के अंदर देखा तो कमरे में टीचर की डेडबॉडी पड़ी थी। मृतक शिक्षिका शोभा उप्पल सेंट मेरीज एकेडमी में पढ़ाती थी। लगभग 10 साल पहले वहां से रिटायर हुई थी। टीचर घर में अकेली रहती थी। बताया जा रहा है कि मंगलवार को दिनभर टीचर के घर का दरवाजा बंद रहा। मेनगेट भी नहीं खुला। यहां तक कि गेट पर पेपर भी पड़ा रहा। दिनभर किसी पड़ोसी ने बुजुर्ग शिक्षिका को घर से बाहर निकलते नहीं देखा। रात तक टीचर दिखाई नहीं दी तो लोगों को शक हुआ। उन्होंने बाहर से टीचर को आवाज लगाई। दरवाजा नहीं खुला। टीचर के मोबाइल पर फोन किया तो वो भी रिसीव नहीं हुआ। इसके बाद पड़ोसियों ने नौचंदी थाना पुलिस को कॉल किया। मौके पर इंस्पेक्टर सुबोध सक्सेना टीम के साथ पहुंचे। दरवाजा नहीं खुला तो पुलिस ने दरवाजा तोड़ा। देखा कि टीचर शोभा उप्पल बेड पर पड़ी हैं। पास जाकर चैक किया तो उनकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को मोर्चरी भेज दिया। वहीं शोभा उप्पल के फोन से उनकी बहन आभा उप्पल को मौत की जानकारी दी गई। आभा सिविल लाइन थाना क्षेत्र मेरठ में रहती हैं। लेकिन इन दिनों वो भी मेरठ से बाहर हैं।

### डीएम-एसपी ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

जालौन। जालौन में बुधवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय व पुलिस अधीक्षक ईरज राजा ने संयुक्त रूप से जिला कारागार में विभिन्न बैरकों का निरीक्षण किया। इस दौरान बैरक में गंदगी देख नाराजगी जताई। साथ ही अधिकारियों को सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीएम-एसपी ने जिला कारागार परिसर में बैरकों की तलाशी ली। साथ ही जिला कारागार परिसर में स्थित अस्पताल में भर्ती बंदियों की भी तलाशी ली गई। इसके अलावा परिसर स्थित संदिग्ध स्थानों की बारीकी से खंगाला गया। तलाशी के दौरान कोई भी आपत्तिजनक एवं गैरकानूनी सामान जिला कारागार में नहीं पाया गया। जिलाधिकारी ने जेल अधीक्षक को सीसीटीवी कैमरों की विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने जेल अधीक्षक को सरकार ने बन्दियों को उपलब्ध कराई जाने वाली सारी सुविधाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बैरकों में किसी प्रकार की गंदगी न दिखाई दे। साथ ही शौचालय भी साफ रखा जाए।

### कौशांबी में सुसाइड नोट लिखकर युवक ने दी जान

कौशांबी। कौशांबी के पिपरी थाना क्षेत्र के एक गांव में 35 वर्षीय युवक का शव उसके अपने घर में फंदे पर लटकता हुआ मिला है। युवक ने बीती रात फांसी लगाने से पहले लिखे सुसाइड नोट में भाईयो को अपनी मौत का जिम्मेदार ठहराया है। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर जांच शुरू कर दी है। पिपरी के निजामपुर पुरैनी गांव में राजकुमार पुत्र संतोष अपने परिवार के साथ रहता था। परिवार मे पत्नी विमला, बेटी पूर्णिमा और अनन्या हैं। इसके अलावा राजकुमार के 3 भाई शनि, साजन और साहिल प्रयागराज के मुंडेरा में रहते हैं। राजकुमार का अपने भाइयों से जायदाद के बंटवारे को लेकर विवाद पिछले कई साल से चल रहा था। राजकुमार की पत्नी विमला के मुताबिक उसके पति ससुर से मुडेरा की प्रापर्टी में हिस्सा चाहते थे। इस जमीन को उनके तीनों भाइयो ने चालाकी से पिता संतोष व मां सुनीता को अपने साथ मिलाकर अपने कब्जे में कर लिया था। उनके हिस्से में गांव की छोटी सी जमीन का टुकड़ा आया था। इसमें गुजर-बसर कर पाना मुश्किल हो रहा था। पति दिन भर दिहाड़ी मजदूरी कर अपने बच्चों का पेट पाल रहे थे। इसके बाद भी उनके भाई गांव की जमीन पर अपनी नजर गड़ाए हुए थे। मृतक राजकुमार ने अपने भाइयों से जायदाद को बंटवाने के लिए कई बार शिकायत थाना पुलिस से लेकर तहसील दिवस में की थी, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई।

### प्रसव के दौरान महिला की मौत, हंगामा

जौनपुर। जौनपुर में पीएचसी सेंटर पर स्थित जच्चा बच्चा केंद्र पर प्रसव के दौरान महिला की मौत हो गई। इसके बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया। प्रसव कराने वाली एएनएम पर प्रसव के नाम पर पांच हजार रुपए लेने के बावजूद लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। शव को पकड़ी ब्लाक चौराहे पर रखकर हाइवे जाम कर दिया। आधे घंटे तक जाम से वाहनों की कतार लग गई। पुलिस ने समझाकर जाम खुलवाया। बक्शा थाना क्षेत्र के कुंवरदा गांव के सचिन गौतम की पत्नी सविता गौतम (32) को मंगलवार रात प्रसव पीड़ा हुई तो सास फूलपत्ती देवी व अन्य परिजनों के साथ पकड़ी ब्लाक स्थित एएनएम सेंटर पर पहुंची। बुधवार सुबह साढ़े पांच बजे नॉर्मल डिलीवरी हुई और बच्चा पैदा हुआ। परिजनों ने आरोप लगाया कि प्रसव कराने वाली एएनएम ने उनसे डिलीवरी कराने के एवज में पांच हजार रुपए लिए। महिला ने प्रसव के बाद परिजनों से बात भी की। प्रसव कराने के बाद एएनएम अपने घर चली गई। इसके बाद अचानक महिला की हालत बिगड़ने लगी तो कुछ देर बाद उसने दम तोड़ दिया। महिला की मौत पर कर्मियों के हाथ पांव फूल गए। परिजनों ने हंगामा करते हुए शव को पकड़ी चौराहे पर ले जाकर बीच सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। बक्शा थानाध्यक्ष विवेक तिवारी, सिकरारा से राजाराम द्विवेदी, सीओ सदर संतप्रसाद उपाध्याय मौके पर पहुंचे और जाम खुलवाया। शव को पीएचसी सेंटर भिजवाया। वहां से परिजन शव लेकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग पर हंगामा करते रहे।

# ये डबल इंजन की सरकार है, ये कहती नहीं करके दिखाती है: सीएम योगी

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन डेंगू के मुद्दे पर अखिलेश यादव को दिया करारा जवाब**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन डेंगू पर विपक्ष के सवालों का सीएम योगी ने करारा जवाब दिया। खासकर उन्होंने नेता प्रतिपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज के संबंध में जो वक्तव्य दिया गया है तो याद रखना कि ये डबल इंजन की सरकार है, ये कहती नहीं बल्कि करके भी दिखाती है। दरअसल, नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया था कि सरकारी अस्पतालों में लोगों को डेंगू का इलाज नहीं मिल रहा और लोग प्राइवेट अस्पतालों में इलाज के लिए मजबूर हैं। नेता प्रतिपक्ष और सपा विधायकों के सवालों का जवाब डिप्टी सीएम और हेल्थ मिनिस्टर ब्रजेश पाठक दे रहे थे। विपक्षी विधायकों के शोर-शराबे के बीच सीएम योगी खड़े हुए और उन्होंने चुन-चुनकर सारे आरोपों का जवाब दिया।

### पूरा जवाब सुनेंगे तो पुराना इतिहास याद आने लगेगा

सीएम योगी ने कहा कि विपक्ष ने डेंगू पर जैसा प्रश्न किया, वैसा ही उसका उन्हें उत्तर मिल रहा है। जब प्रश्न ही उल्टा था तो उस उल्टे प्रश्न को सही करने का प्रयास था। अभी आपने आधा ही जवाब सुना है, पूरा सुनेंगे तो संभवतः पुराना इतिहास याद आने लगेगा। सीएम योगी ने कहा कि डेंगू को लेकर सरकार पहले से ही अवेयर थी। अंतरविभागीय समन्वय से संचारी रोग नियंत्रण के लिए सरकार ने गंभीर प्रयास किया है। आपने सिर्फ डेंगू की बात की है, लेकिन जब वेक्टर बांड डिजीज की बात करते हैं तो उसमें डेंगू के साथ मलेरिया, चिकनगुनिया, कालाजार जैसी डिडीज भी आती हैं। इन सभी से संबंधित वेक्टर बांड डिजीज हों या वाटर बांड डिजीज हों,



इनके उपचार के लिए सरकार के स्तर पर एक समन्वित प्रयास किया गया है। उस समन्वित प्रयास के माध्यम से ही संचारी रोग नियंत्रण के एक विशेष अभियान को वर्ष में तीन बार चलाया जाता है। पहले 15 दिन अवेयरनेस के साथ-साथ अंतरविभागीय समन्वय से स्वास्थ्य विभाग नोडल विभाग होने के नाते सभी अन्य विभागों के समन्वय से इन कार्यक्रमों को नियंत्रित करता है। इसके बाद दस्तक अभियान के माध्यम से डोर टू डोर जाकर यदि कोई भी व्यक्ति बुखार से पीड़ित है तो उसे नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र में उपचार की सुविधा दिलाने की व्यवस्था करना शामिल है।

### सीएम ने विपक्ष को समझाया पूरे प्रदेश में बीमारियों का भूगोल

सीएम योगी ने उत्तर प्रदेश में क्षेत्रवार बीमारियों का जिक्र करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश 25 करोड़ आबादी का राज्य है और स्वाभाविक रूप से अलग-अलग क्लाइमेटिक जोन होने के नाते अलग-अलग क्षेत्र में अलग-अलग बीमारियां देखने को मिलती हैं। जैसे आप ईस्टर्न यूपी से चलकर के नेपाल की तराई से लेकर सहानपुर तक देखेंगे तो इंसेफेलाइटिस से पूरा क्षेत्र प्रभावित था। अगर आप बरेली और बदायूं के आसपास के क्षेत्र को देखेंगे तो यह मलेरिया से ज्यादा संक्रमित रहता था। वाराणसी से प्रयागराज, लखनऊ, कानपुर होते हुए फिरोजाबाद और आगरा तक पहुंचेंगे तो यह पूरा क्षेत्र डेंगू से प्रभावित है। बुंदेलखंड क्षेत्र में देखेंगे तो यह पूरा क्षेत्र चिकनगुनिया से प्रभावित है। बिहार से सटे हुए जो क्षेत्र हैं वहां पर कालाजार ज्यादा प्रभावी रूप से देखने को मिलता था। उन्होंने कहा कि आपने सिर्फ डेंगू की चिंता की, डेंगू पूरी तरह से नियंत्रण में हैं जो सरकार के द्वारा समय से उठाए गए कदमों का परिणाम है।

### हर जनपद में कार्य कर रहे ब्लड सेपरेटर यूनिट

सीएम योगी ने डेंगू के विषय में कहा कि यह एक प्रकार का फ्लू है। इसका अपना एक साइकिल होता है। मुझे आश्चर्य होता है कि जो सदस्य यह विषय उठा रहे थे वो जब चिल्ला रहे थे तो मुझे उनके स्वास्थ्य की भी चिंता हो रही थी। आपने जो बात कही है, वो ब्लड ट्रिप नहीं है उसको प्लेटलेट्स कहते हैं। वह पर्याप्त मात्रा में हर जनपद में उपलब्ध है। पहले क्या होता था कि हम पूरा ब्लड चढ़ाते थे। हर एक पेशेंट पर पूरे ब्लड की आवश्यकता नहीं है, खासतौर पर जो वायरल जनित बीमारियां होती हैं जिनमें डेंगू है या बहुत सारे ऐसे वायरस आते हैं जो प्लेटलेट्स काउंट को कम करते हैं। हम उस स्थिति में प्लेटलेट्स की अतिरिक्त आपूर्ति करते हैं।

# बारातियों ने की 2 सगे भाइयों की हत्या

**पुलिस ने एनकाउंटर में 3 को गोली मारकर 6 आरोपियों को पकड़ा**

एजेंसी

शाहगंज, जौनपुर। जौनपुर में बारातियों ने 2 सगे भाइयों की चाकू मारकर हत्या कर दी। बारात के दौरान बाराती नजदीक फास्ट फूड की एक दुकान पर शराब पीने गए। दुकान मालिक भाइयों ने वहां शराब पीने से मना किया। इसको लेकर विवाद हो गया। नशे में धुत बारातियों ने दोनों भाई को ताबड़तोड़ चाकू मारे। घटना से बारात में हड़कंप मच गया।

आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस दोनों घायल भाई अजय और अंकित प्रजापति को हॉस्पिटल ले गई। वहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने 5 घंटे बाद एनकाउंटर में 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।



इनमें 3 के पैर में गोली लगी है। पूरी घटना खेतासराय घटना की है।

खेतासराय में खुटहन रोड पर मंगलवार रात 9 बजे बारात निकल रही थी। इसमें बाराती नाचते-गाते जा रहे थे। यहीं पर फूलचंद की फास्ट फूड की दुकान है। रात को उनके बेटे अजय (23) और अंकित (20) दुकान में बैठे हुए थे। नशे में धुत 6 बाराती फास्ट फूड की दुकान पर पहुंच गए।

वह वहां शराब पीने की तैयारी करने लगे। इसमें कुछ बराती उल्टी कर रहे थे। यह देखकर अंकित और अजय ने दुकान में शराब पीने से मना किया तो बाराती अड़ गए। जबरदस्ती करने लगे। कुछ ही देर में बात बिगड़ गई। मारपीट शुरू हो गई। बरातियों ने चाकू से दोनों भाइयों पर हमला बोल दिया।

बरातियों ने दोनों भाइयों को चाकू से ताबड़तोड़ हमला किया। दोनों भाई बुरी तरह घायल होकर वहीं गिर गए। उनकी मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ की। जिस बारात में वह शामिल होने आए थे, उनके बारे में पूछताछ की। जिस घर में बारात आई थी, वहां भी पुलिस ने जांच की।

खेतासराय कस्बा स्थित बभनौटी की बिंद बस्ती में नाटे बिंद की लड़की की शादी थी। बारात मनेछा से आई थी। बारात में आए बारातियों ने इस घटना को अंजाम दिया है।

### वारदात के बाद भागे आरोपी, पुलिस ने किया एनकाउंटर

एसपी डॉ. अजय पाल शर्मा ने बताया कि वारदात के पांच घंटे के भीतर ही पुलिस ने घटना में शामिल सभी 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि मनेछा गांव में आरोपियों की लोकेशन मिली थी। पुलिस ने उनको घेरा तो फायरिंग कर दी। जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की। इसमें तीन आरोपियों मुकेश बिंद, नीशू बिंद और सतीश बिंद के पैर में गोली भी लगी। वहीं, तीन आरोपी विवेक बिंद, जगदीश उर्फ रामसिंह बिंद और अमरजीत बिंद को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से तमंचा, कारतूस और चाकू बरामद किया है।

# अनियंत्रित कार ने चार को रौंदा, हादसे में तीन की मौत

**एक की हालत गंभीर; आक्रोशित परिजनों ने वाहन को तोड़ डाला**

एजेंसी

जौनपुर। जौनपुर के जफराबाद थाना क्षेत्र के ताड़तला में बुधवार की सुबह अनियंत्रित कार ने बाइक सवार सहित 4 लोगो को रौंद दिया। जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई, वहीं एक की हालत गंभीर बनी हुई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया है। एक घायल को अस्पताल में भर्ती करा दिया है। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

जानकारी के अनुसार सेवालाल (70) निवासी उचवा, शाहनवाज पुत्र आफताब (28) नैपुरा, राजदेव यादव (62) पुत्र रामदुलार बिगही जमालपुर जलालपुर इन तीन लोगों की मौत हो गई है। घायल जवाहर पाल उम्र 26 वर्ष पुत्र बाबा पाल निवासी नेपुरा का जिला



अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### आक्रोशित परिजनों ने वाहन को तोड़ डाला

घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने वाहन को तोड़ डाला है। मौके पर भारी पुलिस फोर्स मौजूद है। कार सहित चालक पुलिस कब्जे में है। घटनास्थल पर तमाम लोग मौजूद हैं।

# कुल्हाड़ी मारकर 75 साल की महिला की हत्या

**झांसी।** झांसी में कुल्हाड़ी मारकर 75 साल की एक महिला की हत्या कर दी गई। महिला अपनी बेटी के घर रहती थी। वहां दामाद का अपने चचेरे भाइयों से ट्यूबवेल से पानी लेने को लेकर विवाद चल रहा था। इसी विवाद में हुए खूनी लड़ाई में चचेरे भाई के परिवार ने दामाद पर हमला बोल दिया। बचाने आई उसकी बुजुर्ग सास को मार डाला। घटना बरुआसागर थाना क्षेत्र के जरबो गांव की है। हमले में दामाद भी घायल हो गया। पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लिया है। शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। मृतका का नाम रजकू (75) पत्नी मन्नू अहिरवार था। वह टहरौली के पिपरो गांव की रहने वाली थी। उनका कोई बेटा नहीं है। इसलिए वह करीब 6 साल से जरबो गांव में अपनी बेटी कौशल्या के पास रह रही थी। दामाद रगवंते अहिरवार का अपने चचेरे भाई वीरेंद्र से पानी को लेकर विवाद था। रगवंते के बेटे मानवेंद्र अहिरवार ने बताया कि खेत पर एक ट्यूबवेल है। जिससे पूरा परिवार खेती के लिए पानी लेता है। लेकिन पिछले दो साल से वीरेंद्र का परिवार पानी लेने से मना कर रहा है। इसी को लेकर कुछ दिनों से विवाद गहराया था। मानवेंद्र अहिरवार ने आगे बताया कि विवाद के कारण अभी तक खेत में पानी नहीं लगा, इससे बुवाई नहीं हो गई।

## सपा सदस्यों ने काले लिबास में किया विधानसभा में प्रदर्शन

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा में प्रमुख विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा) के सदस्यों ने बुधवार को धान खरीद में कोताही और डेंगू बीमारी के प्रति उदासीनता बरते जाने का आरोप लगाते हुये प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। सदन की कार्यवाही शुरु होते ही पार्टी के मुख्य सचेतक मनोज कुमार पांडे ने आरोप लगाया कि सरकार धान खरीद के प्रति उदासीनता बरत रही है जबकि प्रदेश में डेंगू के प्रकोप के प्रति सरकार लापरवाह है। सदन में अधिकांश सपा सदस्य काले कपड़े पहन कर आये थे और उन्होने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के आसन के सामने काले बैनर लहराये और सरकार विरोधी नारेबाजी की।

# रालोद में दरार, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मंजीत सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों ने दिया इस्तीफा

**लखनऊ।** (पीएमए) पश्चिमी उत्तर प्रदेश की राजनीति में खासा दखल रखने वाली राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) में एक के बाद एक तीन वरिष्ठ पदाधिकारियों के इस्तीफे ने पार्टी में असंतोष के सुर को मुखर किया है।

पार्टी की युवा इकाई के राष्ट्रीय सचिव अमित कुमार पटेल,अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष आरिफ महमूद और कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मंजीत सिंह ने पार्टी अध्यक्ष जयंत चौधरी को भेजे इस्तीफे में पार्टी के उनकी उपेक्षा और भेदभावपूर्ण रवैये का आरोप लगाया है।

उन्होने इस्तीफे की वजह स्पष्ट करते हुये लिखा है कि पार्टी नेतृत्व की निष्क्रियता और नीतियों से आहत होकर वे अपने पद और पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहे हैं।

मंजीत सिंह और आरिफ महमूद को पार्टी सुप्रीमो जयंत चौधरी का करीबी माना जाता है।

पटेल ने संवाददाता पी एम ए समाचार एजेंसीसे बातचीत में कहा कि पार्टी के कुछ वरिष्ठ पदाधिकारियों ने पार्टी को हाइजैक कर लिया है। उन्हे न तो टीवी चैनल में डिबेट का हिस्सा बनाया जाता है और न ही उनके फोन को रिसीव किया जाता है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय भी उनका फोन नहीं उठाते हैं। पार्टी नेतृत्व सिर्फ पश्चिमी उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों को तवज्जो देता है। ऐसे में पार्टी में सांस लेना मुश्किल हो गया है।

मंजीत सिंह ने कहा कि आरिफ महमूद ने इस विषय में अपना पक्ष रखने के लिये शाम को एक प्रेस कांफ्रेंस बुलायी है। वह शहर के बाहर हैं मगर वे प्रेस के सामने अपना पक्ष रखने के लिये समय पर पहुंचने का पूरा प्रयास करेंगे।

# पत्नी ने सुपारी देकर कराई पति की हत्या

**बचने को सड़क हादसा दिखाने का प्रयास**

कानपुर। कानपुर में 4 नवंबर को मॉर्निंग वॉक पर निकले प्राइमरी शिक्षक की मौत सड़क हादसा नहीं बल्कि हत्या थी। इस मामले का खुलासा 25 दिन बाद बुधवार यानी 29 नवंबर को कानपुर कमिश्नरेट पुलिस ने किया। पुलिस के मुताबिक पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर सुपारी देकर अपने पति की हत्या कराई थी।

### सीसीटीवी से खुला पूरा मामला

कोयला नगर देहली सुजानपुर निवासी राजेश गौतम महाराजपुर के सुभौली गांव के प्राइमरी स्कूल में शिक्षक थे। रोज की तरह शनिवार 4 नवंबर को सुबह 6 बजे वह मॉर्निंग वॉक पर



निकले थे। घर से करीब एक किलोमीटर दूर स्वीट हाउस के पास पीछे से आई तेज रफ्तार कार ने उनको टक्कर मार दी थी।

हादसे के बाद कार सवार लोग भागने लगे थे, लेकिन कार निकल न सकी तो चालक समेत चारों कार सवार उतरे और पीछे आ रही दूसरी वैगनआर कार में बैठ कर फरार हो गए।

एडीसीपी साउथ अंकिता शर्मा ने खुलासा करते हुए बताया,मृतक की पत्नी उर्मिला उर्फ पिंकी का शैलेंद्र सोनकर से अफेयर चल रहा था। इसकी जानकारी पति राजेश को भी थी। इसे लेकर आए दिन पति-पत्नी में झगड़े होते थे। पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर पति को रास्ते से हटाने के लिए प्लान तैयार किया। इसमें उन्होंने सुपारी देकर एक्सीडेंट करवाकर मरवाने की योजना तैयार की।

## देवर ने भाभी की कुल्हाड़ी से मारकर हत्या-की

सोनभद। सोनभद्र के चोपन थाना क्षेत्र में शराब के नशे में धुत देवर ने सेम की सब्जी तोड़ने के विवाद मे कुल्हाड़ी से भाभी के सिर पर हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने उसे जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान मौत हो गई। आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी है। मामला चोपन थाना क्षेत्र के सलखन के बैरहवा टोले का है। मंगलवार की शाम। बैरहवा टोले में रहने वाली संगीता धरीकार(40) पत्नी रामसुद्दीन धरीकार सेम की तोड़ाई कर रही थी।

# मेरठ में विस्फोट में 1 की मौत, रिटायर्ड फौजी घायल

मेरठ। मेरठ में बुधवार सुबह कबाड़ की दुकान में भीषण विस्फोट हो गया। हादसे में कबाड़ी के चिथड़े उड़ गए। शव के टुकड़ों को इकट्ठा करके पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। आसपास के मकानों के शीशे टूट गए। 2 मकानों में दरारें भी आ गई हैं। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। घटना गंगानगर थाना क्षेत्र के अमहेड़ा के इंचौली इलाके की है।

बताया जा रहा है कि धमाका कबाड़ की दुकान में बम के शेल तोड़ते वक्त हुआ है। इस हादसे में कबाड़ी की दुकान के सामने से गुजर रहे स्कूटी सवार रिटायर्ड फौजी और एक अन्य राहगीर भी चपेट में आए। दोनों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के एरिया को सील कर दिया है।

मौके पर पहुंची पुलिस ने आर्मी इंटेलिजेंस को भी बुलाया। पुलिस और आर्मी की टीम ने दुकान की तलाशी ली। वहां काफी संख्या में बम के शेलनुमा चीज मिली है। अब आर्मी भी घटना की जांच कर रही है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, मृतक तौसीफ कबाड़ का काम करता है। बुधवार को वह बम के शेल को हथौड़े से कूट रहा था। तभी धमाका हुआ। विस्फोट इतना जोरदार था कि आसपास की दीवारें हिल गईं। हादसे में कबाड़ी तौसीफ की मौके पर ही मौत हो गई।

मौके पर पहुंचे स्थानीय निवासी आशीष सैनी ने बताया कि कबाड़ी के पास कोई विस्फोटक सामान था। उसे तोड़कर तांबा, पीतल निकाल रहा था। उसी में विस्फोट हुआ है। पिछले तीन साल से ये दुकान यहीं चल रही है। धमाके में आसपास के मकानों में भी नुकसान हुआ है।

# बदायूं में ईंट-भट्ठे में मिला युवक का शव

**हत्या का आरोप, जमीन के बंटवारे का चल रहा है विवाद**

एजेंसी

बदायूं। बदायूं में ईंट भट्ठे पर युवक का शव पड़ा मिला। युवक मॉडल पेपर खरीदने घर से निकला था लेकिन बाद में परिजनों को उसकी लाश मिली। परिवार वालों ने संपत्ति विवाद के चलते कुनबे के कुछ लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। वहीं पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया तो रिपोर्ट में हैंगिंग से मौत की पुष्टि हुई है। थाना बिल्सी क्षेत्र के वार्ड नंबर 8 मोहल्ला नंबर 5 के रहने वाले शशिकांत माहेश्वरी गुजरात के बड़ोदरा में रहकर सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करते हैं। उनका बेटा आयुश माहेश्वरी (23) बीएससी का छात्र था। मंगलवार शाम आयुष घर से मॉडल पेपर लेने के लिए जाने की बात कहकर निकला था।

देर शाम तक वह वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू कर दी। इसी बीच सूचना मिली कि आयुष ईंट-भट्ठे पर मृत पड़ा है। परिजन मौके पर पहुंचे तो शव देखते ही उनके होश उड़ गए। उसके गले में दुपट्टे से फंदा लगा था। परिवार वालों ने चाचा रवि समेत उनके परिवार वालों पर हत्या का आरोप लगाया।

### पहले भी दी थी धमकी

परिजनों के मुताबिक आरोपी पक्ष ने पिछले दिनों भी आयुष को जान से मारने की धमकी दी थी, जबकि अब उसकी लाश मिली है। आरोप है कि इन्हीं लोगों ने उसकी हत्या करके लाश फेंकी है। मामले की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया लेकिन रिपोर्ट में हैंगिंग से मौत की पुष्टि हुई है।

### जमीन के बंटवारे की थी रंजिश

परिजनों के मुताबिक शशिकांत की उनके भाई रवि से पुश्तैनी जमीन के बंटवारे को लेकर रंजिश चल रही थी। इसी रंजिश के चलते परिवार वालों ने हत्या का आरोप लगाया तो पुलिस भी एक्टिव हो गई। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## शार्ट न्यूज

### स्टरलाइट कॉपर कारखाना चलवाने की मांग को लेकर तमिलनाडु के ग्रामीणों का प्रदर्शन

नयी दिल्ली। तमिलनाडु में थूथुकुड़ी के पास से ग्रामीण इलाकों के कुछ लोगों ने बुधवार को वहां वेदांता समूह के बंद पड़े स्टरलाइट कॉपर संयंत्र को पुन- चलाये जाने की मांग को लेकर यहां बुधवार को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन ऐसे समय आयोजित किया गया जबकि स्टरलाइट के थूथुकुड़ी संयंत्र के बंद होने के मामले की छह दिसंबर को उच्चतम न्यायालय में अंतिम सुनवाई है। प्रदर्शनकारी कारखाने के सभी हितधारकों और निर्णयकर्ताओं से वहां कॉपर कारखाना पुन: शुरू करने की अपील कर रहे हैं। उनका कहना है कि स्टरलाइट कॉपर कारखाना क्षेत्र में रोजगार और आर्थिक जीवन का महत्वपूर्ण स्रोत था, उसके बंद होने से उनकी आजीविका प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों की आजीविकाओं की रक्षा करने और क्षेत्र की आर्थिक सुधार को पुनर्स्थापित करने के लिए कारगर रूप से कार्रवाई होनी चाहिये। पर्यावरण कानून के उल्लंघ के आरोप में पहले वहां कारखाने के लिये उग्र प्रदर्शन हुये था। यह कारखाना 2018 में बंद कर दिया गया था।

### भवन निर्माण श्रमिकों के लिए बनेगा विशिष्ट पहचान पत्र, आधार और ई-श्रम डाटाबेस से जोड़ा जाएगा

नई दिल्ली। सरकार देश भर में सभी भवन और निर्माण श्रमिकों के लिए एक विशिष्ट पहचान पत्र अनिवार्य अनिवार्य करने वाली। इसके जरिए प्रवासी श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की जाएगी। इस विशिष्ट पहचान पत्र को आधार और ई-श्रम डेटाबेस से भी जोड़ा जाएगा ताकि श्रमिकों को आसानी से सरकार के विभिन्न पहलों का लाभ मुहैया कराया जा सके। श्रम सचिव आरती आहूजा ने कहा कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि कोई आज दिल्ली में है या कल मुंबई में श्रमिक परिवार के अधिकार सुलभ होने चाहिए। वरिष्ठ अधिकारी ने राष्ट्रीय राजधानी में अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के समर्थन से अखिल भारतीय नियोक्ता संगठन (एआईओई) और फिक्की द्वारा आयोजित द माइग्रेशन कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने बुधवार को कहा कि उनका देश कर्ज पुनर्गठन पर अपने विदेशी कर्जदाताओं से समझौते पर पहुंचने के करीब है। समझौते के बाद अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) इस साल मार्च में श्रीलंका के लिए मंजूर 2.4 अरब डॉलर की राहत सुविधा की पहली समीक्षा पूरी कर सकेगा।

### काले धन से संबंधित एसआईटी जल्द आठवीं अंतरिम रिपोर्ट जमा करेगी

नई दिल्ली। काले धन का पता लगाने के लिए उच्चतम न्यायालय की ओर से नियुक्त विशेष जांच दल (एसआईटी) जल्द ही अपनी अंतरिम रिपोर्ट शीर्ष अदालत को सौंपेगा। एसआईटी के उपाध्यक्ष न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) अरिजीत पसायत ने यहां यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने मई 2014 में सत्ता में आने के बाद अपनी पहली कैबिनेट बैठक में उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार एसआईटी के गठन को मंजूरी दी थी। पिछले नौ साल में एसआईटी ने सात अंतरिम रिपोर्ट शीर्ष अदालत को सौंपी हैं। न्यायमूर्ति पसायत ने देश में काले धन का पता लगाने और उस पर रोकथाम के सिलसिले में केंद्र और राज्य सरकारों के अधिकारियों के साथ मंगलवार को यहां अपने आवास पर बैठक की। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, ''आयकर विभाग, प्रवर्तन निदेशालय, सीमाशुल्क और उत्पाद शुल्क विभाग और केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर विभाग के अधिकारियों की बैठक दो घंटे से अधिक समय तक चली जिसमें भारत और विदेशों में काले धन का पता लगाने और इस पर रोकथाम के लिए लागू होने वाले तरीकों के बारे में चर्चा की गई।''

### आयकर विभाग ने हिंदुजा समूह की इकाइयों का किया सर्वे, कर चोरी की जांच के लिए चलाया जा रहा अभियान

नई दिल्ली। आयकर विभाग ने बुधवार को हिंदुजा समूह की मुंबई और कुछ अन्य शहरों में स्थित इकाइयों पर सर्वे अभियान चलाया। आधिकारिक सूत्रों की ओर से बताया गया है कि कर चोरी की जांच के तहत यह सर्वेक्षण अभियान चलाया जा रहा है और मुंबई तथा कुछ अन्य शहरों के कार्यालयों को इस सर्वे में शामिल किया गया है। सर्वेक्षण के लिए आयकर कानून के अनुसार, केवल कार्यालय परिसर को कवर किया जा रहा है। इस मामले में हिंदुजा समूह की ओर से फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। सूत्रों ने कहा कि कर विभाग की कार्रवाई जनरल एंटी अवॉयडेंस रूल्स (गार) के प्रावधानों से भी जुड़ी है। इंडसइंड बैंक, हिंदुजा लीलैंड फाइनेंस और हिंदुजा बैंक (स्विट्जरलैंड) का स्वामित्व रखने वाला हिंदुजा समूह हाल के दिनों में अपने कारोबार में विविधता लाने की दिशा में काम कर रहा है। समूह विकास के अपने नए चरण के हिस्से के रूप में नई तकनीक, डिजिटल और फिनटेक क्षेत्र में प्रवेश करने की योजना बना रहा है।

### भारतीय शेयर बाजार का मार्केट कैप पहली बार 4 ट्रिलियन डॉलर के पार पहुंचा

नई दिल्ली। देश के प्रमुख शेयर बाजार बीएसई में सूचीबद्ध सभी कंपनियों का संयुक्त बाजार पूंजीकरण बुधवार को पहली बार चार ट्रिलियन डॉलर के स्तर पर पहुंच गया। बंबई शेयर बाजार का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 305.44 अंक चढ़कर 66,479.64 अंक पर पहुंच गया। शेयर बाजार में खरीदारी की बदौलत बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण बुधवार को सुबह के कारोबार में 3,33,26,881.49 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। 83.31 रुपये के विनिमय मूल्य पर यह राशि चार ट्रिलियन डॉलर से अधिक है। वैश्विक बाजारों में भारतीय शेयर बाजार मार्केट के लिहाज से अमेरिका, चीन, जापान और हांगकांग के बाद पांचवें स्थान पर है। जबकि निफ्टी कैलेंडर वर्ष में अब तक 10त्न से अधिक मजबूत हुआ है। भारत का एम-कैप 2023 में लगभग 51 लाख करोड़ रुपये बढ़ गया है। ऐसा छोटे और मिडकैप शेयरों के बेहतर प्रदर्शन और दलाल स्ट्रीट पर एक के बाद एक आने वाले आईपीओ के कारण है। भारत मई 2021 तीन ट्रिलियन डॉलर के क्लब में शामिल हुआ था। लगभग 48 ट्रिलियन डॉलर के मार्केट कैप के साथ, अमेरिका अब तक दुनिया का सबसे बड़ा इक्विटी बाजार है। इसके बाद चीन (9.7 ट्रिलियन डॉलर) और जापान (6 ट्रिलियन डॉलर) का स्थान है। ब्लूमबर्ग के डेटा के मुताबिक, इस कैलेंडर ईयर में अब तक भारत का मार्केट कैप करीब 15 पर्सेंट बढ़ा है।

# औद्योगिक विकास के नए अध्याय का शुभारंभ करेंगे मुख्यमंत्री

## गीडा के स्थापना दिवस पर 800 करोड़ रुपये की निजी निवेश परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास करेंगे सीएम

गोरखपुर। गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) के स्थापना दिवस पर गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ औद्योगिक विकास के नए अध्याय का शुभारंभ करेंगे। वह निजी क्षेत्र की 800 करोड़ रुपये की निवेश परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास करेंगे, 500 करोड़ रुपये के निवेश को नए भूखंडों का आवंटन पत्र सौंपेंगे, 150 करोड़ रुपये के अवस्थापना विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास करेंगे और पहली बार आयोजित होने जा रहे चार दिवसीय गोरखपुर ट्रेड शो का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर सीएम योगी के समक्ष स्किल डेवलपमेंट सेंटर के लिए नाइलिट और प्लास्टिक पार्क की यूनिट्स को कच्चा माल उपलब्ध कराने के लिए गेल के साथ एमओयू का आदान-प्रदान होगा। सीएम गीडा की अति महत्वाकांक्षी कालेसर व्यावसायिक परियोजना को भी लांच करेंगे। इसके अलावा देश और स्थानीय क्षेत्र के प्रमुख उद्यमियों के साथ बैठक कर मुख्यमंत्री उन्हें पूर्वी उत्तर प्रदेश में निवेश के फायदे बताकर उद्यम शुरू या विस्तार करने को प्रेरित करेंगे।

गीडा की स्थापना 34 वर्ष पहले 30 नवंबर 1989 को ही हो गई थी लेकिन औद्योगिक विकास को गति मार्च 2017 से, योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद मिली। वर्तमान में 33 सेक्टर में विकसित गीडा क्षेत्र में छह सौ से अधिक औद्योगिक इकाइयां उत्पादनरत हैं और इनके जरिये बीस हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिल रहा है। औद्योगिक इकाइयों के अलावा करीब दो दर्जन शिक्षण संस्थान भी गीडा क्षेत्र में सेवारत हैं।

बीते साढ़े छह साल में माहौल बदला तो गीडा निवेशकों के लिए पसंदीदा स्थल बन गया है। फरवरी माह में हुए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में गोरखपुर को पौने दो लाख करोड़ रुपये के मिले निवेश प्रस्तावों के केंद्र में गीडा ही है। बीते एक साल में गीडा में 550 करोड़ रुपये के निवेश वाले अंकुर उद्योग के सरिया प्लांट का उद्घाटन, 1100 करोड़ रुपये के निवेश वाली पेप्सिको जैसी बहुराष्ट्रीय कंपनी यूनिट का शिलान्यास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों हो चुका है। वह 118 करोड़ रुपये के निवेश वाली ज्ञान डेयरी की यूनिट, जल जीवन मिशन में सप्लाई देने वाली तत्वा प्लास्टिक की 110 करोड़ रुपये निवेश वाली पाइप फैक्ट्री का उद्घाटन करने के साथ 1200 करोड़ रुपये का निवेश करने वाली केयान डिस्टलरी के एथेनॉल व डिस्टलरी प्लांट का भी शिलान्यास कर चुके हैं।

निवेश परियोजनाओं की सिलसिलेवार चर्चा करते हुए गीडा की सीईओ (मुख्य कार्यपालक अधिकारी) अनुज मलिक का कहना है कि बीते साढ़े छह साल में गीडा में करीब 12000 करोड़ रुपये की निवेश परियोजनाएं धरातल पर उतर चुकी हैं। इसी क्रम में सीएम योगी की पहल पर विकसित की जा रही प्लास्टिक पार्क, रेडीमेड गारमेंट पार्क और फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाएं भी गीडा का कायाकल्प करने में सक्षम होंगी।

### प्रगति मैदान में लगने वाले ट्रेड शो जैसा होगा चार दिवसीय आयोजन

गीडा के स्थापना दिवस पर पहली बार चार दिवसीय गोरखपुर ट्रेड शो का आयोजन किया जा रहा है। यह पूरा आयोजन दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित होने वाले इंटरनेशनल ट्रेड शो की तर्ज पर होगा। गत दिनों प्रगति मैदान के यूपी पवेलियन में सीएम योगी ने गोरखपुर में भी चार दिवसीय इंडस्ट्री-ट्रेड एक्जीबिशन लगाने की घोषणा की।थी। गोरखपुर ट्रेड शो में ढाई सौ स्टाल लगाए जा रहे हैं। इन स्टालों पर स्थानीय से लेकर देश के बड़े उद्योगों के उत्पाद तो दिखेंगे ही, वित्तीय संस्थाओं और विविधतापूर्ण खान-पान के स्टाल भी होंगे।

### सीएम योगी संग बैठक में शामिल होंगे करीब पांच दर्जन उद्यमी-निवेशक

गीडा के स्थापना दिवस समारोह के दौरान गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ क्षेत्र और देश के बड़े उद्यमियों के साथ बैठक कर उन्हें और अधिक निवेश करने का मंत्र देंगे। इस बैठक में करीब पांच दर्जन उद्यमी व निवेशक शामिल होंगे। इसके लिए बुधवार दोपहर तक पेप्सिको, बर्जर पेंट्स, कोका कोला, लुलू माल, किर्लोस्कर इंजन, रेड टेप, मंटोरा ऑयल्स, खंडेलवाल एडिबल्स, आरएसपीएल, ग्रीन प्लाई, बीकानेरवाला, कपिला कृषि उद्योग, गैलेंट, अंकुर उद्योग, इंडिया ग्लाइकोल्स समेत 54 उद्यमियों या उनके प्रतिनिधियों की तरफ से हामी भरी जा चुकी थी।

# उत्तर प्रदेश में 'आर्टिफिशिल इंटेलिजेंस' व 'मशीन लर्निंग' से लैस होगी चकबंदी प्रक्रिया

## सीएम योगी के विजन अनुसार प्रदेश में चकबंदी प्रक्रिया को आधुनिक तकनीक से लैस करने की प्रक्रिया शुरू

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की उन्नति के लिए आधुनिक तकनीक को जरिया बनाकर कार्य कर रही योगी सरकार अब प्रदेश में चकबंदी प्रक्रियाओं को सरल, सुलभ और अत्याधुनिक बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाने जा रही है।

योगी सरकार ने प्रदेश में भूमि समेकन समेत चकबंदी की तमाम प्रक्रियाओं को मशीन लर्निंग (एमएल) युक्त आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसी एडवांस्ड टेक्नोलॉजी बेस्ड सॉफ्टवेयर के जरिए क्रियान्वित करने की तैयारी कर ली है।

इस क्रम में, यूपी इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा एआई बेस्ड एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग (ईआरपी) सॉफ्टवेयर के निर्माण व क्रियान्वयन की प्रक्रिया जारी है। इस विशिष्ट सॉफ्टवेयर के डिजाइन, निर्माण, विकास व क्रियान्वयन के लिए टेक्निकल सर्विस प्रोवाइडिंग (टीएसपी) एजेंसी की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है तथा ई-निविदा के जरिए आवेदन मांगे गए हैं।

उल्लेखनीय है कि टेक्निकल सर्विस प्रोवाइडिंग एजेंसी द्वारा चकबंदी से जुड़ी प्रक्रियाओं के सरलीकरण के लिए जिस सॉफ्टवेयर का निर्माण किया जा रहा है वह सैटेलाइट इमेज एक्सेस, रोवर सर्वे, डीजीपीएस, नाविक, ब्लॉकचेन डाटा एक्सेस जैसी नेकस्ट जेनरेशन टेक्नॉलोजी से लैस होगा। इसके लागू होने से चकबंदी प्रक्रिया के ऑटोमेशन, डिजिटाइजेशन तथा वाद निस्तारण समेत तमाम कार्यों की पूर्ति त्रुटिरहित व सरल तरीके से हो सकेगी।

### डाटा संकलन समेत रियल टाइम प्रॉब्लम सॉल्विंग तकनीक से होगा लैस

इस विशिष्ट सॉफ्टवेयर में डाटा संकलन के साथ ही समस्या के निस्तारण के लिए रियल टाइम एक्सेस जैसी सुविधाएं होंगी जिससे प्रॉब्लम सॉल्विंग एबिलिटीज में काफी सुधार होगा।

उल्लेखनीय है कि अभी किसी एक गांव में भूमि समेकन की प्रक्रिया पूरी करने में 100 से 1300 दिन लग जाते हैं, वहीं सॉफ्टवेयर के क्रियान्वयन के उपरांत इस प्रक्रिया को मैप व डिजिटाइज्ड रिकॉर्ड्स के एसेसमेंट के जरिए काफी कम समय में पूरा किया जा सकेगा। इसी तरह, चक के एक्सचेंज रेशियो कैल्कुलेशन, एक्सचेंज रेट पैरामीटर इवैल्युएशन तथा वेक्टर मैप पर चक के उकेरे जाने जैसी प्रक्रियाओं को इस सॉफ्टवेयर के जरिया पूरा किया जा सकेगा।

### सैटेलाइट इमेजिंग व रोवर सर्वे पूर्ण करने में होगा सक्षम

टेक्निकल सर्विस प्रोवाइडिंग एजेंसी द्वारा जिस सॉफ्टवेयर का निर्माण किया जा रहा है वह सैटेलाइट इमेजिंग बेस्ड होगा तथा इससे रोवर सर्वे को मैनुअली करने के बजाए डाटा इवैल्युएशन के जरिए बेहद कम समय में सटीकता के साथ पूर्ण किया जा सकेगा।

इसके अतिरिक्त, सॉफ्टवेयर डाटा इंटिग्रेशन प्लॉटफॉर्म की तरह कार्य करते हुए पहले से उपलब्ध आंकड़ों, मैप्स, सैटेलाइट इमेज तथा नवीन रोवर सर्वे से प्राप्त डाटा के समायोजन तथा मूल्यांकन में भी सहायक सिद्ध होगा। यह चकबंदी एक्ट्स की एनालिसिस करके एल्गोरिदम बनाने में भी सक्षम होगा तथा खतौनी को ब्लॉकचेन बेस्ड सिस्टम पर ले जाने में सक्षम होगा। इसके अलावा, सॉफ्टवेयर को डाटा सिक्योरिटी, एडवांस्ड ट्रेनिंग, रिपोर्टिंग एंड एनालिटिक्स, मॉनिटरिंग व ऑडिटिंग मैकेनिज्म तथा टेक्निकल सपोर्ट व मेंटिनेंस जैसी खूबियों से लैस होगा। इस सॉफ्टवेयर के क्रियान्वयन से कई प्रकार के फायदे होंगे जिसमें प्रिसाइज डाटा कलेक्शन, ट्रांसपेरेंट लैंड रिकॉर्ड्स, सेमी ऑटोमैटिक कंसोलिडेशन, इनहैंस्ड लैंड राइट्स प्रोटेक्शन, अकाउंटेबिलिटी, कॉस्ट एफिशिएंसी समेत लीगल केसेस में कटौती लाने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही, फाइनलाइज्ड खसरा, खतौनी व मैप्स को चकबंदी के जीआईएस बेस्ड पोर्टल पर डिजिटाइजेशन प्रक्रिया के जरिए अपलोड करने में भी मदद मिलेगी।

# सेंसेक्स साढ़े चार महीने के उच्चतम स्तर पर, निफ्टी 20 हजार के पार

एजेंसी

मुंबई। विश्व बाजार की गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत आज सेंसेक्स साढ़े चार महीने के उच्चतम स्तर और निफ्टी 20 हजार अंक के पार पहुंच गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 727.71 अंक अर्थात 1.10 प्रतिशत की तूफानी तेजी के साथ साढ़े चार महीने के उच्चतम स्तर 66901.91 अंक हो गया। इससे पहले इस वर्ष 19 जुलाई को यह 67097.44 अंक रहा था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 206.90 अंक यानी 1.04 प्रतिशत की छलांग लगाकर 20 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 20096.60 अंक पर पहुंच गया।

दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी जमकर लिवली हुई।

इससे बीएसई का मिडकैप 0.78 प्रतिशत उछलकर 33,975.56 अंक और स्मॉलकैप 0.40 प्रतिशत चढ़कर 39,989.57 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई के कुल 3841 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1916 में लिवाली जबकि 1786 में बिकवाली हुई वहीं 139 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 40 कंपनियां लाभ जबकि 10 नुकसान में रही।

बीएसई में कंज्यूमर डयूरेबल्स और रियल्टी समूह की 0.45 प्रतिशत तक की गिरावट को छोड़कर 18 समूहों में लिवली का जोर रहा। इस दौरान कमोडिटीज़ 0.36, सीडी 0.59, ऊर्जा 0.68, एफएमसीजी 0.45, वित्तीय सेवाएं 1.28, हेल्थकेयर 0.75, इंडस्ट्रियल्स 0.62, आईटी 1.33, दूरसंचार 0.70, यूटिलिटीज़ 0.56, ऑटो 1.57, बैंकिंग 1.67, कैपिटल गुड्स 0.89, धातु 0.34, तेल एवं गैस 0.99, पावर 0.42, टेक 1.20 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.20 प्रतिशत चढ़ गए।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गिरावट का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.11, जापान का निक्केई 0.26, हांगकांग का हैंगसेंग 2.08 और चीन का शंघाई कंपोज़िट 0.56 प्रतिशत लुढ़क गया। वहीं, जर्मनी के डैक्स में 0.95 प्रतिशत की तेजी रही।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 207 अंक की तेजी के साथ 66,381.26 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 66,374.52 अंक के निचले स्तर पर आ गया।

# व्हाइटओक कैपिटल ने नया फंड ऑफर किया घोषित

एजेंसी

मुंबई। व्हाइटओक कैपिटल म्यूचुअल फंड ने बुधवार को अपने नए फंड ऑफर (एन ओ एफ) - 'व्हाइटओक कैपिटल लार्ज एंड मिड कैप फंड' को लाने की घोषणा की। व्हाइटओक कैपिटल के अधिकारियों ने एक आनलाइन प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि यह एओएफ पहली दिसंबर से 15 दिसंबर तक निवेश के लिए खुला रहेगा।

उन्होंने कहा कि व्हाइटओक कैपिटल लार्ज एंड मिड कैप फंड एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है जो लार्ज कैप और मिड कैप दोनों स्टॉक्स में निवेश करेगी है।

इसका उद्देश्य एक विविध क्षेत्रों के शेयर के एक संतुलित पोर्टफोलियो का निर्माण करना है। इसमें सेबी के दिशा-निर्देश के अनुसार लार्ज औ मिडकैप शेयरों का हिस्सा 40त्न से 60त्न रेंज के बीच रखा जाएगा और स अवसर का लाभ उठाने के लिए कुछ स्माल कैप शेयरों को भी जोड़ा सकता है।

कंपनी ने कहा है कि सामान्य परिस्थितियों में स्माल कैंप में निवेश 10त्न से अधिक नहीं होगा।

व्हाइटओक कैपिटल एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड के सीईओ आशीष पी. सोमैया ने कहा कि, 2022 के मध्य से, व्हाइटओक कैपिटल एएमसी में, हमारा ध्यान जानबूझकर लगातार एनएफओ शुरू करने और संपूर्ण उत्पाद प्राप्त करने पर रहा है।

हमारे ये आफर विशेष रूप से निवेशकों और सलाहकारों द्वारा पसंद की जाने वाली प्रमुख श्रेणियों में होते हैं।

# एफडीआई पॉलिसी के तहत यूपी में लैंड सब्सिडी को मिली मंजूरी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश नीति 2023 (एफडीआई 2023) के तहत योगी सरकार ने पहली कंपनी को फ्रंट-एंड भूमि सब्सिडी प्रदान करने का निर्णय लिया है।

इस संबंध में अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह की ओर से फूजी सिल्वरटेक कंक्रीट प्राइवेट लिमिटेड (एफएससीपीएल) द्वारा प्रस्तावित प्रोजेक्ट के लिए फ्रंट-एंड भूमि सब्सिडी प्रदान करने की मांग के सापेक्ष लेटर ऑफ अप्रूवल व एलिजिबल सर्टिफिकेट जारी किया है।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में योगी कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश फॉरेन डेवलपमेंट पॉलिसी को मंजूरी दी थी। पॉलिसी बनने के बाद किसी भी कंपनी को लैंड सब्सिडी की मंजूरी का यह पहला केस है।

अधिकृत सूत्रों ने बुधवार को बताया कि फूजी सिल्वरटेक कंक्रीट प्राइवेट लिमिटेड (एफएससीपीएल) के एमडी को भेजे गए इस लेटर ऑफ अप्रूवल में कहा गया है कि इन्वेस्ट यूपी की मूल्यांकन समिति ने 22 नवंबर 2023 को आयोजित बैठक में प्रस्ताव का मूल्यांकन किया और फ्रंट-एंड भूमि सब्सिडी के अनुदान के लिए एफडीआई, फॉर्च्यून ग्लोबल 500 और फॉर्च्यून इंडिया 500 कंपनियों की निवेश प्रोत्साहन नीति 2023 के खंड 31 के अनुसार गठित अधिकार प्राप्त समिति को मामले की सिफारिश की।

उन्होने बताया कि सक्षम प्राधिकारी (अधिकार प्राप्त समिति) ने यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण, गौतमबुद्ध नगर जिले में 10 हेक्टेयर (लगभग 25 एकड़) भूमि के लिए परियोजना के लिए फ्रंट-एंड भूमि सब्सिडी का 75 प्रतिशत अनुदान देने के आपके प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह परियोजना यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) में प्रस्तावित है। परियोजना वेट कास्ट टेक्नोलॉजी और सल्फर कंक्रीट टेक्नोलॉजी का उपयोग करके प्रीकास्ट कंक्रीट उत्पादों के निर्माण से संबंधित है। इसके चरण-1 में 650 टीपीडी की स्थापित क्षमता होगी और चरण-2 में 350 टीपीडी की अतिरिक्त क्षमता होगी। चरण-1 की परियोजना लागत 150 करोड़ रुपए और फेज-2 भी 150 करोड़ रुपए होगी। परियोजना के चरण-1 से लगभग 700 लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा।

चरण-1 के वित्त की प्रस्तावित संरचना के अनुसार विदेशी पूंजी 100 करोड़ रुपए (स्टैंडबाय लेटर ऑफ क्रेडिट के माध्यम से 85 करोड़ रुपए और इक्विटी के माध्यम से 15 करोड़ रुपए), जबकि भारतीय प्रमोटर द्वारा 50 करोड़ रुपए (जिसमें 10 करोड़ रुपए इक्विटी और 40 करोड़ रुपए का कर्ज) का निवेश शामिल है।

फूजी सिल्वरटेक कंक्रीट प्राइवेट लिमिटेड (एफएससीपीएल) भारत में प्री कास्ट कंक्रीट उत्पादों की विनिर्माण सुविधाओं को स्थापित करने और संचालित करने के लिए गठित एक स्पेशल पर्पज व्हीकल (एसपीवी) है। विनिर्माण सुविधाएं फूजी कंक्रीट इंडस्ट्री कंपनी लिमिटेड (एफसीआईसीएल) और टोयोटा कोखी कंपनी लिमिटेड (टीकेसीएल) के स्वामित्व वाली वेट कास्ट तकनीक और सल्फर कंक्रीट तकनीक पर आधारित होंगी, जो एफएससीपीएल में संयुक्त उद्यम भागीदार हैं।

एफसीआईसीएल 1970 से काम कर रही है और टीकेसीएल 1966 से काम कर रही है। ये दोनों जापान में स्थित हैं। फूजी जापान अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी और 100 वर्षों का सामूहिक अनुभव लेकर आती है। कंपनी के भारत में दो प्लांट हैं, एक बागोदरा, गुजरात में और दूसरा औरंगाबाद, महाराष्ट्र में यीडा में प्रस्तावित विनिर्माण संयंत्र उत्तर भारत में कंपनी की पहली विनिर्माण इकाई होगी।

# ब्रिक्स महिला उद्योगमंडल का महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने का कार्यक्रम

नयी दिल्ली। ब्रिक्स वाणिज्य उद्योगमंडल (ब्रिक्स सीसीआई) के महिला उद्यमियों से संबंधित प्रभाग 'ब्रिक्स सीसीआई वी' ने एक वैश्विक महिला नेतृत्व कार्यक्रम की घोषणा की है, जिसका उद्देश्य ब्रिक्स और सहयोगी देशों की महिला पेशेवरों और उद्यमियों को सशक्त बनाना है।

ब्रिक्स सीसीआई वी की एक विज्ञप्ति के मुताबिक यह कार्यक्रम शिक्षक-प्रशिक्षक एवं सीख के मॉड्यूल के माध्यम से विभिन्न देशों में चलाया जाएगा। यह महिला सशक्तिकरण पहल और नीतियों पर केंद्रित होगा। इस कार्यक्रम का मॉड्यूल शीटवर्क और थिंकस्टार्टअप के सहयोग से विकसित किया जाएगा।



इस पहल का उद्देश्य ब्रिक्स सीसीआई ब्रिक्स और अन्य साथी सहयोगी देशों में वाणिज्य और उद्योग को बढ़ावा देता है। ब्रिक्स वी वैश्विक महिला नेतृत्व कार्यक्रम महिलाओं को अपने नेतृत्व कौशल को बढ़ाने, वैश्विक संबंधों को बढ़ावा देने और अनुभवी पेशेवरों और वैश्विक नेताओं से मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्राप्त करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है।

बयान के अनुसार इस पहल में भारत सहित विभिन्न देशों के बड़े नाम जुड़े हैं। इस पहल के उद्घाटन कार्यक्रम के लिए ब्रिक्स सीसीआई के सलाहकार और मार्गदर्शकों में कल्पना शर्मा (पूर्व अतिरिक्त सचिव, लोकसभा), डॉ. आयशा बिन बिशर (स्मार्ट दुबई कार्यालय की महानिदेशक), निकोल गुयेन (एपीएसी डीएओ, वियतनाम की सह-संस्थापक) जेनी चेन (संस्थापक और सीईओ ए एंड जे कंसल्टिंग इंटरनेशनल), नूपुर झुनझुनवाला (ट्रस्टी और सह-संस्थापक, चेंजिंक) निधि गोयल (प्रबंध भागीदार- अविनव कंसल्टिंग), देबजानी मुखर्जी (संस्थापक- नानिघर) और संजीव शिवेश (सह-संस्थापक, थिंकस्टार्टअप एंड कार्यक्रम निदेशक, यूथ आइडियाथॉन) जैसे नाम शामिल हैं। उद्घाटन कार्यक्रम में ब्रिक्स और अन्य मित्र देशों की लगभग 25 महिला पेशेवर और उद्यमी व्यवसाय संचालन, वैश्विक बाजार प्रवेश रणनीति, विकास व्यवसाय योजना, व्यक्तिगत विकास योजना और वैश्विक सफलता के लिए नेतृत्वकारी भूमिकों जैसे विषयों पर केंद्रित तीन महीने के गहन शिक्षण और परामर्श मॉड्यूल के लिए एक साथ जुड़ेगी। इस कार्यक्रम में अतिथि वक्ता भी अपने अनुभव और विशेषज्ञता साझा करेंगे, प्रतिभागियों के ज्ञान को बढ़ाएंगे और मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करेंगे। कार्यक्रम साप्ताहिक सत्रों के साथ हाइब्रिड मोड में चलेगा।

# उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक का कर्ज सुविधा के लिए वॉटर डॉट ओआरजी से समझौता

बैंगलुरू। उज्जीवन स्मॉल फाइनैंस बैंक (उज्जीवन एसएफबी) ने किफ़ायती कर्ज के माध्यम से लोगों के लिए सुरक्षित जल एवं सेनिटेशन सुविधाओं को अधिक सुलभ बनाने के उद्देश्य से वैश्विक गैर-लाभ संगठन वॉटर डॉट ओआरजी के साथ साझेदारी की है। इस संबंध में बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार इस साझेदारी के तहत वॉटर डॉट ओआरजी, उज्जीवन एसएफबी को उन क्षेत्रों को पहचानने में मदद करेगी जिन्हें स्वच्छ जल एवं हाइजीनिक सेनिटेशन के लिए फाइनेंसिंग की ज़रूरत है। इसमें वॉटर डॉट ओआरजी तकनीकी सहायता, बाज़ार मूल्यांकन, जानकारी के विकास, शिक्षा एवं संचार सामग्री, निगरनी एवं मूल्यांकन में सहयोग प्रदान करेगी। उज्जीवन एसएफबी नए एवं मौजूदा उपभोक्ताओं को छह हजार रुपए से एक लाख रुपये तक के कर्ज देगी ताकि वे जल एवं सेनिटेशन सुविधाओं का निर्माण या नवीनीकरण कर सकें। उज्जीवन एसएफबी ने पिछले साल 30 करोड़ रुपये के वॉटर एण्ड सेनिटेशन कर्ज वितरित किए थे। विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस साझेदारी के द्वारा उज्जीवन एसएफबी अगले तीन सालों में किफ़ायती कर्ज देकर 65000 परिवारों के लिए सुरक्षित पेयजल एवं हाइजीनिक सेनिटेशन सुविधाओं को सुलभ बनाएगी। उज्जीवन एसएफबी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ), इत्तिरा डेविस ने कहा, ''हमारा उद्देश्य बेहतर सेनिटेशन एवं सुरक्षित जल उपलब्ध कराकर लोगों की जीवनशैली को बेहतर बनाना है, ताकि उनके जीवनस्तर में सुधार लाया जा सके और वे अधिक उत्पादक कामों में समय लग सकेंगे और देश के आर्थिक विकास में योगदान दे।

नई दिल्ली
गुरुवार 30 नवंबर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### विलियमसन की 29वीं टेस्ट सेंचुरी

**सिलहट।** केन विलियमसन (104 रन) ने टेस्ट में सबसे ज्यादा सेंचुरी जमाने वाले बल्लेबाजों की सूची में भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली की बराबरी कर ली है। विलियमसन ने बुधवार को बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट की पहली पारी में करियर का 29वां शतक जमाया। यह उनका इस साल चौथा शतक है। वे साल 2023 में सबसे ज्यादा टेस्ट शतक जमाने वाले बल्लेबाज बने हैं। केन ने लगातार तीसरा टेस्ट शतक जमाया है। सिलहट में केन की इस शतकीय पारी की बदौलत न्यूजीलैंड ने दिन का खेल समाप्त होने तक 8 विकेट पर 266 रन बना लिए हैं। काइल जेमिसन 7 और टिम साउदी 1 रन पर नाबाद हैं। दूसरे दिन के पहले सेशन में बांग्लादेश की टीम 310 रन पर ऑलआउट हो गई। न्यूजीलैंड की ओर से केन विलियमसन के अलावा, ग्लेन फिलिप्स ने 42 और डेरिल मिचेल ने 41 रन की पारी खेली। शेष बल्लेबाज बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे। टीम ने 36 रन के स्कोर पर टॉम लैथम का विकेट गंवाया। लैथम 21 रन बनाकर आउट हुए। उसके बाद डेवोन कॉन्वे (12 रन) 44 रन के टीम स्कोर पर आउट हुए। 50 रन के अंदर ओपनर्स के आउट होने के बाद केन विलियमसन ने मोर्चा संभाला और हेनरी निकोलस के साथ 54 रन की साझेदारी की। लेकिन यह साझेदारी ज्यादा देर तक नहीं चली और निकोलस 19 रन बनाकर पवेलियन लौट गए।

### कोहली साउथ अफ्रीका दौरे पर टी-20 और वनडे नहीं खेलेंगे, रोहित के खेलने पर भी संशय

टीम इंडिया के स्टार बैटर विराट कोहली साउथ अफ्रीका दौरे पर टी-20 और वनडे सीरीज में नहीं खेलेंगे। टीम इंडिया का साउथ अफ्रीका दौरा 10 दिसंबर को डरबन में टी-20 मैच के साथ शुरू होगा। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक कोहली ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड से छुट्टी मांगी है। वहीं उनका टेस्ट मैचों में खेलना तय है। कोहली टी-20 वर्ल्ड कप 2022 के बाद कोई भी टी-20 मुकाबला नहीं खेले हैं। टीम इंडिया 10 दिसंबर 2023 से 7 जनवरी 2024 के बीच तीन टी-20, तीन वनडे और दो टेस्ट मैचों के लिए साउथ अफ्रीका दौरे पर होगी। इसमें कप्तान रोहित शर्मा के खेलने पर भी संशय बना हुआ है। टीम इंडिया की सिलेक्शन कमेटी के चेयरमैन अजित अगरकर की अध्यक्षता वाली कमेटी साउथ अफ्रीका दौरे के लिए जल्द ही तीनों फॉर्मेट के लिए टीम इंडिया का चयन करेगी। BCCI के सोर्स ने इंडियन एक्सप्रेस से कहा- कोहली ने BCCI और सिलेक्टर्स को सूचित किया है कि उन्हें टी-20 और वनडे क्रिकेट से ब्रेक की जरूरत है और वह कब खेलेंगे, इसको लेकर बाद में कॉन्टैक्ट करेंगे। फिलहाल वह टेस्ट क्रिकेट खेलेंगे, जिसका मतलब है कि वह साउथ अफ्रीका में 2 टेस्ट मैचों के चयन के लिए उपलब्ध हैं। इसी महीने भारत में खेले गए वर्ल्ड कप में विराट का प्रदर्शन शानदार रहा।

### मोदी ने देश में नई खेल संस्कृति को जन्म दिया

अयोध्या। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 9-10 वर्षों में देश के अंदर नई खेल संस्कृति को जन्म दिया है जिसका प्रमाण ओलंपिक और एशियाई गेम्स में भारत का बढ़ता वर्चस्व है। अयोध्या में पांच दिवसीय अंतरराष्ट्रीय एनटीपीसी सीनियर तीरंदाजी प्रतियोगिता के समापन सत्र को संबोधित करते हुये योगी ने एक वीडियो संदेश में कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 9-10 वर्षों में देश के अंदर नई खेल संस्कृति को जन्म दिया है। इसके परिणाम ओलंपिक और एशियाई गेम्स में हम सब को देखने को मिले। पहली बार एशियन गेम्स में भारत ने पदकों का शतक लगाया है। भारत को एशियाई खेलों में 107 पदक और पैरा एशियन गेम्स में 111 पदक प्राप्त हुए हैं। यह सब कुछ प्रधानमंत्री के विजन और दृढ़ संकल्प के कारण ही संभव हो पाया है। उन्होने कहा यह मेरे लिए अत्यंत प्रसन्नता का विषय है कि प्रभु राम की पावन धरा अयोध्या में भारतीय तीरंदाजी संघ और उत्तर प्रदेश तीरंदाजी संघ के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय सीनियर तीरंदाजी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन संपन्न हुआ है। भारत के प्राचीन धरोहर तीरंदाजी को अन्य खेलों की तुलना में आगे बढ़ाने का प्रयास अत्यंत सराहनीय है।

### खराब दवा के मामले में पीड़ितों से माफ़ी मांगी

कैनबरा। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने गर्भावस्था के दौरान खराब दवा दिए जाने के मामले में पीड़ितों से माफी मांगी। अल्बानीज ने बुधवार को संसद में थैलिडोमाइड पीड़ितों से माफी मांगी और कहा कि मॉर्निंग सिकनेस दवा प्रभावित माताओं और बच्चों दोनों की सहायता करने में विफल कर रहा है। मॉर्निंग सिकनेस से अभिप्राय है कि गर्भावस्था के दौरान दिन के किसी भी समय मितली हो सकती है। उल्लेखनीय है कि 62 साल पहले आज के ही दिन थैलिडोमाइड को जन्म दोषों से जुड़ा होने के बाद ऑस्ट्रेलिया में इसकी दवा की बिक्री पर रोक लगायी गयी थी। उन्होंने कहा, हम समझते हैं कि माफी वर्षों की निष्क्रियता और अपर्याप्त समर्थन को संतुलित नहीं कर सकती। हम जानते हैं कि थैलिडोमाइड का दुष्प्रभाव आज भी मरीजों में महसूस किया जाता है। ऑस्ट्रेलिया में थैलिडोमाइड को लेकर 2019 में की गयी सीनेट जांच में पाया गया कि 1961 में घटित हुई इस घटना के समय तत्काल कार्रवाई से 20 प्रतिशत मामलों को रोका जा सका था। जांच के दौरान राष्ट्रीय माफी की सिफारिश की गई थी। ऑस्ट्रेलिया में थैलिडोमाइड से बचे 146 पंजीकृत लोग हैं, जिनमें से अधिकांश माफ़ी मांग जाने के समय संसद में मौजूद थे।

### न्यूयॉर्क मेट्रो में गोलीबारी से दो लोग घायल

वाशिंगटन/न्यूयॉर्क। न्यूयॉर्क शहर में एक चलती मेट्रो में एक किशोर और एक व्यक्ति को गोली मार दी गयी जिससे वे घायल हो गए, स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। यह घटना ब्रुकलिन में मैनहट्टन जाने वाली सी ट्रेन में मंगलवार शाम के भीड़-भाड़ वाले समय पर हुई, जब मेट्रो की भीड़-भाड़ में कुछ लोगों के बीच झगड़ा हो गया हालांकि इस घटना से दैनिक यात्रियों के बीच कोई घबराहट नहीं देखी गयी गोलीबारी के कारण यात्रियों को लगभग दो घंटे तक असुविधा का सामना करना पड़ा, जबकि पुलिस ने घटनास्थल की जांच की। दोनों पीड़ितों की हालत स्थिर है और उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जबकि बंदूकधारी अभी भी फरार है। न्यूयॉर्क पुलिस विभाग के अनुसार, आठ नवंबर, 2023 तक न्यूयॉर्क में 900 से अधिक शूटिंग की घटनाएं दर्ज की गयीं, जिनमें ब्रुकलिन में 308 घटनाएं शामिल थीं। फ्रैंक जेम्स नाम के एक व्यक्ति ने अप्रैल 2022 में ब्रुकलिन में एक मेट्रो में दस यात्रियों को गोली मार दी, जिसकी व्यापक रूप से रिपोर्ट की गयी।

### यूरोपीय संघ : सरकारी कार्यालयों में हेडस्कार्फ़ प्रतिबंधित हो सकता है

ब्रुसेल्स। यूरोपीय संघ के देशों के सरकारी कार्यालयों में इस्लामिक हेडस्कार्फ़ जैसे धार्मिक प्रतीक वाली पोशाकों पर प्रतिबंध लग सकता है। लक्ज़मबर्ग की अदालत ने मंगलवार को फैसला सुनाया कि यूरोपीय संघ सरकारी कार्यालय के कर्मचारियों को इस्लामिक पोशाक पहनने पर प्रतिबंध लगा सकते हैं, भले ही उनका जनता से संपर्क न हो। अदालत ने कहा, पूरी तरह से तटस्थ प्रशासनिक माहौल स्थापित करने के लिए ऐसा नियम लगाया जा सकता है। अदालत ने यह फैसला बेल्जियम के एक स्थानीय सरकारी कार्यालय की एक कर्मचारी द्वारा दर्ज करायी गयी शिकात पर सुनवाई करते हुए सुनाया है। शिकायतकर्ता ने इस्लामी हेडस्कार्फ़ पहनने पर प्रतिबंध लगाए जाने को चुनौती दी थी। शिकायतकर्ता ने कहा था कि यह उसकी धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन है और उसके साथ भेदभाव किया जा रहा है। अदालत ने कहा कि दार्शनिक या धार्मिक विश्वासों को प्रकट करने वाले किसी भी संकेत पर प्रतिबंध... भेदभावपूर्ण नहीं है अगर इसे प्रशासन के सभी कर्मचारियों पर सामान्य और तेजी से लागू किया जा सकता है और यह सख्ती से आवश्यक तक ही सीमित है। यह फैसला पूरे यूरोपीय संघ में सार्वजनिक क्षेत्र के कार्यालयों के लिए मान्य है। यह फैसला यूरोपीय संघ के अदालत के पिछले फैसलों का समर्थन करता है, जिसमें पाया गया कि ऐसे प्रतिबंध निजी क्षेत्र के कार्यस्थलों में कानूनी हो सकते हैं।

# बीसीसीआई ने द्रविड का कोचिंग कार्यकाल बढ़ाया

**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बुधवार को भारतीय मुख्य कोच राहुल द्रविड़ सहित सभी कोचिंग स्टाफ का कार्यकाल बढ़ा दिया है।

बीसीसीआई की आज यहां जारी विज्ञप्ति में बताया गया, बीसीसीआई ने हाल ही में समाप्त हुए एकदिवसीय विश्वकप 2023 के उपरांत राहुल द्रविड़ के अनुबंध समाप्त होने के बाद उनके साथ सार्थक बातचीत की और सबकी सहमति से अनुबंधन को आगे बढ़ाने का फैसला लिया गया।



इस अनुबंध को कितनी अवधि के लिए बढ़ाया गया यह स्पष्ट नहीं हो पाया है लेकिन माना जा रहा है कि यह कम से कम जून 2024 टी-20 विश्वकप तक चलेगा।

उन्होंने कहा, बोर्ड भारतीय टीम को ढालने में राहुल द्रविड़ की भूमिका को पहचानता है और उनकी असाधारण प्रतिभा की सरहाना करता है। बोर्ड वीवीएस लक्ष्मण के भी एनसीए के हेड कोच और टीम इंडिया के स्टैंड इन हेड कोच के रोल की सहराना करता है। अपनी महान ऑनफील्ड साझेदारी के जैसे ही राहुल द्रविड़ और वीवीएस लक्ष्मण ने भारतीय क्रिकेट को आगे ले जाने का काम किया है।

प्राप्त मिली जानकारी के अनुसार बीसीसीआई मौजूदा टीम ढांचे में निरंतरता चाहती है जो कि नये कोचिंग स्टाफ के आने से प्रभावित हो सकता है। इस कोचिंग स्टाफ़ में बल्लेबाज़ी कोच विक्रम राठौड़, गेंदबाज़ी कोच पारस महाम्ब्रे और क्षेत्ररक्षण कोच टी दिलीप शामिल है।

दूसरे कार्यकाल में द्रविड़ और उनका कोचिंग स्टाफ सबसे पहले दक्षिण अफ्रीका दौरे पर जायेगा, जहां उन्हें तीन टी-20, तीन एकदिवसीय और दो टेस्ट मैच खेलने है। इसके बाद उन्हें इंग्लैंड के साथ पांच मैचों की घरेलू टेस्ट सीरीज खेलनी है और फिर टी-20 विश्वकप शुरू हो जायेगा।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले की रिपोर्टों में बताया गया था कि बीसीसीआई ने फिर से राहुल द्रविड़ को अगले साल जून में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप तक कोच बने रहने का प्रस्ताव दिया है।

### अंडर-17 विश्वकप में जर्मनी पेनल्टी शूटआउट में अर्जेंटीना हराकर फाइनल में पहुंचा

जकार्ता। जर्मनी ने अर्जेंटीना को रोमांचक पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हराकर अंडर-17 विश्वकप के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। इंडोनेशिया के मध्य जावा प्रांत के मनाहन स्टेडियम में जर्मनी ने अर्जेंटीना के बीच खेले गये सेमीफाइनल में मुकाबले में 90 मिनट के बाद मुकाबला 3-3 से समाप्त हुआ। इसमें अर्जेंटीना के स्ट्राइकर अगस्टिन रूबर्टो ने हैट्रिक बनाई, जबकि जर्मन स्ट्राइकर पेरिस ब्रूनर ने दो गोल किए और उनके साथी मैक्स मॉरस्टेड ने एक अतिरिक्त गोल किया। इसके बाद रोमांचक पेनल्टी शूटआउट में जर्मनी ने अर्जेंटीना को 4-2 से हरा दिया। शनिवार के फाइनल में जर्मनी का मुकाबला फ्रांस से होगा, अर्जेंटीना तीसरे स्थान पर रहने के लिए शुक्रवार को माली के खिलाफ भिड़ेगा।

# पहले दिन बंगलादेश के नौ विकेट पर 310 रन



सिलहट। बंगलादेश की टीम मंगलवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच में दिन का खेल समाप्त होने तक पहली पारी में नौ विकेट पर 310 रन बना लिए हैं। आज यहां सिलहट इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में पहले दिन का खेल खत्म होने पर शोरफुल इस्लाम 13 रन और ताइजुल इस्लाम आठ रन बनाकर क्रीज पर थे। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश के लिए सलामी बल्लेबाज महमूदुल हसन जॉय के 166 गेंदों में 11 चौकों की मदद से 86 रन की शानदार पारी खेली। उन्होंने मोमिनुल हक के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए 88 रन जोड़े। मोमिनुल हक ने 78 गेंदों में 37 रन, वहीं कप्तान ने धमाकेदार अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 35 गेंदों में 37 रन बनाए। शहादत हुसैन ने 24 रन, नुरुल हसन 29 रन, मेहदी हसन मिराज़ 20 रन, नईम हसन 16 रन, मुशफ़िकुर रहीम और ज़ाकिर हसन ने 12-12 रन बनाये। हालांकि एक नियमित अंतराल पर बंगलादेश के विकेट गिरते रहे। न्यूजीलैंड की ओर से साढ़े तीन साल बाद टेस्ट खेल रहे ग्लेन फिलिप्स ने बेहतरीन गेंदबाजी और सिर्फ 53 रन देकर चार विकेट लिए। एजाज पटेल और काइल जैमीसन को दो-दो विकेट मिले वहीं ईश सोढ़ी ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

## वॉर्नर के टेस्ट संन्यास से बल्लेबाजी क्रम में फेरबदल हो सकता है : मैक्डोनाल्ड

एजेंसी

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैक्डोनाल्ड ने संकेत दिया है कि डेविड वार्नर के जनवरी में टेस्ट से संन्यास के बाद बल्लेबाजी क्रम में फेरबदल करते हुए कैम ग्रीन को टीम में शामिल किया जा सकता है।

मैक्डोनाल्ड ने स्थानीय रेडियों से बातचीत मे यह बात कही। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि ग्रीन एक 'पीढ़ीगत' प्रतिभा बने हुए हैं और ऐसा विश्वास है कि वह बाहर नहीं होंगे। बशर्ते कि पाकिस्तान श्रृंखला के दौरान चोटें न लगें और मिशेल मार्श के शरीर पर काम के बोझ पर कुछ सवालिया निशान बने रहें। पहली रिक्ति वार्नर की टेस्ट से संन्यास के बाद आ सकती है, जिसे उन्होंने जनवरी की शुरुआत में एससीजी टेस्ट के लिए निर्धारित किया है। ऐसा माना जा रहा है कि वॉर्नर के स्थान पर कैमरून बैनक्रॉफ्ट, मार्कस हैरिस या मैट रेनशॉ में से एक टीम में शामिल किया जा सकता है लेकिन मैकडॉनल्ड्स ने पिछले अवसरों का हवाला देते हुए कैम ग्रीन की बात कही है।

उन्होंने कहा, टेस्ट टीम में कैम ग्रीन का भविष्य कैसा दिखता है। क्या यह मिच के हटाने का इंतजार करने का मामला है या क्या समय के साथ कोई और स्थान बन सकता है।

# अगर टेस्ट टीम में चुना जाता है तो वह आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखेंगे : मिचेल मार्श

एजेंसी

गुवाहाटी। ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर मिचेल मार्श ने कहा है कि अगर उन्हें पाकिस्तान के साथ पर्थ में होने वाले टेस्ट में चुना जाता है तो वह आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखेंगे।

मार्श ऑस्ट्रेलिया की विश्वकप विजेता टीम का हिस्सा थे जहां उन्होंने इस टूर्नामेंट में दो शतकों समेत 441 रन बनाए इसमें 177 रनों उनकी नाबाद पारी भी शामिल है। इससे पहले उन्होंने ऐशेज में कैमरन ग्रीन के चोटिल होने के बाद मौका दिया गया था मार्श ने कहा, पिछले संघर्षों के बाद मैं यहां पर अपने क्रिकेट का लुत्फ़ लेने आया हूं।



हां बिल्कुल मुझे ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलना पसंद है। मैंने बहुत कड़ी मेहनत की थी जिसके बाद मुझे ऐशेज में खेलने का मौक़ा मिला, मैरा बर्ताव यही है कि जो होना होगा, वह होगा। तो मैं जो कर सकता था मैंने वह स ब किया।

उन्होंने कहा, हमारे पास कई विकल्प हैं, तो जो खेलेगा अपना काम करेगा।

अगर मार्श को टीम में लिया जाता है तो वह ऑप्टस स्टेडियम में अपेक्षित उछाल वाली पिच पर पाकिस्तान के तेज़ गेंदबाजों से मुकाबला करने की संभावना को लेकर उत्साहित हैं। यह 60 हजार सीटों वाले स्टेडियम पर चौथा टेस्ट मैच होगा।

मार्श के लिए उस मैदान पर पहला टेस्ट मैच होगा, लेकिन बीबीएल में पर्थ स्कॉर्चर्स के लिए वह कई बार इस स्टेडियम में खेले हैं।

उन्होंने कहा, जिस तरह से मैं बल्लेबाजी कर रहा हूं वह नहीं बदलेगा। मुझे ऐसा लगता है कि पिछले कुछ वर्षों में मुझे अपना सबसे सुसंगत तरीका मिल गया है और इससे मुझे वास्तव में अपने क्रिकेट का आनंद लेने का मौक़ा मिला है।

मैंने यहां पर्थ स्टेडियम में कोई टेस्ट मैच नहीं खेला है, इसलिए ज़ाहिर है अगर मुझे चुना जाता है, तो मैं इसके लिए बहुत उत्साहित हूं।

# गाजा से छूटे 12 बंधक, बदले में इजराइल ने रिहा किए 30 कैदी

नई दिल्ली। (पीएमए) फलस्तीन के चरमपंथी संगठन हमास और इजराइल के बीच युद्धविराम के पांचवें दिन मंगलवार को हमास ने 12 बंधकों को रिहा कर दिया वहीं इजराइल ने उसकी जेलों में अब तक बंद रहे 30 फलस्तीनी कैदियों को रिहा किया। इजराइल ने कहा कि हमास द्वारा रिहा किए गए उसके 10 नागरिक और थाईलैंड के दो नागरिक इजराइल लौट आए। इसके बाद इजराइल ने फलस्तीन के कैदियों को रिहा कर दिया।



बुधवार रात दोनों ओर से अंतिम चरण में बंधकों और कैदियों के रिहा किए जाने के बाद युद्धविराम की समय सीमा समाप्त हो जाएगी। एक राजनयिक ने नाम गोपनीय रखने की शर्त पर बताया कि अमेरिका की खुफिया एजेंसी सीआईए के निदेशक विलियम बर्न्स और डेविड बार्निया युद्धविराम का वक्त बढ़ाने और अधिक बंधकों की रिहाई पर चर्चा करने के लिए कतर में हैं। इस युद्धविराम में कतर ने अहम मध्यस्थ की भूमिका निभाई है। एक अमेरिकी अधिकारी ने भी बर्न्स के कतर में होने की पुष्टि।

अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन की इस सप्ताह इस क्षेत्र की यात्रा करने की संभावना है। इजराइल ने हमास को पूरी तरह से समाप्त करने के लिए "पूरी ताकत" से युद्ध पुन: शुरू करने की बात कही है। उसने कहा है कि प्रत्येक अतिरिक्त 10 बंधकों की रिहाई के लिए युद्ध विराम की अवधि को एक दिन आगे बढ़ाया जा सकता है, लेकिन उसने युद्ध विराम समाप्त होने के बाद हमले शुरू करने की बात कही है, माना जा रहा है कि हमास बंधकों की रिहाई के बदले बड़ी मांगें रख सकता है।

हमास और अन्य चरमपंथियों ने सात अक्टूबर को दक्षिणी इजराइल में हमला करके 240 लोगों को बंधक बना लिया था जिनमें से 160 अब भी उसके कब्जे हैं शेष को युद्धविराम के दौरान रिहा किया गया है। इजराइल की सेना ने कहा कि हमास ने जिन बंधकों को रिहा किया है उनमें नौ महिलाएं और 17 वर्षीय एक किशोर शामिल है और उन्हें अस्पताल ले जाया गया है।

### नेतन्याहू ने भरी हुंकार, जानिए क्या बोले?

इसी बीच इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार को कहा कि उनका देश सभी बंधकों की वापसी, हमास के खात्मे के लिए प्रतिबद्ध है। वह अपने नागरिकों से वादा करते हैं कि अब गाजा इजराइली नागरिकों के लिए खतरा पैदा नहीं करेगा। इजरायली पीएम ने अपने आधिकारिक पोस्ट में लिखा, हम अपने मिशन को जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं- हमारे सभी अपहृत लोगों की वापसी, जमीन के ऊपर और नीचे हमास का सफाया और यह वादा कि गाजा अब इजरायल के नागरिकों के लिए खतरा पैदा नहीं करेगा।

## वियतनाम में शख्स की खोपड़ी में मिली 2 चॉपस्टिक

### नाक से दिमाग तक पहुंची; 5 महीने पहले लड़ाई के वक्त इनसे हमला हुआ था

वियतनाम में एक शख्स की खोपड़ी में 2 चॉपस्टिक्स मिली हैं। 35 साल के इस मरीज को कई दिनों अपने सिर में तेज दर्द की शिकायत थी। इसके बाद वो चेकअप के लिए 25 नवंबर को डॉन्ग होई के क्यूबा फ्रेंडशिप अस्पताल पहुंचा। यहां डॉक्टरों से उसका CT स्कैन किया तो उन्हें पता चला कि मरीज को टेंशन न्यूमोसेफालस बीमारी है। ये एक दुर्लभ लेकिन जानलेवा बीमारी होती है।

जब डॉक्टरों ने इस बीमारी को लेकर कई दूसरे टेस्ट किए तो उन्हें मरीज की खोपड़ी में चॉपस्टिक्स मिलीं।

ये उसकी नाक से होकर दिमाग तक



पहुंच गई थीं। मरीज को जब इस बारे में बताया गया तो वो खुद हैरान हो गया। लेकिन बाद में उसने बताया कि ऐसा 5 महीने पहले एक बार में लड़ाई के दौरान हुआ था।

#### नशे की हालत में बार में हुआ था झगड़ा

उस वक्त नशे में रहने की वजह से मरीज को अब ज्यादा बातें याद नहीं थी। हालांकि, उसने बताया कि उसका बार में किसी से झगड़ा हो गया था। फिर एक शख्स ने किसी लंबी चीज से उसके चेहरे पर हमला किया था। उस वक्त घायल होने वो डॉक्टर के पास गया था, लेकिन उन्हें उसकी नाक में ऐसा कुछ भी नहीं मिला था।

न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, मरीज का मानना है कि बार में शख्स ने उस पर चॉपस्टिक्स से ही हमला किया था।

ये अगले 5 महीने तक उसकी खोपड़ी में रही। इसी वजह से उसका सरदर्द लगातार बढ़ता गया। फिलहाल डॉक्टरों ने एंडोस्कोपी करके चॉपस्टिक्स को निकाल दिया है। इसके बाद फिस्टुला को माइक्रोसर्जरी के जरिए बंद कर दिया गया।

### तंजानिया में बस-ट्रेन टक्कर में 13 लोगों की मौत, 25 घायल

दोदोमा। मध्य तंजानिया के सिंगिडा क्षेत्र में बुधवार तड़के एक बस के रेल इंजन से टकरा जाने से कम से कम 13 यात्रियों की मौत हो गई और अन्य 25 गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय पुलिस ने यह जानकारी दी। सिंगिडा क्षेत्रीय पुलिस कमांडर स्टेला मुताहिबिरवा ने आशंका जतायी की मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। उन्होंने कहा कि घायल 25 यात्रियों में से अधिकांश की हालत गंभीर बनी हुई है। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के समय बस में 57 यात्री सवार थे। बस व्यावसायिक केंद्र दार एस सलाम से म्वांजा जा रही थी। पुलिस कमांडर मुताहिबिरवा ने कहा कि स्थानीय समयानुसार आज तड़के पांच बजे यात्रियों से भरी बस एक रेलवे क्रॉसिंग पर लोकोमोटिव से टकरा गई।

### फ्रांस में कलयुगी योग गुरु और 40 शिष्य गिरफ्तार

पेरिस। फ्रांस में अधिकारियों ने विवादास्पद योग संगठन 'मूवमेंट फॉर स्पिरिचुअल इंटीग्रेशन इनटू द एब्सोल्यूट' (एमआईएसए) के खिलाफ छापा मारकर 'गुरु' समेत 41 लोगों को गिरफ्तार किया है। मामले से जुड़े सूत्रों के अनुसार इस योग संगठन के नेता एवं गुरु ग्रेगोरियन बिवोलारू (71) पर दुर्व्यवहार के कई आरोप हैं। यह कथित योग गुरु पिछले वर्षों में रोमानिया, स्वीडन और फ्रांस में न्यायिक अधिकारियों के निशाने पर रहा है। बिवोलारू को रोमानिया और स्वीडन दोनों देशों की नागरिकता प्राप्त है। सूत्रों के अनुसार ने इस योग केन्द्र के लोगों को पेरिस क्षेत्र और दक्षिणी फ्रांस में मंगलवार को गिरफ्तार किया गया और उनमें संप्रदाय के अन्य प्रमुख सदस्य भी शामिल हैं। 'गुरु' और 'शिष्यों' को गिरफ्तार करने के अभियान के लिए लगभग 175 पुलिस अधिकारियों को तैनात किया गया था। अभियान के दौरान 26 महिलाओं, जिनमें से कई को उनकी इच्छा के विरुद्ध रखा गया था, को मुक्त कराया गया। उन्हें स्थान और स्वच्छता दोनों के मामले में 'अपमानजनक परिस्थितियों में रखा गया था'। सूत्रों के अनुसार विभिन्न देशों की कई महिलाओं ने कहा कि वे एमआईएसए योग संगठन और उसके नेता की शिकार हुई हैं। महिलाओं को समूह के नेता के साथ यौन संबंध स्वीकार करने तथा 'फ्रांस और विदेशों में शुल्क-भुगतान वाली अश्लील प्रथाओं में भाग लेने के लिए सहमत होने' के लिए मजबूर किया गया। एमआईएसए कई योग विद्यालय और संबंधित ऑपरेशन चलाता है।

### अमेरिकी सैन्य विमान जापानी द्वीप के पास हुआ दुर्घटनाग्रस्त

टोक्यो। अमेरिकी सैन्य विमान ऑस्प्रे बुधवार को जापान के दक्षिण-पश्चिमी द्वीप याकुशिमा के पास कागोशिमा के पास दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार आठ लोगों की मौत हो गयी। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। जापान तट रक्षक को दोपहर करीब 2: 47 बजे दुर्घटना के बारे में एक आपातकालीन कॉल मिली। सार्वजनिक प्रसारक एनएचके ने स्थानीय अधिकारियों का हवाला देते हुए कहा कि स्थानीय समयानुसार (0547 जीएमटी) ऑस्प्रे यामागुची प्रीफेक्चर में इवाकुनी अमेरिकी बेस से ओकिनावा में कडेना बेस के लिए रवाना हुआ। मंत्रालय के अनुसार, विमान स्थानीय समय दोपहर 2:40 बजे रडार से गायब हो गया। जापानी तट रक्षक के प्रवक्ता काज़ुओ ओगावा ने कहा कि तट रक्षक ने खोज और बचाव कार्यों के लिए गश्ती नौकाओं और विमानों को साइट पर भेजा है, लेकिन दुर्घटना के बारे में कोई और जानकारी नहीं है, जिसमें जहाज पर मौजूद लोगों की सुरक्षा भी शामिल है। मौसम अधिकारियों ने कहा कि याकुशिमा क्षेत्र में दिन के दौरान आसमान ज्यादातर साफ था और स्थानीय समयानुसार दोपहर 2: 30 बजे हवा की गति 6.84 किमी प्रति घंटा के रफ़्तार से तेज थी। उस समय कोई सलाह या चेतावनी जारी नहीं की गई थी।

### दक्षिणी गाजा में युद्धविराम के लिए अमेरिका ने किया इजरायल से आग्रह

वाशिंगटन। अमेरिकी प्रशासन ने दक्षिण गाजा में लंबे समय से जारी युद्ध को अब समाप्त करने को इजरायल से सैन्य हमले में सावधानी बरतने और नागरिक हताहतों को रोकने के लिए दक्षिण में विसंघर्ष के क्षेत्र बनाने का दृढ़ता से आग्रह किया है। ये संरक्षित क्षेत्र संयुक्त राष्ट्र की सुविधाओं और आश्रयों को सक्रिय सैन्य कार्रवाइयों से बचाएंगे। उत्तरी क्षेत्र में हुए व्यापक विनाश की पुनरावृत्ति से बचने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इजरायली हवाई हमलों के दौरान हुए विस्थापन के कारण मध्य और दक्षिणी गाजा में केंद्रित बीस लाख से अधिक लोगों के साथ, अमेरिका ने मानवीय तबाही को रोकने की आवश्यकता पर जोर दिया है। प्रस्तावित रणनीति का उद्देश्य बिजली और जल स्टेशनों, मानवीय सुविधाओं, अस्पतालों और संयुक्त राष्ट्र समर्थित आश्रयों सहित नागरिक स्थलों की रक्षा करना है। हमास के साथ हालिया युद्धविराम ने सहायता प्रयासों में वृद्धि की अनुमति दी, लेकिन गाजा में दस लाख से अधिक फिलिस्तीनियों के विस्थापित होने के कारण चुनौतियाँ बनी हुई हैं।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रवीण कुमार सिंह द्वारा साईं प्रिंटिंग प्रेस D 85 सेक्टर 6 नोएडा से मुद्रित एवं 240 A अंसल चैंबर II, 6 भीकाजी कामा प्लेस नई दिल्ली 110066 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11, ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# स्ट्रोक के इलाज में गोल्डन पीरियड का रोल बेहद अहम

## मैक्स हॉस्पिटल शालीमार बाग ने लोगों को किया जागरूक

सोनीपत-ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज (जीबीडी) के हिसाब से भारत में स्ट्रोक के 68.6 प्रतिशत मामले, स्ट्रोक के कारण 70.9 प्रतिशत मौत के मामले और 77.7 प्रतिशत विकलांगता के मामले सामने आए हैं. स्ट्रोक भारत में मौत का दूसरा सबसे आम कारण है. भारत में हर साल लगभग 1,85,000 स्ट्रोक केस होते हैं, जिसमें हर 40 सेकंड में लगभग एक स्ट्रोक केस होता है और हर 4 मिनट में स्ट्रोक से एक मौत होती है.

मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल शालीमार बाग (नई दिल्ली) दशकों से न सिर्फ स्ट्रोक के मरीजों का इलाज कर रहा है बल्कि इस तरह के अवसरों से लोगों को स्ट्रोक के लक्षण और इमरजेंसी में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में जागरूक कर रहा है.

मैक्स अस्पताल शालीमार बाग के डॉक्टरों ने इस बात पर जोर दिया कि स्ट्रोक के कम से कम 70-80% मामलों को रोका जा सकता है या वो इलाज योग्य होते हैं. ऐसे में इस परेशानी के प्रति जागरूकता एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है. तकनीक में हुई प्रगति से ये सुनिश्चित हुआ है कि इस स्थिति का न केवल इलाज किया जा सकता है, बल्कि ज्यादातर मामलों में कंडीशन रिवर्सेबल होती है.

मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल शालीमार बाग में न्यूरोलॉजी के यूनिट हेड एंड एसोसिएट डायरेक्टर डॉक्टर मनोज खनल ने इस पर कहा, %%स्ट्रोक मेडिकल इमरजेंसी की स्थिति होती है जिस पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता रहती है. स्ट्रोक के तुरंत बाद इलाज मिलने से ब्रेन में डैमेज को कम किया जा सकता है और इससे रिकवरी के चांस भी बढ़ जाते हैं. स्ट्रोक के मामले में गोल्डन आवर बहुत अहम होता है जो स्ट्रोक के लक्षण शुरू होने के बाद लगभग 3 से 4.5 घंटे रहता है. इस पीरियड के दौरान, मरीज को तुरंत इलाज दिया जाना चाहिए, खासकर इस्केमिक स्ट्रोक के मामले में क्लॉट डिजॉल्व करने या क्लॉट को हटाने की प्रक्रियाओं जैसे इलाज से अच्छे रिजल्ट पाए जा सकते हैं. स्ट्रोक के मामले में तुरंत एक्शन बेहद अहम होता है, क्योंकि समय पर इलाज मिलना मस्तिष्क क्षति को काफी कम कर सकता है और इससे रिकवरी की संभावनाएं बढ़ जाती हैं.

स्ट्रोक का इलाज थ्रांबोलिटिक थेरेपी से भी किया जाता है जिसमें ब्लड फ्लो को ठीक करने के लिए स्ट्रोक के शुरुआती घंटों में क्लॉट डिजॉल्व करने वाली दवा दी जाती है. वहीं, मैकेनिकल थ्रोम्बोक्टॉमी, एंटीकोआगुलंट्स और एंटीप्लेटलेट दवाएं देकर और ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करके भी स्ट्रोक की स्थिति से निपटा जा सकता है.

इस विषय पर ज्यादा जानकारी के लिए डॉक्टर मनोज खनल की ओपीडी में भी परामर्श लिया जा सकता है. डॉक्टर मनोज सोनीपत के ट्यूलिप अस्पताल में महीने के दूसरे और चौथे गुरुवार को दोपहर 3 बजे से शाम 4 बजे तक ओपीडी परामर्श के लिए उपलब्ध हैं.

स्ट्रोक के मामलों में ब्रेन डैमेज को रोकने, ब्लड फ्लो रिस्टोर करने और बाकी स्थितियों को मैनेज करने के लिए आमतौर पर सर्जरी की जरूरत होती है. स्ट्रोक किस तरह का है, इसकी गंभीरता कितनी है और मरीज की अपनी स्थिति क्या है, इन तमाम बातों पर स्ट्रोक की सर्जरी निर्भर करती है.

मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल शालीमार बाग में न्यूरोसर्जरी और न्यूरो-इंटरवेंशन विभाग के प्रिंसिपल कंसल्टेंट डॉक्टर शैलेष जैन ने कहा, स्ट्रोक की सर्जरी में कैरोटिड धमनियों से पट्टिका को हटाया जाता है, संकुचित कैरोटिड धमनियों को चौड़ा किया जाता है और स्टेंट लगाए जाते हैं, कमजोर मस्तिष्क रक्त वाहिकाओं के चारों ओर क्लिप लगाई जाती है, एन्यूरिज्म रप्चर को रोकने के लिए कॉइल डाला जाता है, असामान्य रक्त वाहिकाओं को हटाया जाता है, क्लॉट को हटाया जाता है, वाहिकाओं की मरम्मत की जाती है, गंभीर इस्केमिक स्ट्रोक के कारण बनने वाले बड़े थक्कों को हटाया जाता है.

स्ट्रोक के लक्षणों को मैनेज करने के लिए BEFAST का फॉर्मूला कारगर रहता है. जिसमें बैलेंस प्रॉब्लम, आंखों की रोशनी का खोना, चेहरा हल्का पड़ जाना, बांह में कमजोरी, बोलचाल में दिक्कत, और एंबुलेंस को तुरंत कॉल करना शामिल होता है. इन लक्षणों को समझकर समय पर एक्शन लेने से स्ट्रोक के कारण होने वाले परमानेंट डैमेज से बचाव किया जा सकता है.

मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल शालीमार बाग, नई दिल्ली में विंडो पीरियड के अंदर पहुंचने वाले रोगियों के कई मामलों का सफलतापूर्वक इलाज किया गया है, जो जीवन बचाने और स्थायी न्यूरोलॉजिकल क्षति को रोकने में मददगार साबित होता है.

मैक्स हेल्थकेयर में अत्याधुनिक तकनीक, रोग का पता लगाने के लिए बेस्ट डायग्नोसिस क्षमताएं, मल्टी डिसीप्लिनरी टीम से लैस 24 घंटे ओपन रहने वाला स्ट्रोक रेडी सेंटर है जहां किसी भी वक्त इमरजेंसी की कंडीशन में मरीज को लाया जा सकता है.

# युवा महोत्सव व स्वच्छता पखवाड़ा में श्रेष्ठतम प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

सोनभद्र ।युवा महोत्सव में जिला एवं मण्डलीय प्रतियोगिता की विविध विधाओं में अव्वल दर्जे पर स्थान प्राप्त करने तथा स्वच्छता पखवाड़ा के तहत नगरपंचायत घोरावल में प्रतिभाग करने वाली सोनाञ्चल इण्टरकॉलेज की छात्राओं तथा छात्रों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। नगरपंचायत अध्यक्ष सूरज कुमार श्रीवास्तव एवं सोनाञ्चल इण्टरकॉलेज के प्रधानाचार्य काशी प्रसाद मौर्य ने युवा महोत्सव के सामुहिक लोकनृत्य कार्यक्रम में प्रथम रही सपना मौर्य, हैप्पी मौर्य , रिया पाण्डे, निशा , श्वेता, सुमन, प्रिया, प्रगति, शिप्रा सिंह, नीलम व नेहा को



अंगवस्त्र प्रदान कर किया तो पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली कृताञ्जलि दुबे को पुरस्कृत कर सम्मानित किया।

स्वच्छता पखवाड़ा में पहले स्थान पर रहे अमन यादव , निबन्ध में अव्वल रही तनु मौर्य तथा चित्रकला में प्रतिभागी को पुरस्कार के साथ सम्मान उपाधि से अलंकृत किया द्वय विभूतियों ने। अपने उद्बोधन में नगरपंचायत अध्यक्ष सूरज कुमार श्रीवास्तव ने प्रतियोगिता - प्रतिस्पर्धा में प्रतिभाग करने की क्रियाविधि एवं गुरुता व्याख्यायित की तो प्रधानाचार्य काशी प्रसाद मौर्य ने सेवा , समर्पण व संस्कार पर प्रकाश डालते सुखद भविष्य के प्रशस्त पथ आलोकित किये। शिक्षकवृंद सम्मान समारोह में हदीश आलम तथा रमेश निराला तथा सुरेश राम पाण्डे को विशेष सम्मान से मण्डित किया गया। उपस्थित शिक्षक समुदाय में अग्रगण्य रहे जगदीश मिश्र , इमरान मंसूरी एवं अली मुख्तार। कार्यक्रम का कुशल संचालन किया दिनेश पाठक ने।

# निजी अस्पतालों को बढ़ावा देने के लिए सरकारी अस्पतालों को बर्बाद किया जा रहा

लखनऊ। (पीएमए) समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि पूरे यूपी की स्वास्थ्य व्यवस्था चाहे वह जिला अस्पताल हो, पीएचसी, सीएचसी हो या मेडिकल कॉलेज हो, ये सरकार जान-बूझकर सरकारी व्यवस्थाओं को इसलिए खत्म कर रही है, जिससे लोग ज्यादा से ज्यादा प्राइवेट में इलाज कराएं। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने बुधवार को सरकार को स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर घेरा। इस दौरान उन्होंने कहा कि ये सरकार जान बूझकर सरकारी अस्पतालों की व्यवस्थाओं को इसलिए खत्म कर रही है, ताकि लोग ज्यादा से ज्यादा निजी अस्पतालों में इलाज करवाएं। सरकार की जो जिम्मेदारी है कि गरीब को सरकारी अस्पतालों में इलाज मिल जाए, वो जिम्मेदारी सरकार नहीं निभा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में हर अस्पताल में दलाल बैठे हुए हैं, जो प्राइवेट अस्पतालों में मरीजों को ले जाते हैं। उत्तर प्रदेश विधानसभा को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा, क्या गेहूं सरकार ने खरीदा या निजी कंपनियों को खरीदवाया ? मैं कहना चाहता हूं कि खेती के उपकरणों पर जीएसटी 12 फीसद से 18 प्रतिशत है। क्या डबल इंजन की सरकार किसानों की मदद के लिए जीएसटी कम करेगी या अपने खजाने से किसानों को सुविधा देगी ? इससे पहले सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मीडिया से बातचीत में कहा कि सरकार 69,000 शिक्षक भर्ती में अभ्यर्थियों को आरक्षण नहीं देना चाहती है।

# भ्रष्टाचार के मामले में बंगाल ने देश को किया शर्मसार : अमित शाह

कोलकाता। (पीएमए) केंद्रीय गृह मंत्री अमितत शाह ने बुधवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस और मौजूदा सरकार ने भ्रष्टाचार में लिप्त होकर और उसे बढ़ावा देकर न केवल राज्य बल्कि पूरे देश को शर्मसार किया है।

अमित शाह ने मध्य कोलकाता में भाजपा कार्यकर्ताओं की एक रैली को संबोधित करते हुए कहा, सत्तारूढ़ दल और राज्य सरकार द्वारा प्रोत्साहित स्कूली नौकरियों, राशन वितरण, कोयला और पशु तस्करी जैसे भ्रष्टाचार के कई मामलों ने न केवल पश्चिम बंगाल को शर्मसार किया है, बल्कि देश के लिए भी शर्म की बात है।

भ्रष्टाचार के अलावा, पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हिंसा और अवैध घुसपैठ के मामले भी तृणमूल कांग्रेस के शासन के दौरान आसमान छू गए हैं।

यह रैली मनरेगा के तहत 100 दिन की नौकरी योजना के कार्यान्वयन में अनियमितताओं के विरोध में आयोजित की गई थी।

उन्होंने राज्य सरकार पर अपने वोट बैंक को समृद्ध करने के लिए सीमा पार से अवैध घुसपैठ को बढ़ावा देने का भी आरोप लगाया।

शाह ने कहा, एक समय ममता बनर्जी अवैध घुसपैठ के खिलाफ अपने रुख के बारे में बेहद मुखर हुआ करती थीं। अब उनकी सरकार न केवल अवैध घुसपैठ को प्रोत्साहित कर रही है, बल्कि उन्हें मतदाता पहचान पत्र और आधार कार्ड जैसे पहचान प्रमाण प्राप्त दिलाने में भी मदद कर रही है।

शाह ने कहा, क्या वह ज्योतिप्रिया मल्लिक, अणुब्रत मंडल और पार्थ चटर्जी को निलंबित करने का साहस कर सकती हैं ? वह ऐसा करने का साहस नहीं कर सकती। वह अब देवी दुर्गा से लगातार प्रार्थना कर रही हैं ताकि वे इस मामले में भतीजे का नाम न लें।

उनके मुताबिक, अगर 2026 के विधानसभा चुनाव के बाद पश्चिम बंगाल में बीजेपी सरकार को सत्ता में आना है तो इसके बीज 2024 के लोकसभा चुनाव में बोने होंगे।

# 'नो चाईल्ड लेबर' अभियान में मुक्त कराये गये 18 बाल श्रमिक

## बच्चों से श्रम करवाने वालों पर चल रही सख्त मुहिम





सोनभद्र । राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के निर्देशन एवं जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह व पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह के आदेश अनुपालन में बाल श्रम उन्मूलन अभियान के तहत ब्लॉक म्योरपुर अन्तर्गत पिपरी, रेनूकुट, अनपरा एवं शक्तिनगर मार्केट में ऑटो पार्ट्स दुकान, होटल, ढाबा, बेल्डिंग की दुकान व अन्य प्रतिष्ठानों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।

जिला बाल संरक्षण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा की निगहबानी में चले चेकिंग अभियान के दौरान 18 बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कराते हुए कुल सत्रह संबधित नियोक्ताओं पर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गई। सभी बाल श्रमिकों को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत करते हुए समिति के आदेशानुसार इन्हें बाल गृह उरमौरा राबर्टसगंज मे आवासित करवाया गया। ओ0 आर0 डब्ल्यू0 शेषमणि दुबे ने तत्सम्बन्धी जानकारी देते बताया कि सभी बच्चों की उम्र 14 वर्ष से कम पाई गई। इनके माता - पिता व परिजनों की काउन्सलिग कराते हुए नियमानुसार बच्चों को परिवार में पुर्नवासन कराया जायेगा और शिक्षा से जोड़ते हुए सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कराया जायेगा। बकौल संरक्षण अधिकारी रोमी पाठक के बाल श्रम के विरूद्ध हुई इस आकस्मिक व अप्रत्याशित कार्यवाही की गहरी तासीर रेखांकित हुई है और जनपद स्तर पर बाल श्रमिक नियोजकों में हड़कंप की स्थिति का परिदृश्य देखा जा रहा है। बताते चलें कि इस पूरे अभियान की सूचना पूर्णतया गोपनीय रखी गयी थी और इसके पूर्व भी हफ्ते भर के अंदर बाल श्रमिकों को नीयोजक से निजात दिलाई गई रही।

अभियान के दौरान बाल कल्याण समिति के सदस्य अमित सिंह चन्देल मय टीम क्षेत्र मौजूद रहे तथा सभी लोगों को बाल श्रम न कराने की हिदायत देते हुए बाल श्रम कराना को कानूनन अपराध बताया। कहा कि यदि कोई व्यक्ति किसी बालक से बाल श्रम करते हुए पाया गया तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही होगी। क्षेत्र के लोगों को बच्चों से श्रम कराने व इसमें संलिप्त न रहते इस अभियान को शिक्षा की धारा से जोड़ने का आह्वान किया।

अभियान में श्रम प्रवर्तन अधिकारी दुद्धी राम कुमार, श्रम प्रवर्तन अधिकारी पिपरी विजय सरोज, बाल कल्याण समिति के सदस्य अमित सिंह चंदेल, जिला बाल संरक्षण इकाई से संरक्षण अधिकारी रोमी पाठक, ओ0 आर0 डब्ल्यू0 शेषमणि दूबे, मानव तस्करी रोधी इकाई से प्रभारी निरीक्षक रामजी यादव एवं मुख्य आरक्षी धनंजय मौजूद रहे।

# मेवाड़ में संविधान दिवस पर विद्यार्थियों ने जागरूकता रैली निकाली

## सहायता शिविर में आम लोगों को दी कानून की जानकारी

गाजियाबाद। वसुंधरा स्थित मेवाड़ लॉ इंस्टीट्यूट के विद्यार्थियों ने संविधान दिवस समारोह के दौरान वसुंधरा क्षेत्र में संविधान जागरूकता रैली निकाली। गरीबों की मदद के लिए गेट नंबर दो के पास कानूनी सहायता शिविर लगाया। इसके बाद विवेकानंद सभागार में आयोजित संविधान दिवस समारोह में इलाहाबाद हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश सुरेन्द्र कुमार ने विद्यार्थियों को कठिन परिश्रम कर श्रेष्ठ वकील बनने की नसीहत दी। अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि हम महिलाओं के अधिकारों की बात तो करते हैं लेकिन यह भूल जाते हैं कि हमारे घर में पिता, पति और बेटा भी रहते हैं। उनके अधिकारों की बात कौन करेगा। हमें समाज में बराबरी के हक पर चर्चा करनी चाहिये। उनके मूलभूत अधिकारों और दायित्वों के प्रति गंभीरता बरतनी चाहिए। उन्होंने आर्टिकल 19, 21, 32, 226, 136 और 227 के कानूनी



प्रावधानों के अलावा केश्वानंद भारती केस की जानकारी भी विद्यार्थियों को दी। मेवाड़ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉ. अशोक कुमार गदिया ने कहा कि मेवाड़ इंस्टीट्यूशंस बच्चों को करोड़पति व अरबपति बनने के लिए वकील नहीं बना रहा, बल्कि बच्चे वकील बनकर गरीब तबके के लोगों को न्याय दिलाएं, मेवाड़ का यही एक मिशन और विजन है। देश में आज भी लोगों को सुरक्षा व न्याय देना सबसे बड़ी चुनौती है। अदालतों में लाखों रुपये देकर न्याय हासिल किये जा रहे हैं, ऐसे में किसी गरीब को कैसे न्याय मिल सकता है। उसके पास तो वकील की फीस देने तक को पैसे नहीं होते। देश की अदालतों में आज दो करोड़ से अधिक मुकदमे लंबित पड़े हैं। लोगों को न्याय मिलने की आस टूट रही है। जजों के पास मुकदमों को सुनने व उनपर फैसला करने का लोड दिन प्रतिदिन बढ़ने लगा है। ऐसे में देश को सही दिशा देना व उसका विकास करने की सोचना बहुत बड़ी चुनौती है।

समारोह में कानून की पढ़ाई कर रहे यशोवर्द्धन त्यागी, सिदरा असलम, अक्षत मोगा, रिया आदि ने विभिन्न विषयों पर सम्भाषण देकर सबका मन मोहा। विद्यार्थियों ने जलती मोंमबत्ती हाथों में लेकर कानून के पालन की शपथ ली। चेयरमैन डॉ. गदिया एवं निदेशक डॉ. अलका अग्रवाल ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न व शॉल भेंटकर सम्मानित किया। अंत में डॉ. अलका अग्रवाल ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि मेवाड़ लॉ इंस्टीट्यूशंस के विद्यार्थी समय-समय पर मुफ्त कानूनी सहायता शिविर का आयोजन करते हैं। जिसके तहत गरीब तबके के लोगों को न्याय दिलाने की मुहिम चलायी जा रही है। इस बार आयोजित शिविर में एक दर्जन लोगों ने अपनी समस्याओं पर आकर हमारे विधि विशेषज्ञों से सलाह-मशविरा किया। संचालन प्रियांजलि एंथोनी ने किया। इस अवसर पर मेवाड़ लॉ इंस्टीट्यूट का शिक्षण स्टाफ व विद्यार्थी मौजूद थे।

# रायबरेली में ट्रक बस की भिड़ंत दस घायल

रायबरेली। उत्तर प्रदेश मे रायबरेली जिले के सिविल लाइंस इलाके में बुधवार को रोडवेज बस और सरिया लदी ट्रक में जोरदार भिड़ंत होने से 10 मुसाफिर गंभीर रूप से घायल हो गए जिसमे तीन की हालत नाजुक है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि आज सुबह करीब 6 बजे शहर के सिविल लाइंस चौराहे पर रोडवेज की अनुबंधित बस और सरिया लदी ट्रक में जोरदार भिड़ंत हो गयी जिसमें 10 यात्री घायल हो गए। घायलों में तीन की हालत गंभीर बताई गई है। जिला अस्पताल के डॉक्टर सन्तोष सिंह के अनुसार कुल 10 लोग घायल अवस्था मे आये थे जिसमें दो लोग उपचार लेकर चले गए थे। कुल आठ लोग भर्ती हुए है। घटना में कुछ लोगो की हड्डियों में फ्रैक्चर हुआ है और कुछ के पेट मे गंभीर चोट पहुंची है। तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए है।

# प्रदीप पांडेय चिंटू एक प्रशिक्षित फाइटर की तरह एक्शन कर रहे हैं : फाइट मास्टर एस मल्लेश

उत्तरप्रदेश के बनारस में इनदिनों फ़िल्म फिदा की शूटिंग जोर शोर से जारी है । बनारस के नवीन मंडी पहड़िया में फ़िल्म का फाइट सीन शूट हुआ । यहाँ के स्थानीय मेयर ने आज क्लैप शॉट के साथ शूटिंग की शुरुआत कराई । मेयर अशोक तिवारी ने बताया कि बनारस जैसे जगह पर फिल्मों की बहुतायत मात्रा में शूटिंग से यहां रोजगार के मौके बढ़े हैं और यहां के युवाओं में फिल्मों के प्रति सकारात्मक क्रेज बढ़ा है । प्रदीप पांडेय चिंटू द्वारा फाइट सीन की शूटिंग देखकर फ़िल्म के फाइट मास्टर एस मल्लेश ने कहा कि इसी तरह के युवाओं के द्वारा सकारात्मक फिल्मों के करने से युवाओं में कुछ नया कर गुजरने का जोश पनपता है । भोजपुरी फ़िल्म इंडस्ट्री में चिंटू जिस गति से आगे बढ़ रहे हैं उससे आजकल के युवाओं को सीखना चाहिए । मल्लेश ने कहा कि उन्होंने दक्षिण भारत से लेकर



हिंदी फिल्म जगत में कई बड़े बड़े अभिनेताओं से एक्शन कराया है , लेकिन इस मामले में युवा प्रदीप पांडेय चिंटू की लर्निंग पावर बहुत जबरदस्त है । चिंटू फाइट के हर सीक्वेंस को बेहद आसानी से समझ जा रहे हैं । हमें इनके साथ काम करके बहुत ही मजा आ रहा है ।

एस मल्लेश एक बहुत ही बड़े स्तर के एक्शन मास्टर हैं । उन्होंने हिंदी से लेकर दक्षिण भारत की कई बड़ी फिल्मों में अपने एक्शन से लोहा मनवाया है । उन्होंने बताया कि फिदा एक रोमकॉम फ़िल्म के साथ साथ एक्शन से भी लबरेज है । इस फ़िल्म में प्रदीप पांडेय चिंटू एक त्रिकोणीय प्रेम सम्बन्ध में पड़े हैं जो कि फाइट का कारण बनता है । आजकल फ़िल्म फिदा के एक्शन सीक्वेंस की शूटिंग ही बनारस में चल रही है ।

रवि इंटरप्राइजेज के बैनर तले बन रही फिल्म फिदा के निर्माता हैं जनक शाह व निर्देशन कर रहे हैं दिनकर कपूर । फ़िल्म फिदा का लेखन किया है वीरू ठाकुर ने , वहीं संगीत निर्देशन किया हैं राजकुमार पांडेय व गुणवंत सेन ने ।

# शार्ट न्यूज

## जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा दो बच्चों को कराया गया बाल भिक्षा वृत्ति से मुक्त : गायत्री दुबे



सोनभद्र । जिला बाल संरक्षण अधिकारी के निर्देशन में संरक्षण इकाई टीम ने दिया मूर्तरूप बाल भिक्षा वृत्ति रोकथाम के अगले सोपान पर। राबर्टसगंज अन्तर्गत विशेष अभियान में उरमौरा ढाबा से दस व ग्यारह वर्ष के भिक्षा वृत्ति कर रहे दो बालको को मुक्त कराते हुए बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया और समिति के आदेश अनुक्रम में दोनो बच्चों को बाल गृह बालक उरमौरा राबर्टसगंज में आवासित करवा दिया गया। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अखिल नारायण देव पाण्डेय ने बताया कि बाल भिक्षा वृत्ति कुप्रथा को समाप्त करने के उद्देश्य से निरन्तर अभियान चलाया जा रहा है और बाल भिक्षा वृत्ति से मुक्त कराये गये बच्चों को मुख्य मन्त्री बाल सेवा योजन सामान्य से नियमानुसार लाभान्वित कराया जा रहा है। अभियान मे जिला बाल संरक्षण इकाई से संरक्षण अधिकारी रोमी पाठक, गायत्री दुबे, सामाजिक कार्यकर्ता आकांक्षा उपाध्याय, वीणा राव ओ0 आर0 डब्ल्यू0 शेषमणि दुबे सम्मिलित रहे।

## 'मिशन शक्ति' व यातायात माह को आलोकित करती निकली रैली ,सीओ ने दिए संदेश




सोनभद्र । क्षेत्राधिकारी घोरावल के नेतृत्व में ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल में बच्चों को उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान मिशन शक्ति एवं यातायात माह के दौरान यातायात नियमों का परिपालन करने के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान स्कूल के बच्चों द्वारा रैली निकाल कर भी जन जागरूकता के इस निमित्त सम्यक आवश्यक सन्देश प्रचारित भी किये गए। इसके प्रतीकात्मक संदेश के स्वरूप रैली में हेलमेट भी धारण किये गए जिससे गमनागमन करते लोगों द्वारा दूर तक संदेशों का सूत्रपात हो। मुहिम में बच्चों को गुड टच व बैड टच के बारे में भी बताया गया तथा संकल्प दिलाया गया कि घबराना नहीं है, शर्माना नहीं है, डरना नहीं है, बल्कि चुप्पी तोड़नी है व गलत के विरुद्ध बोलना है तथा यदि उनके साथ कोई कुछ अनुचित या ग़लत कार्य - बर्ताव करने की कोशिश करता है तो परिजनों व अध्यापकों को अवगत कराना है।

## चकमार्ग से अवैध अतिक्रमण हटवाने की मांग

**रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत**

बलरामपुर। जनपद के थाना रेहरा बाजार अंतर्गत ग्राम पंचायत किरतापुर के मजरे अहिरन डीह निवासी जैसराज यादव पुत्र राममिलन यादव ने आरोप लगाया है। कि गाटा संख्या 232 पिच रोड से जंगल की तरफ़ जाने वाला चकमार्ग है व गाटा संख्या 227 तिवारी गाँव होते हुए मंदिर जाने वाला रास्ता है। उक्त दोनों रास्तों पर गाँव के ही वंशराज ने अतिक्रमण करके पक्का निर्माण कर लिया है। जिससे दोनों रास्ते संकरा हो गया है ग्रामीणों को आने जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उक्त दोनों रास्तों पर अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध कई बार राजस्व विभाग से शिकायत की गई लेकिन अतिक्रमण कारी ने राजस्व कर्मियों से सांठ गाँठ कर पक्का निर्माण कर लिया है। जैसराज यादव ने उपजिलाधिकारी उतरौला से दोनों चकमार्ग का सीमांकन राजस्व विभाग के आला अधिकारियों से करवाकर अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है।

## आस्था, विज्ञान और मानवीय पुरुषार्थ से बची सिलक्यारा टनल के 41 श्रमिकों की जिंदगी



नई दिल्ली। अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महामंत्री शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने उत्तरकाशी के सिलक्यारा टनल में 17दिनों से फंसे 41श्रमिकों के रेस्क्यू ऑपरेशन की सफलता के पीछे आस्था, विज्ञान और मानवीय पुरुषार्थ के संयुक्त समन्वय की भूमिका अहम रही है। वत्स ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी स्थिति पर पैनी नजर रखे हुए थे। राहत और बचाव के लिए लिए सभी विकल्पों पर काम किया गया। बाबा बौखनाग के आशीर्वाद से सभी श्रमिक सकुशल टनल से बाहर आ सके। रेट माइनर्स की टीमों ने जो असाधारण पुरुषार्थ दिखाया है वह काबिले तारीफ है। वत्स ने कहा कि इस रेस्क्यू ऑपरेशन को अंजाम तक पहुंचाने में दिल्ली जल बोर्ड की रैट माइनर्स टीम ने भी अहम भूमिका निभाई है जिसका सभी दिल्ली वासियों को गर्व हे ।उत्तराखंड के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री जनरल वी.के सिंह की उपस्थिति से भी इस कठिनतम रेस्क्यू ऑपरेशन को सफलता मिल सकी। वत्स ने कहा कि इस हादसे से सबक लेते हुए भविष्य की टनल परियोजनाओं के निर्माण में अतिरिक्त सावधानी बरती जानी चाहिए। इस रेस्क्यू ऑपरेशन में लगे तमाम लोगों के जज्बे को पूरा देश सलाम करता है। वत्स ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी से मांग की है इस रेस्क्यू ऑपरेशन में लगे सभी लोगों का सार्वजनिक रुप से सम्मानित किया जाए। वत्स ने नेशनल मीडिया की भूमिका की भी सराहना करते हुए कहा कि उनकी वजह से ही भारत के 140करोड लोग पल पल की जानकारी पाते रहे।